आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 30 | उज्जैन, शनिवार 14 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।

### टी-20 वर्ल्डकप में उलटफेर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**कोलंबो।** टी-20 वर्ल्ड कप में पहला उलटफेर देखने को मिला है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन के अंतर से हराया। टीम ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्डकप में हराया है। उसने 19 साल पहले 2007 में भी ऑस्ट्रेलियन को लीग राउंड में हराया था। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.3 ओवर के बाद 146 रन पर ऑलआउट हो गई। ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैट रेनशॉ की फिफ्टी, डेविड-ग्रीन जीरो पर आउट टारगेट चेज कर रहे मैट रेनशॉ (65 रन) ने फिफ्टी लगाई। ग्लेन मैक्सवेल ने 31 रन बनाए।

### रणवीर सिंह-रोहित शेट्टी को फिर मिली धमकी



**लॉरेंस गैंग ने जिम्मेदारी ली, कहा- तुम्हारे परिवार के बारे में सारी जानकारी, संभल जाओ**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को एक बार फिर धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के नाम से यह धमकी दी गई है। इससे पहले रोहित शेट्टी के घर पर हुई पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद 10 फरवरी को रणवीर सिंह को पहली धमकी मिली थी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को लेकर दोनों को दोबारा धमकाया गया है। कथित धमकी संदेश में रणवीर सिंह का नाम लेते हुए कहा गया कि उन्होंने ही रोहित शेट्टी को शिकायत करने की सलाह दी थी। मैसेज में दोनों के मैनेजरों और परिवार की गतिविधियों की जानकारी होने का दावा करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। धमकी में कहा गया है- अब तुम्हें दिखाएंगे कि हमारी ताकत के आगे तुम्हारी सात पुश्तें भी कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगी। तुम्हारे सभी मैनेजर कहां रहते हैं, कब आते-जाते हैं और परिवार कहां रहता है सब पता है। संभल जाओ, वरना एक-एक मैनेजर को निशाना बनाना शुरू करेंगे। हालांकि, लॉरेंस बिश्नोई गैंग और हैरी बॉक्सर की ओर से कथित तौर पर जारी इस ऑडियो मैसेज को लेकर मुंबई पुलिस सतर्क रुख अपनाए हुए है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह ऑडियो मैसेज सबसे पहले मीडिया के माध्यम से सामने आया है और पुलिस तक भी इसी जरिए पहुंचा। यह ऑडियो वास्तव में किसी गैंग से जुड़े व्यक्ति का है या नहीं, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही की जा सकेगी। इसके साथ ही पुर्तगाल में भारतीय लोगों के पासपोर्ट जब्त करने के मामले में हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का भी दावा किया गया है। मुंबई में 31 जनवरी की देर रात फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर पांच राउंड की फायरिंग हुई थी।

### शराब समझ पी लिया तरल फ्यूल तीन महिलाओं समेत 4 की मौत

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के गंगापुर कस्बे में एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। शादी समारोह में साफ-सफाई का काम करने गए 4 लोगों ने कथित रूप से शराब समझकर खाना गर्म करने वाला तरल फ्यूल पी लिया, जिससे 3 महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गंगापुर थाना क्षेत्र के आलोली गांव में 9 और 10 फरवरी को एक शादी समारोह आयोजित हुआ था। मृतक बर्तन साफ करने का ठेका लेकर समारोह में गए थे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बाद वे खाना गर्म करने में इस्तेमाल होने वाला तरल फ्यूल अपने साथ घर ले आए। गुरुवार देर रात उन्होंने उक्त तरल पदार्थ को शराब समझकर पी लिया।

### सेंसेक्स 1,048 अंक गिरकर 82,627 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 13 फरवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक नीचे 82,627 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 336 अंक की गिरावट रही, ये 25,471 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी-50 के 45 शेयरों में बिकवाली रही। आज मेटल, आईटी और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। अमेरिका में अकसे जुड़ी चिंताएं बढ़ गई हैं। लोग डर रहे हैं कि नए अकटूल्स पारंपरिक आईटी सर्विसेज के बिजनेस को प्रभावित कर सकती हैं। इस वजह से अमेरिका में अकस्टॉक्स में बिकवाली दिखी। अमेरिकी बाजार में गिरावट का असर भारत के आईटी सेक्टर पर भी है, क्योंकि ये कंपनियां वर क्लाइंट्स से सबसे ज्यादा कमाती हैं। आईटी शेयरों के गिरने से पूरा बाजार दबाव में हे।

श्योपुर, अशोक नगर के बाद इंदौर के व्यवसायी को अत्याधुनिक तरीके से धमकाया


# माफिया लारेंस विश्नोई गैंग ने मध्यप्रदेश में पैर पसारे ?

## एक से 10 करोड़ एवं दूसरे से 5 करोड़ की जबरिया वसूली के लिए दी धमकी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

माफिया लारेंस विश्नोई गैंग अब मध्यप्रदेश में भी पैर पसारने लगा है। हाल ही में पिछले तीन दिनों में प्रदेश के अशोक नगर एवं इंदौर के एक-एक व्यापारी को अत्याधुनिक तरीके से लारेंस गैंग के नाम से जबरिया वसूली के लिए धमकाया गया है। अशोक नगर के व्यापारी से 10 करोड़ एवं इंदौर के व्यापारी से 5 करोड की मांग की गई है। पुलिस इन मामलों में जांच कर रही है, अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि लारेंस गैंग ने ही यह धमकी दी है।

देश के पंजाब, राजस्थान सहित कुछ अन्य प्रदेशों में आतंक का पर्याय बना लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर मध्यप्रदेश में भी धमकाकर जबरिया वसूली के मामलों की शुरूआत हो गई है। गुरूवार को इंदौर के किशनगंज क्षेत्र के अस्पताल संचालक को धमकाया गया है। इससे एक दिन पूर्व अशोक नगर के व्यवसायी को धमकाया गया था। इससे पूर्व श्योपुर के रोजगार सहायक को कथित बिश्नोई गैंग की धमकी मिली थी जिसमें 25 लाख की फिरौती मांगी गई थी।



प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी महोदय,
जिला- अशोकनगर ।


विषय :-प्रार्थी को व्हाट्सएप नम्बर +1(302)946-9500, +1(646)516-3122, +1(812)382-0075 से धमकी देने एवं 10 करोड़ रुपये की मांग करने न देने पर 2 दिवस के अंदर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में।

महोदय,
उपरोक्त विषय के संबंध में लेख है कि फरियादी अंकित अग्रवाल पुत्र श्री विनोद अग्रवाल निवासी स्टेशन रोड अशोकनगर मध्यप्रदेश किसी अज्ञात अपराधियों द्वारा अपने whatsapp accout no +1(302)946-9500, +1(646)516-3122, +1(812)382-0075 द्वारा दिनांक 11/02/2026 को मेरे whatsapp accout no +919993936999 पर अपने आपको विश्नोई गैंग का सदस्य हरि बॉक्सर बता कर मेरे परिवार एवं व्यवसाय के संबंध में संपूर्ण जानकारी देकर मुझसे 10 करोड़ रुपये की माँग कर रहा है, न देने पर 2 दिवस में जान से मारने की धमकी दे रहा है

अतएव निवेदन है कि उक्त व्हाट्सएप नम्बरों की जानकारी प्राप्त कर वैधानिक कार्यवाही करवाने की कृपा करें ।

11/02/26

प्रार्थी
अंकित अग्रवाल पुत्र श्री विनोद अग्रवाल
स्टेशन रोड जिला अशोकनगर



### बिल्डर से 10 करोड़ की मांग

अशोकनगर जिले में प्रतिष्ठित व्यवसाई को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिली है जिसकी शिकायत का आवेदन उद्योगपति द्वारा कोतवाली में दिया गया है। व्यवसायी को लॉरेंस गैंग से धमकी भरा मैसेज मिला है, जिसमें उनसे 10 करोड़ रुपए के फिरौती की मांग की गई है। उस मैसेज में साफ तौर पर यही लिखा है, कि यदि यह रुपए नहीं दोगे-तो जान से मारे जाओगे। साथ ही उसमें व्यवसाई को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि "किसी भी गलतफहमी को मत पालना अन्यथा अंजाम बुरा होगा। इसके बाद से व्यावसाई का डर के मारे बुरा हाल है। इस पूरे मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से कोतवाली में की गई है। मामले में पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। खास बात यह है कि धमकी हरि बाक्सर के नाम से दी गई है और व्हाटसऐप का अत्याधुनिक तरीका इस्तेमाल किया गया है। व्यापारी प्रतिष्ठित हैं। वॉइस मैसेज के माध्यम से हरि बॉक्सर द्वारा 10 करोड़ की फिरौती मांगने की बात सामने आई है। हरि बॉक्सर लॉरेंस गैंग का व्यक्ति बताया जा रहा है। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए साइबर सेल के माध्यम से छानबीन करने की बात कही है। साइबर सेल के माध्यम से यह स्पष्ट हो जाएगा कि यह वॉइस कॉल लॉरेंस गैंग की तरफ से आया है या किसी फर्जी व्यक्ति ने 10 करोड़ की फिरौती की मांग की है। इस पूरे मामले की जांच में अशोकनगर पुलिस जुट चुकी है। व्यापारी ने कोतवाली में आवेदन देकर बताया कि 11 फरवरी को मेरे व्हाट्सएप नंबर पर हरि बॉक्सर द्वारा परिवार एवं व्यवसाय के संबंध में पूरी जानकारी देकर मुझसे 10 करोड़ रुपए की मांग की और यह रुपए दो दिन में नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। व्यापारी ने बताया कि उसने अपने आप को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य होना बताया है।

**5 करोड़ के लिए धमकाया-** लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर इंदौर के किशनगंज क्षेत्र के एक बड़े अस्पताल संचालक को पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की धमकी दी गई है। धमकी भरा फोन सीधे अस्पताल संचालक के बेटे को किया गया, जिसके बाद परिवार और अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कॉल करने वाले ने खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया और साफ शब्दों में पांच करोड़ रुपये की मांग की। रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई है। धमकी मिलते ही पीड़ित परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं, तकनीकी टीम एक्टिव कर दी गई है और संदिग्ध नंबर की ट्रेसिंग की जा रही है। इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। अस्पताल और परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कॉल वाकई किसी संगठित गैंग से जुड़ा है या फिर किसी ने गैंग के नाम का इस्तेमाल कर दहशत फैलाने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। इस मामले में अभी साफ नहीं किया गया है कि धमकी लारेंस गैंग ने ही दी है या फिर किसी ने उसके नाम का उपयोग किया है।

**पहले इंदौर में पकड़ाए थे 3 गुर्गे-** लारेंस से जुड़े जग्गु भगवानपुरिया गैंग के तीन गुर्गे वर्ष 2024 में इंदौर के लसुडिया थाना में पकड़े गए थे। चुनावी सर्चिंग के दौरान ये हाथ लगे थे और बड़वानी के सिकलीगर से हथियार लेकर लौटते समय शराब ट्रक को हाईजैक की फिराक में धरे गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 पिस्टल के साथ 6 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम भूपेंद्र सिंह, आदेश चौधरी और दीपक सिंह रावत बताया। उसमें मुख्य आरोपी भूपेंद्र रावत बिहार का इनामी बदमाश निकला जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा है। वहीं, अन्य दो आरोपियों पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज निकले थे। आदेश चौधरी चोरी की गाड़ियों का सप्लायर था। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंग के ये सदस्य सामान्य रूप से ही यहां रहे थे। इंदौर में इन्होंने अच्छी खासी रैकी की थी। ये गैंग वार एवं पुलिस एनकाउंटर से डर कर पंजाब से भागे हुए थे।

शहडोल में 12वीं के छात्र की पिटाई पर कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा-कलेक्टरों को बनाया लठैत

## कलेक्टर होते तो हम भी लाठी मारते : विधायक

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ शहडोल**

शहडोल में 12वीं के छात्र को हिरासत में लेकर जेल भेजने के मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में नेताओं ने प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला।

पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने मंच से कहा, अगर आज कलेक्टर यहां होते, तो हम भी लाठी मारते। वहीं बिछिया विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कलेक्टरों को लठैत बना दिया गया है।



8 फरवरी को सीएम डॉ. मोहन यादव धनपुरी में कार्यक्रम के लिए शहडोल पहुंचे थे। गोपालपुर तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाने की कोशिश की। हंगामे के बाद पुलिस ने करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया। इसी दौरान 17 साल 8 महीने का एक छात्र भी पकड़ा गया। आरोप है कि मौके पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने लाठी लेकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा।

### 2028 में हिसाब होगा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अगुवाई में जयस्तंभ चौक से रैली निकली। आंबेडकर चौक पर माल्यार्पण के बाद सभा हुई और फिर कलेक्ट्रेट तक मार्च कर ज्ञापन सौंपा गया। नेताओं ने कहा कि 2028 में सत्ता परिवर्तन होने पर चुन-चुन कर हिसाब लिया जाएगा। रैली के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

मोदी ने नए प्रधानमंत्री ऑफिस सेवा तीर्थ का उद्घाटन किया

## डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इससे पहले पीएम ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया।

इसमें अब प्रधानमंत्री कार्यालय, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय काम करेंगे। पीएमओ आज से रायसीना हिल स्थित साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो जाएगा।

उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने नए कॉम्प्लेक्स में लगी सेवा तीर्थ की पट्टिका का अनावरण किया। परिसर की दीवार पर देवनागरी लिपि में ह्यसेवा तीर्थ लिखा है। इसके नीचे नागरिक देवो भव (नागरिक भगवान के समान हैं) का मंत्र भी लिखा गया है। यह ब्रिटिश काल की सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग में आखिरी कैबिनेट बैठक होगी। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से, मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

विदिशा में बड़ा हादसा

## बारातियों की कार तालाब में गिरी, 3 की मौत, सात घायल



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ विदिशा**

विदिशा में गुरुवार देर रात बारातियों से भरी तेज रफ्तार टवेरा कार सूखे तालाब में जा गिरी। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक गैरतगंज से जाफरखेड़ी निवासी दशरथ सिंह के यहां बारात आ रही थी। टवेरा कार में कुल 10 लोग सवार थे। गाड़ी तेज रफ्तार में थी। अंधेरा होने के कारण ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया। कार सड़क से सीधे 30 फीट गहरे सूखे तालाब में जा गिरी। 45 वर्षीय भावसिंह लोधी और 10 वर्षीय ऋतुराज लोधी और एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीनों को प्राथमिक इलाज के बाद विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। देर रात तीनों की हालत बिगड़ गई।

ईडी ने आदिम जाति कल्याण विभाग के

## पूर्व उपायुक्त की 11.81 करोड़ की संपत्तियां अटैच की

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के भोपाल जोनल ऑफिस ने जबलपुर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक जगदीश प्रसाद सरवटे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत उनकी 11.81 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा जबलपुर द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले के आधार पर की गई है। जांच में सामने आया कि सरवटे ने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया और उसे मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से अचल संपत्तियों में निवेश किया। ईओडब्ल्यू की शुरूआती छापेमारी में पता चला था कि सरवटे ने करोड़ों की काली कमाई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में खपाई थी। इसमें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित मराठा रिसॉर्ट और मंडला रोड पर जायका रेस्टोरेंट



शामिल हैं। इसके अलावा, जबलपुर के अधारताल स्थित उनके पैतृक आवास से बाघ की खाल और भारी मात्रा में महंगी शराब भी बरामद हुई थी, जिसके बाद उनकी मां सावित्री सरवटे पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। ईडी की जांच के अनुसार, आरोपी ने मध्य प्रदेश के भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में संपत्तियां बना रखी थीं। इन संपत्तियों में आवासीय मकान, कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड और रेस्टोरेंट शामिल हैं।

## कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में 7 लोगों की मौत

**एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु**

कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले के होसकोटे तालुक के सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की दुखद मौत हो गई। यह दुर्घटना होस्कोटे-डाबास्पेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई और इसमें एक कैंटर ट्रक, एक मोटरसाइकिल और एक एक्सयूवी कार शामिल थी।

पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कोलार से देवनहल्ली की ओर जा रही कार पहले अपने आगे चल रही एक बाइक से टकरा गई। बताया जाता है कि चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार एक कैंटर ट्रक से जा टकराई, जिसके परिणामस्वरूप एक घातक सिलसिलेवार दुर्घटना हुई। कार में सवार 6 लोगों और बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी छह मृतक बेंगलुरु के कोथनूर के निवासी थे।




जज को मिला ईमेल : वाराणसी-अयोध्या समेत यूपी की

## कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी ▶▶ वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में शुक्रवार 13 फरवरी की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया, जब जिला जज को एक खौफनाक ईमेल प्राप्त हुआ। इस ईमेल में वाराणसी कचहरी, इलाहाबाद हाई कोर्ट और अयोध्या समेत प्रदेश के कई अन्य जनपदों के न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की खुली धमकी दी गई। धमकी देने वाले ने प्रशासन को चुनौती देते हुए दोपहर 1 बजे का समय निर्धारित किया है और कहा है कि सिलसिलेवार 18 धमाके किए जाएंगे। इस सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए।

धमकी मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। आनन-फानन में वाराणसी कचहरी परिसर को खाली कराने की प्रक्रिया



शुरू कर दी गई। सुरक्षा को देखते हुए कचहरी के साथ-साथ कलक्ट्रेट के सभी कार्यालय और रजिस्ट्री दफ्तर भी खाली कराए जा रहे हैं। इसी गहमागहमी के बीच परिसर में एक लावारिस अटैची मिलने से सनसनी और बढ़ गई। बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) मौके पर पहुंचा और अटैची की जांच में जुटा हुआ है। उधर, ईमेल में अयोध्या कचहरी का भी जिक्र होने के कारण वहां भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। अयोध्या में भी कचहरी परिसर खाली कराकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### तमिलनाडु कनेक्शन और मीडिया पर गंभीर आरोप

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह धमकी भरा ईमेल तमिलनाडु के रहने वाले सुनिया डासन नामक व्यक्ति की आईडी से भेजा गया है। ईमेल में सिर्फ बम धमाकों की ही बात नहीं है, बल्कि इसमें तमिलनाडु सरकार और मीडिया के बीच कथित गठजोड़ को लेकर बेहद चौंकाने वाले और गंभीर दावे किए गए हैं। मेल भेजने वाले ने लिखा है कि तमिलनाडु सरकार 2021 तक मीडिया को खत्म करना चाहती थी और इसके लिए बड़े पत्रकारों (जर्नलिस्टों) को अपने पक्ष में करने के लिए हायर किया गया है। ईमेल में मीडिया मैनेजमेंट को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई है।

## महाकाल श्रृंगार



शिव नवरात्रि पर शुक्रवार को भगवान महाकाल का उमा महेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया।

### लावारिस हालत में पड़े यातायात प्रीपेड बूथों का हो रहा गलत उपयोग

# एक बूथ बना कटिंग की दुकान और दूसरा पेशाबघर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए कई जगह यातायात विभाग द्वारा प्रीपेड बूथ रखे गए हैं और इनमें यातायात जवानों की तैनाती की गई है। लेकिन कई जगह लावारिस हालत में पड़े प्रीपेड बूथ का गलत इस्तेमाल हो रहा है। देवास गेट क्षेत्र में रखे यातायात के बूथ में कटिंग की दुकान का संचालन हो रहा है तो वहीं माधव नगर रेलवे स्टेशन परिसर में रखा प्री-पेड बूथ पेशाब घर बन गया है। यहां रखे बूथ का उपयोग बाथरूम के रूप में किया जा रहा है। लोगों ने इसके अंदर पेशाब कर इसे पूरा गंदा कर दिया है। लेकिन उसके बाद भी इस और किसी का ध्यान नहीं है।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जिन क्षेत्रों में यातायात का अधिक दबाव रहता है उन क्षेत्रों में यातायात प्रीपेड बूथ स्थापित किए गए थे और कई जगह यातायात प्रीपेड बूथ रखे गए हैं। इन बूथ में यातायात पुलिस के जवान तैनात किए गए थे ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे। लेकिन कई जगह रखें यातायात बूथ लावारिस हालत में पड़े हैं जिनका लोग गलत इस्तेमाल कर रहे हैं कुछ बूथ का उपयोग दुकान के रूप में किया जा रहा है। देवास गेट क्षेत्र में रखे यातायात बूथ पर कटिंग की दुकान का संचालन हो रहा है तो वही माधव नगर रेलवे स्टेशन के बाहर रखे प्रीपेड बूथ पेशाब घर बन गए हैं लोग इसके अंदर पेशाब कर रहे हैं और आसपास गंदगी फैली हुई है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत कई निर्माण कार्य शहर में किया जा रहे हैं तथा शहर को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। लेकिन अनदेखी की वजह से शहर की सुंदरता उजड़ रही है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई जगह सिग्नल लगाए गए हैं वहीं प्री-पेड बूथ रखे गए हैं लेकिन अनदेखी की वजह से इनका गलत उपयोग हो रहा है।

### यातायात जवानों की खल रही कमी

इस बारे में विभाग के कुछ लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की कमी की वजह से यह स्थिति बनी हुई है। कई जगह लगाए गए बूथ पर अभी भी ताले लगे हुए हैं। यातायात जवानों की संख्या कम होने की वजह से कई बूथ लावारिस हालत में पड़े हैं। पिछले कई समय से यातायात विभाग में जवानों का टोटा है। शहर का क्षेत्रफल बढ़ गया है। वही महाकाल लोक बनने के बाद शहर के सभी मार्गों पर यातायात का अधिक दबाव रहता है ऐसे में यातायात जवानों की कमी की वजह से शहर की यातायात व्यवस्था नहीं सुधार पा रही है।

## हादसे के बाद भी नहीं आई गंभीरता...

हमारी आदत है कि हम सांप निकलने के बाद लाठी पीटते हैं। वो भी मसानिया संकल्प के साथ। वक्त के साथ संकल्प गायब हो जाता है। नीमच के पास मधुमक्खियों के हादसे में कंचनबाई बच्चों को बचाने में शहीद हो गई । इस हादसे ने यह तय किया था कि आंगनवाडी,प्राथमिक एवं अन्य विद्यालय भवनों के पास वृक्षों पर मधुमक्खियों के छत्ते खतरे की घंटी बजा रहे हैं। इनसे कभी भी हादसा होना संभावित है। इस घटना से भी हमने सबक नहीं लिया है।

खुसूर फुसूर

अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाडी,प्राथमिक,माध्यमिक के साथ अनेक ऐसे स्थलों के आसपास वृक्षों पर मधुमक्खियों के बडे झ्रबडे छत्ते लटक रहे हैं। गर्मी के दिनों में छत्तों में गर्माहट के चलते ये टपकते हैं और गिरते हैं ऐसे में इनसे मधुमक्खियां भी जमकर उडती है। पुराने समय में तो गर्मी के दो झ्रतीन माह बच्चों की छुट्टी होती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। पूरे अप्रेल माह में स्कूल लगेंगे। मात्र मई–आधा जून छुटियां रहेगी। इसे जानते एवं देखते हुए भी न तो इस मामले में जिम्मेदार विभागीय के जिला, संभागीय एवं प्रदेश स्तरीय अधिकारी ही तत्काल ही इस मामले में सुरक्षात्मक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। मात्र नीमच ही नहीं आसपास के जिलों में भी अनेक स्थानों पर ऐसे हाल अब भी कायम हैं। इसे लेकर ग्रामीणजनों एवं पालकों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। खुसूर–फुसूर है कि हादसों में आमजन को प्रभावित होना पडता है। उनका परि–वार इससे प्रभावित होता है और उन्हें असमय ही कई ऐसे दु:खों से जुझना पडता है जो संभवत: उनके लिए नहीं थे। कई छोटे मोटे हादसे तो मात्र कर्मचारियों,अधिकारियों की नजरअंदाजी एवं लापरवाही से ही हो रहे हैं। इस व्यवस्था में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब तक सांप निकल जाने के बाद लाठी पिटने की मानसिकता को त्यागा नहीं जाएगा।

## ट्रैंडिंग




### व्यापक एवं कडी सुरक्षा के साथ प्रशासनिक व्यवस्था की गई, 40 मिनट में दर्शन की तैयारी, रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना तय की,10 लाख श्रद्धालुओं का आगमन संभावित

# महाशिवरात्रि के लिए उज्जैन तैयार, श्रद्धालुओं का इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर के मंदिर में शिवनवरात्रि का पर्व बडी ही धूमधाम एवं विधिविधान के साथ मनाया जा रहा है।अष्टम दिवस शुक्रवार को मंदिर में संध्या आरती से पूर्व भगवान को आकर्षक एवं मनमोहक उमा महेश स्वरूप में श्रृंगारित किया गया। महाशिवरात्रि पर करीब 10 लाख श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है। सुरक्षा से लेकर मंदिर व्यवस्था एवं प्रशासन को श्रद्धालुओं के आगमन का इंतजार है। इस दौरान 40 मिनिट में दर्शन की व्यवस्था की गई है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिवनवरात्रि पर्व का उत्साह देखते ही बन रहा है। मंदिर की आकर्षक विद्युत सजावट देखते ही बन रही है। इसके साथ ही भगवान के श्रृंगार को देखकर श्रृद्धालु मोहित हुए बगैर नहीं रह पा रहे हैं। मंदिर में गूंज रहे शिव मंत्रों से भक्त अभिभूत हो रहे हैं। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यापक व्यवस्था को अंजाम दिया है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। मंदिर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से जल्द दर्शन हो इस बार इस तरह की योजना पर काम किया जा रहा है।

### दो दिन में 10 लाख आएंगे

मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार वैसे तो महाशिवनवरात्रि के पूरे उत्सव समय में करीब 25-35 लाख श्रद्धालुओं के भगवान के दर्शनों के लिए आगमन की स्थिति रहेगी,लेकिन महाशिवरात्रि के दो दिन 15-16 फरवरी को 10 लाख श्रद्धालुओं के आगमन के मान से हमने व्यवस्थाओं को जुटाया है और पुख्ता किया है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सहजता से भगवान का दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभूतियों के दर्शन की स्मृतियों को सहेजें।

### 40 मिनिट में दर्शन

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के जारी विडियों बयान में उन्होंने बताया है कि महाशिवरात्रि पर आने वाले श्रद्धालू के लिए व्यापक पार्किंग एवं डायवर्शन प्लान बनाया गया है। इसे सोश्यल मिडिया पर साझा किया गया है। शहर में बडे-बडे फ्लेक्स ,बोर्ड लगाए गए हैं। कर्कराज एवं कार्तिक मेला ग्राउंड पर पार्किंग कर श्रद्धालू दर्शन के लिए दिशा निर्देश अनुसार पहुंचें। हमने 40 मिनिट से कम में दर्शन की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 200 सीसी टीवी कैमरा,5 ड्रोन कैमरा एवं 150 महिला पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। श्रद्धालू आए और सुगमता के साथ भगवान के दर्शन करें।

### श्री उमामहेश स्वरूप में दर्शन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे शिवनवरात्रि महोत्सव के दौरान अष्टम दिवस शुक्रवार फाल्गुन कृष्ण एकादशी के शुभ दिन सांध्य पूजन के पश्चात भगवान श्री महाकालेश्वर एवं माँ भगवती पार्वती ने सभी भक्तों को श्री उमा-महेश स्वरूप में दर्शन दिए । इस दौरान दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री महाकालेश्वर भगवान के श्री उमामहेश स्वरुप के दर्शन कर मंदिर का सम्पूर्ण प्रांगण जय श्री महाकाल के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। इससे पूर्व प्रातः श्री महाकालेश्वर मंदिर के नेवैद्य कक्ष में भगवान श्री चन्द्रमौलीश्वर का पूजन किया गया । कोटितीर्थ कुण्ड के पास स्थापित श्री कोटेश्वर महादेव के पूजन के पश्चात मुख्य पुजारी पं. घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों द्वारा श्री महाकालेश्वर भगवान का अभिषेक एकादश-एकादशनी रूद्रपाठ से किया गया ।संध्या पूजन के पश्चात बाबा श्री महाकालेश्वर व उमा माता जी को नए वस्त्र धारण करवाये गये, साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर के श्री उमामहेश स्वरूप का श्रृंगार कर बाबा को मुकुट, मुण्ड माला एवं फलों की माला धारण करायी गयी।



### कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचेगे। श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा को श्री महाकालेश्वर मंदिर, पार्किंग स्थल, भीड़ प्रबंधन व यातायात की संपूर्ण व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा को श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाहरी क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, फायरब्रिगेड की व्यवस्था, उज्जैन विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी को अस्थाई जूता स्टैंड संचालन व्यवस्था, वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी को श्री महाकालेश्वर मंदिर व बाह्य परिक्षेत्र, पार्किंग क्षेत्र में बंदरों की रोकथाम, मधुमक्खी के छत्ते हटाने की कार्यवाही करने, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष मालवीय को परिवहन व्यवस्था, डिविजनल कमाण्डेन्ट होमगार्ड आर.के.पाठक को रामघाट ,नृसिंह घाट, पैदल पुल पर पर्याप्त संख्या में तैराकों, लाइफ जेकेट, मोटर बोट की व्यवस्था के साथ मंदिर परिक्षेत्र में नगर सैनिकों की व्यवस्था करने, एसडीएम लक्ष्मीनारायण गर्ग, एसडीएम कोठी महल श्री पवन बारिया, एसडीएम कृतिका भीमावद को शांति एवं कानून व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी व समस्त विभागों से आवश्यक व्यवस्था के लिए समन्वय करने, एसडीएम घट्टिया राजाराम करजरे को दर्शन व्यवस्था का समन्वय करने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल को श्री महाकालेश्वर मंदिर के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था, पेरामेडिकल स्टॉफ, औषधि एवं आपातकालीन तैयारियों की व्यवस्था करने के लिए ड्यूटी निर्धारित की है।

### उज्जैन-भोपाल के मध्य तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अंतर्गत उज्जैन एवं सीहोर क्षेत्र में महाशिवरात्रि के अवसर पर रेलवे स्टेशनों पर आने वाली अतिरिक्त यात्री भीड़ को समायोजित करने हेतु उज्जैन-भोपाल के मध्य तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 13 फरवरी से स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है।

1. गाड़ी संख्या 09305/09306 उज्जैनझ्रसंत हिरदाराम नगरझ्रउज्जैन मेला स्पेशल गाड़ी संख्या 09305 उज्जैनझ्रसंत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल शुक्रवार 13 फरवरी से 22 फरवरी, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 09.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 13.30 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09306 संत हिरदाराम नगरझ्रउज्जैन मेला स्पेशल दिनांक 13 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 14.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 19.30 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल एवं सीहोर स्टेशनों पर ठहरेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09307/09308 उज्जैनझ्रभोपालझ्र उज्जैन मेला स्पेशल गाड़ी संख्या 09307 उज्जैनझ्र भोपाल मेला स्पेशल दिनांक 13 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 21.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.10 बजे भोपाल पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09308 भोपालझ्रउज्जैन मेला स्पेशल दिनांक 14 फरवरी, 2026 से 23 फरवरी, 2026 तक भोपाल से प्रतिदिन 03.10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 08.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहरेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09313/09314 उज्जैनझ्रसंत हिरदाराम नगरझ्रउज्जैन मेला स्पेशलगाड़ी संख्या 09313 उज्जैनझ्रसंत हिरदाराम नगर मेला स्पेशल दिनांक 13 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी, 2026 तक उज्जैन से प्रतिदिन 16.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 21.40 बजे संत हिरदाराम नगर पहुँचेगी। सी प्रकार, गाड़ी संख्या 09314 संत हिरदाराम नगरझ्रउज्जैन मेला स्पेशल दिनांक 13 फरवरी, 2026 से 22 फरवरी, 2026 तक संत हिरदाराम नगर से प्रतिदिन 22.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.00 बजे उज्जैन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तराना रोड, मक्सी, बेरछा, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, एवं सीहोर स्टेशनों पर रुकेगी। इन मेला स्पेशल ट्रेनों में सामान्य एवं स्लीपर श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे।

**करीब 2 हजार कर्मचारी संभालेंगे सुरक्षा:** मंदिर में दर्शन से लेकर यातायात व्यवस्था तक के लिए शहर में शनिवार से ही पुलिस की तैनाती की जाने वाली है। सामने आ रहा है कि इसमें करीब 2 हजार पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी व्यवस्था संभालने के लिए लगाए जाएंगे। करीब 250 पुलिस कर्मचारी यातायात की व्यवस्था के लिए ही लगाए जाना सामने आ रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 1200 से अधिक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे है।




# उपहार की दरकार नहीं रखता प्रेम का पर्व वेलेंटाइन डे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

(पं राहुल शुक्ल)



पूरे विश्व मे चौदह फरवरी वेलेंटाइन डे के रूप मे मनाया जाता है। प्रेम वैसे तो किसी प्रकार के उपहार या ग्रीटिंग कार्ड की दरकार नही रखता ये तो एक अन्तरर्निहित भाव है जो ह्रदय को झंकृत करता है। एक प्यार करनेवाले के शरीर मे प्रेम के हार्मोंस जब स्त्रावित होते हैं तो किसी विशेष व्यक्ति या प्राणी मात्र के लिए प्रेम की तरंगे उत्पन्न होकर उसके प्रति अगाध स्नेह का मोहपाश पैदा कर देती है। इस मोहपाश मे जब दो आत्माएं बंध जाती हैं तो आतंरिक अनुभूति को सिर्फ महसूस ही किया जा सकता है उसको शब्दों मे बयां नही किया जा सकता। ये एक आंतरिक प्रफुल्लता व संतोष की अनुभूति कराता है। पूरी दुनिया को भूलकर दो प्रेमी अपने आपसी संबंधो की प्यारभरी दुनिया मे रम जाते हैं तो उनको कितनी खुशी मिलती है ये सिर्फ प्रेमी ही जानते हैं। प्रेम की पहली सीढ़ी है आकर्षण। ये आकर्षण रूप - रंग, पद या बौद्धिक कुछ भी हो सकता है ।दो लोगों के विचार मिलने पर भी प्रेम उत्पन्न हो जाता है। पवित्र प्रेम भौतिक वस्तुओ से सर्वदा अलग होता है। ये व्यक्ति को आत्मिक आनंद देता है जिसे अंग्रेजी मे प्लेजर कहा गया है। प्रेम समर्पण व त्याग मांगता है। स्वार्थी व्यक्ति कभी प्रेम कर ही नही सकता। प्यार मे बहुत समर्पण चाहिए। अपने साथी की इच्छा या आवश्यकता को महत्व देकर बहुत से त्याग करने पडते हैं। दो लोगो की आदत, गुण, पसंद अलग अलग हो सकती हैं फिर भी उनमे प्रेम हो जाता है क्योंकि उनमे समझौतावादी भावना होती है और एक दूसरे के सम्मान के भाव होते हैं। दूसरे की पसंद को सम्मान देनेवाला ही प्रेम के बीज के द्वारा एक विशाल वृक्ष का सृजन करता है। अहं या इगो प्रेमी लोगो की दुनिया मे नही होते। किसी की भावना का ध्यान न रख कर उसे दबा देने से प्रेम कभी हो नही सकता। प्रेम के सागर का आवश्यक तत्व विश्वास भी है। प्रेम करनेवालो के संसार मे अविश्वास नामक कोई चीज नही होती है। दो प्यार करनेवालो के बीच की मजबूत डोर विश्वास ही है। प्रेमी आंख मूंदकर एक दूसरे पर विश्वास करते हैं। प्रेम की मंजिल विवाह ही नही होती । विवाह न होने पर भी त्याग को सर्वोपरी रखकर प्रेमी अपने प्रियतम की खुशहाली की ही कामना करता है। प्रेम करनेवाले एकदूसरे का समय जरूर चाहते हैं। समय न देने की दशा मे अलगाव व विलग होने की प्रत्याशा बढ जाती है। आज के दौर मे जब व्यस्त दिनचर्या के चलते लोगो के पास समय की कमी है तो परिणाम भी सुखद नही आ पा रहे हैं। प्रेम के आवरण के नीचे खोखले रिश्ते ज्यादा समय टिक नही पा रहे हैं और रिश्ते दरक कर अलगाव करा रहे हैं। प्रेमी कभी भी धन, वैभव या विलासिता की दुनिया नहीं चाहते। दो प्यार करनेवाले सिर्फ कीमती समय, सम्मान, समर्पण व सहानुभूति चाहते हैं। इस दिन हम अपने प्रेमी को भरपूर प्यार दें और उसके साथ सम्मान का व्यवहार रखें। यदि समर्पण व त्याग रखा गया तो प्रेम का विस्तार होगा जो सभी तरफ से सकारात्मक तरंगो का सूत्रपात करेगा जिससे जीवन आनंददायी और सुखद बना रहेगा। प्यार ईश्वर का सर्वोत्तम उपहार है जिसका आनंद रसपान करने का सभी को अधिकार है पर इसके लिए हमे होना पडेगा समझौतावादी, उदार , सदाशयी, विनम्र ,त्यागी, संयमी व धैर्यवान। ईश्वर के इस सर्वश्रेष्ठ उपहार को पाने के लिए हमारे अंदर इतनी शुचिता व पवित्रता होगी तभी तो ये प्रेमरूपी उपहार हमे परमपिता देगा।

### वसंत पंचमी हमारा सनातनी वैलेंटाइन डे

सनातन संस्कृति मे प्रेम को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। सनातन धर्म मे बकायदा प्रेम के देवता हैं मदन, जिन्हे कामदेव कहा गया है। कामदेव व रति का प्रेम प्रसिद्ध है। जब प्रकृति पूरे शबाब पर होती है तब कामदेव पृथ्वी पर प्रेम का तीर संधान करके छोडते हैं और पृथ्वी पर प्रेम का उद्भव पूरे जोर शोर से हो उठता है। मान्यतानुसार वसंत ऋतु मे प्रकृति अपने यौवन पर होती है तब वसंत पंचमी के दिन कामदेव की पूजा विधि-विधान से की जाती है इसलिए वसंत पंचमी को मदनोत्सव भी कहा गया है। अतः वसंत पंचमी सनातन धर्म का अतिप्राचीन वैलेंटाइन डे ही है। देश व काल की भिन्नता हो सकती है पर प्रेम का पावन पर्व सभी स्थानो पर मनाने की परंपरा सदैव रही है। शिव व उमा का प्रेम तो अटल व शाश्वत है जो सदैव प्रेम मे रत रहने की प्रेरणा देता है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 14 फरवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 6.78 लाख वोटरों के रिकॉर्ड सुधार का काम अंतिम चरण में

**इंदौर।** एसआईआर (मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण) का काम जिले में अंतिम चरण में है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने 6,78,745 मतदाताओं के लिए नोटिस जारी किए थे। सूची में इनके नाम नहीं थे, गलती थी या मौके पर नहीं मिले थे। इनमें से 6,76,143 (99.62 प्रतिशत) की सुनवाई पूरी हो चुकी है। सिर्फ 2602 (0.38 प्रतिशत) की सुनवाई होना बाकी है। ईआरओ-एईआरओ स्तर पर पेंडेंसी 27,917 (1.15 प्रतिशत) है। इस तरह फाइनल मतदाता सूची का काम 98.82% पूरा हो चुका है। ड्रॉफ्ट और पब्लिक मतदाता में अंतर- 28741 है। फाइनल सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को होगा। वहीं जिन मतदाता के नाम हट गए या रोके गए हैं, वे फॉर्म-6 के जरिए फाइनल सूची के बाद भी नाम जुड़वा सकते हैं। विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की बात करें तो सबसे ज्यादा पेंडेंसी इंदौर-5 में है। यहां ईआरओ, एईआरओ के स्तर पर 14213 की पेंडेंसी है, वहीं देपालपुर, महू, सांवेर में 100 प्रतिशत सुनवाई हो चुकी है।

### रालामंडल फ्लायओवर पर काम जारी, वाहन चालक हुए परेशान

**इंदौर।** जल्दबाजी में शुरू किए गए बायपास स्थित रालामंडल फ्लायओवर पर केसिंग खोलने के काम के चलते गुरुवार को दिनभर ट्रैफिक बंद-चालू होता रहा। इससे वाहन चालक परेशान होते रहे। दरअसल, सड़क पर कांक्रीट कार्य के चलते बुधवार रात तेजाजी नगर की ओर जाने वाली लेन को बंद किया गया था, जिसे दिन में फिर से शुरू कर दिया था। इसके बाद शाम तक ट्रैफिक बंद-चालू करने का दौर चलता रहा।

उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार को एनएचएआई ने पिछले 3 साल से बन रहे फ्लायओवर की एक लेन ट्रैफिक के लिए खोल दी, लेकिन यहां बहुत सारा काम शेष है। कई जगह सरिये खुले पड़े हैं। एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि एक ही तरफ का ट्रैफिक बंद-चालू किया जा रहा है। दूसरी लेन का काम जब तक पूरा नहीं हो जाता, तब तक यहां हम ट्रैफिक शुरू नहीं करेंगे। इसमें एक हफ्ते से अधिक समय भी लग सकता है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि लोड टेस्टिंग के लिए भी एजेंसी का चयन कर लिया है। अगले हफ्ते में लोड टेस्टिंग भी पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक जब दोनों लेन का ब्रिज के ऊपर से शुरू होगा तब फ्लाईओवर के नीचे ड्रेन और अंडरपास वाली सड़क पर काम शुरू किया जाएगा।

## सुसनेर नगर परिषद: ठेला एवं ई-रिक्शा खरीदी घोटाला

# तत्कालीन अध्यक्ष सहित सीएमओ पर प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वर्ष 2023 में आगर झमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद में 5 नग ई-रिक्शा व ठेला खरीदी में हुए घोटाले के मामले में ईओडब्ल्यू ने तत्कालीन अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सिसोदिया,सीएमओ जगदीश भैरवे एवं अन्य को आरोपी बनाया है। इस प्रकार प्रथम दृष्टया आरोपीगण के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने पर अपराध अन्तर्गत धारा 409,120-बी भा.द.वि. एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 की धारा 13 (1) (ए) एवं 13 (2) पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना जारी है।

ईओडब्ल्यू ईकाई उज्जैन एसपी समर वर्मा के अनुसार नगर परिषद सुसनेर जिला आगर-मालवा में बाजार मूल्यों अधिक कीमत पर ई-रिक्शा खरीदी में 16 लाख रुपएं से अधिक की अनियमितता व भ्रष्टाचार करने पर अपराध तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ एवं




अन्य पर पंजीबद्ध किया गया है। खरीदी में 1 नग ई-रिक्शा की कीमत 4,81,200/- रुपएं दशार्यी गई जो कि जॉच के दौरान बाजार मूल्य से 3,24,057/- रुपएं अधिक पायी गई। कुल 5 नग ई- रिक्शा खरीदी में 16,20,285/- रुपएं अधिक भुगतान करना पाया गया। वर्ष 2022 में 44 नग हाथ कचरा गाडी, राशि रुपएं 3,57, 138/- में क्रय करने संबधी निविदा प्रक्रिया में अनियमितता व लेखा नियमों का उल्लघंन करना पाया गया। सत्यापन मे पाया गया कि वर्ष 2023 में नगर परिषद सुसनेर के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी व नगर परिषद अध्यक्ष व अन्य के द्वारा अपने पद का दूरूपयोग कर आपस में एकमत होकर बाजार मूल्यों से अधिक कीमत पर ई रिक्शा क्रय किये गये व दो पहिया हाथ कचरा गाडी खरीदी में अनियमितता व भ्रष्टाचार कर निकाय/शासन को आर्थिक क्षति कारित किया जाना प्रमाणित पाया जाने से आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## नशे के खिलाफ इंदौर की बड़ी पहल

# कलेक्टर की देखरेख में कसेंगे अब शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा ने नशे के खिलाफ एक बड़ी पहल की है। उन्होंने एक टीम का गठन किया है जो ड्रग्स पर पूर्ण नियंत्रण के लिए काम करेगी। इस टीम में आबकारी विभाग, आयुष विभाग, नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी शामिल हैं। कलेक्टर ने ड्रग्स व्यवसाय से संबंधित इकाईयों के गहन निरीक्षण के लिए आदेश दिए हैं। युवा वर्ग में ड्रग्स की बुराई को रोकने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी।

आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई है जो नशे के खिलाफ अवेयरनेस कार्यक्रम चलाएगी और ड्रग्स के अनलीगल सेंटरों पर कार्रवाई करेगी। कलेक्टर ने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई सभी को मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं। इन्दौर आबकारी अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत ड्रग्स के अनलीगल सेंटरों पर कार्रवाई की जाएगी और नशे के खिलाफ अवेयरनेस कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराई से बचाना है।नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे स्कूलों और कॉलेजों में नशे के खिलाफजागरूकता कार्यक्रम समुदायों में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ड्रग्स के अनलीगल सेंटरों पर कार्रवाई नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया का उपयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में सभी का सहयोग आवश्यक कलेक्टर ने कहा कि नशे के खिलाफ यह लड़ाई सभी को मिलकर लड़नी होगी।

## सिंगर प्रीतम देंगे प्रस्तुति, तैयारियां भव्य स्तर पर जारी

# महाशिवरात्रि से होगा विक्रमोत्सव का श्री गणेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विक्रमोत्सव का शुभारंभ 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा। प्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम अपने बैंड के साथ शिवोहम की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। पूरे समारोह के दौरान 41 से अधिक गतिविधियां होंगी जो अद्भुत होंगी। इनमें 4 हजार से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसकी तैयारियां भव्य स्तर पर जारी हैं। यह जानकारी महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक एवं मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि पारिवारिक कारणों के चलते सिंगर सोनू निगम इस बार विक्रमोत्सव में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनकी जगह विक्रम उत्सव के समापन (19 मार्च) गुड़ी पड़वा पर गायक विशाल मिश्रा अपने बैंड के साथ शिप्रा तट पर प्रस्तुति देंगे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की कालापरक और सांस्कृतिक आराधना के अंतर्गत प्रदेश के 60 से अधिक प्रमुख शिव मंदिरों में मेलों का आयोजन किया जा रहा है।



**देश का सबसे बड़ा सम्मान होगा सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान-** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ ने ऐसे युग निमार्ता गणनायक की स्मृति को सुरक्षित रखने तथा उनके शौर्य, औदार्य, न्यायप्रियता तथा धर्म एवं प्रजावत्सल गुणों को समाज में पुनःस्थापित करने की दृष्टि से राशि रुपये एक करोड़ एक लाख का अंतरराष्ट्रीय सम्मान स्थापित किया गया है। यह देश का सबसे बड़ा सम्मान होने जा रहा है। इसके अलावा सम्राट विक्रमादित्य के नाम से 21 लाख रुपये का एक राष्ट्रीय सम्मान एवं 5-5 लाख रुपये राशि के तीन राज्य स्तरीय सम्मान स्थापित किए हैं।

### पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, जनजातीय विषयों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां

विक्रमोत्सव अंतर्गत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ परिसर एवं कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, जनजातीय विषयों पर 7 विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या, आर्ष भारत, महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्र, चक्रव्यूह, पताकाएं, शंख, 84 महादेव, जनजातीय देवलोक, श्रीकृष्ण प्रभात एवं रागमाला प्रमुख है। इन प्रदर्शनियों को महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा तैयार किया गया है।

### विक्रम नाट्य समारोह में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की प्रस्तुतियों का मंचन

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी नाट्य प्रस्तुतियों पर केन्द्रित दस दिवसीय इस विक्रम नाट्य समारोह में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा तैयार किया गया। प्रस्तुतियों में जटायुवधम, चारूदत्तम, भरतवाक्य, जाति जीवनम, अभिज्ञान शाकुन्तलम और चतुभार्णी शामिल है। इसके साथ ही अंधायुग, भूमि सूर्य वीरगाथा, आदि-अनंत, अभंग नाद, सौगंधिकाहरणं का भी मंचन होगा।

**25 से 28 फरवरी में होगा पुतुल समारोह-** भारत की विभिन्न पुतुल (कठपुतली) शैलियों पर आधारित पुतुल समारोह में 6 विभिन्न शैलियों में कठपुतलियों के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य, भीम और बकासुर, आठवां, द आर्चर स्टूड अलोन, दुर्योधन वधम् व पद्मगाथा की प्रस्तुतियां होंगी।

### भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन

1 मार्च को लोकरंजन के अंतर्गत जनजातीय भाषा एवं बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें देश भर के विभिन्न बोलियों एवं भाषा के लगभग नौ कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति अखिल भारतीय कवयित्री सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें देश-प्रदेश की नौ महिला कवयित्रियों का कविता पाठ होगा। इसके साथ ही 14 मार्च को देशभर के 10 सुप्रसिद्ध एवं जाने-माने कवियों का कविता पाठ होगा। जिसका संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश दिग्गज करेंगे।

पौराणिक फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय महोत्सव 13 से 17 मार्च 2026 तक उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है। इसमें 25 से देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही समारोह में अंग्रेजी, फ्रेंच, हिबरू, रसियन, स्पेनिश, अइसलेन्दीक, इटेलियन, डच, मंगोलियन, फिजियन, इन्डोनेशियन, अफरीकन, नाइजिरियन, सिंहली, ग्रीक, भाषाओं की 25 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन होगा। इस फिल्म समारोह में महाभारत पर केन्द्रित फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## 80+ दुकानें बिना लाइसेंस, नगर निगम की लिखित स्वीकारोक्ति से हड़कंप

# आरटीआई से उजागर हुआ सराफा चौपाटी का काला सच

### 69 की अनुमति का दावा, जमीनी हकीकत 80 से ज्यादा दुकानें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शहर की पहचान बन चुकी सराफा चौपाटी में कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ने का बड़ा खुलासा हुआ है। संवाद क्रांति आंदोलन मध्यप्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट पंकज प्रजापति द्वारा सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी में सामने आया है कि रात में संचालित किसी भी दुकान के पास न तो ट्रेड लाइसेंस है और न ही फूड लाइसेंस। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इंदौर नगर निगम ने इस तथ्य को अपने लिखित जवाब में स्वीकार किया है।




नगर निगम ने पहले दावा किया था कि सराफा चौपाटी में केवल 69 पारंपरिक दुकानों को अनुमति दी गई है, लेकिन फ्ळक से यह साफ हो गया, कि दुकानों की संख्या 80 से अधिक हो चुकी है। इसके बावजूद नाइट मार्केट प्रशासन की मौन स्वीकृति से संचालित हो रहा है। यह स्थिति नगर निगम की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है।

### तीखे सवाल

**1.बिना लाइसेंस दुकानें किसके संरक्षण में चल रही हैं? 2.नियम सिर्फ कागजों में क्यों? 3.हादसा होने पर जिम्मेदार कौन?**

### स्थानीय रहवासियों और आरटीआई में उजागर तथ्यों के अनुसार

दुकानों में अब भी गैस सिलेंडर और खुले बर्नर लगे हैं। संकरी गलियों में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस तक नहीं पहुंच सकती। पहले भी आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। अत्यधिक भीड़ से किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है परंपरा की आड़ में स्वास्थ्य से खिलवाड़

**रहवासियों का आरोप है कि:** सराफा की सांस्कृतिक पहचान को खत्म किया जा रहा है। परंपरा के नाम पर नाइट्रोजन गैस से बना पान, पिज्जा व फास्ट फूड बेचे जा रहे हैं। यह सीधे तौर पर जन-स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर किसानों की सहभागिता से बनेगा नया औद्योगिक भविष्य

### 21 किमी लंबा आठ लेन का कॉरिडोर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर और पीथमपुर के बीच का यह 21 किलोमीटर लंबा आठ लेन का कॉरिडोर अब सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला गेम चेंजर बनने जा रहा है।

करीब 2360 करोड़ रुपए की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) ने के संचालक मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंजूरी दे दी है।

यह कॉरिडोर इंदौर से शुरू होकर पीथमपुर के एबी रोड में जुड़ेगा, जिससे इंदौर एयरपोर्ट, शहर और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के बीच कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

यह परियोजना देश में अपनी तरह की पहली ऐसी योजना है, जहां किसानों की सहमति से बड़े पैमाने पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। कॉरिडोर के दोनों तरफ 3 से 5 किलोमीटर तक औद्योगिक जोन बनेगा। कुल 1290.74 हेक्टेयर (लगभग 3200 एकड़) भूमि का की विकास प्रस्तावित है, जिसमें से 60 प्रतिशत विकसितसे भूमि किसानों को वापस मिलेगी। किसान अपनी जमीन पर खुद उद्योग लगा सकेंगे या उसे अन्य उद्योगपतियों को बेच सकेंगे। यह लैंड पूलिंग एक्ट के तहत लागू नई नीति है, जहां सामान्यतः 50 प्रतिशत भूमि लौटाई जाती है, लेकिन यहां मुख्यमंत्री के निर्देश पर 60 प्रतिशत देने का प्रावधान किया गया है।

### 20 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

**इंदौर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अब तक 20 हजार 98 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। किसान 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय में पंजीयन अवश्य करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपए अधिक है।

## 10 डेसिबल से अधिक ध्वनि करने वाले लाउड स्पीकर पूर्णतः प्रतिबंधित किए

# मापदंड से अधिक ध्वनि में मुन्नी को बदनाम किया तो खैर नहीं

## नियम तोडते मिले तो 5 वर्ष की सजा या एक लाख रुपए जुमार्ना अथवा दोनों से दण्डित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

आप खुशी मनाने के हकदार हैं लेकिन दुसरों को कष्ट पहुंचाकर नहीं। बाजार में अगर अब निर्धारित ध्वनि मापदंड 10 डेसिबल से बाहर जाकर बैंड-बाजा एवं डीजे पर मुन्नी को बदनाम किया तो आपकी खैर नहीं है। निर्धारित ध्वनि मापदंड तोडने वाले को 5 वर्ष की सजा या एक लाख रुपए जुमार्ना अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। कलेक्टर ने इसके आदेश जारी किया है।



### ये बंधन अनिवार्य किए

कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष डी.जे. अथवा बैण्ड का संचालक, बैंड, डी.जे. / ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना अनुमति के नहीं करेगा। प्रत्येक को मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना आवश्यक होगा। किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम में यदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुबह 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक किया जाएगा। निर्धारित परिवेशीय ध्वनि मानक 10 डेसिबल से अधिक ध्वनि करने वाले लाउड स्पीकर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से जिले की राजस्व सीमा में ध्वनी विस्तारक यंत्र पर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के परीक्षा संचालित होने की जानकारी पर सशर्त प्रतिबंध 9 फरवरी से 2 माह के लिए लागू कर दिया गया है। विद्यार्थियों के अध्ययन में उत्पन्न होने वाली बाधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन जिले की राजस्य सीमा अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यत्र पर सशर्त प्रतिबंध लगाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 की धारा 163 (1) अतंर्गत यह निषेधाज्ञा लागू की गई है। वरिष्ठ अभिभाषक सोनल त्रिवेदी के अनुसार मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के तहत ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के लिए सजा का सख्त प्रावधान है। इसके अंतर्गत दोषी पाए जाने पर छह महीने तक की सजा, एक हजार जुमार्ना दोनों हो सकते हैं। यदि कोई दोबारा उल्लंघन करता है, तो उसे दो गुना दंड मिल सकता है।

### ये देंगे सशर्त अनुमति-

जिले में पदस्थ अनुविभागीय दण्डाधिकारी आवश्यक होने पर किसी पक्ष के आवेदन पर अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित नगर पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) से परामर्श कर आवश्यक प्रतिबंध /शर्तों सहित किसी कार्यक्रम एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत होंगे।

**उल्लंघन पर सजा का प्रावधान-** म.प्र.कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 मे दिये गये प्रावधान तथा प्रतिबंध आदेश का उल्लंघन करने पर म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अनुसार दण्डनीय अपराध माना जायेगा। इसके अंतर्गत छः माह का कारावास अथवा जुमार्ना जोकि 1000/- रुपए तक हो सकेगा या दोनो से दण्डित किया जावेगा। इसके अतिरिक्त ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियम 2000 के अंतर्गत अपराध पाया जाने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के अंतर्गत 5 वर्ष की सजा या एक लाख रुपए जुमार्ना अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत भी दण्डनीय अपराध होगा। यह आदेश 09 फरवरी से आगामी 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

## न्यूज-कॉलम



### बुरहानपुर में मुख्यमंत्री का होगा भव्य स्वागत, जिले को मिलेगी विकास सौंगातें

**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 14 फरवरी को बुरहानपुर आगमन को लेकर जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शहर एवं ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री के दौरे, रोड शो, कार्यक्रम एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रेणुका कृषि उपज मंडी स्थित हेलीपेड पर आगमन के पश्चात रेणुका मंदिर मार्ग से शिकारपुरा थाना क्षेत्र स्थित जीजा माता चौराहा से कार्यक्रम स्थल नेहरू स्टेडियम तक भव्य रोड शो करेंगे। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस प्रवास के दौरान बुरहानपुर जिले को सैकड़ों करोड़ों की सौगात मिलने जा रही है। इसमें बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 696.37 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी, जिसमें 344.22 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण तथा 362.15 करोड़ के नवीन कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

### शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा, महाप्रसादी का होगा वितरण

**आलीराजपुर।** आलीराजुपर से 12 किलोमीटर आगे,



सोमकुआ गौशाला के पास स्थित भगवान बाबा आलीश्वर महादेव में 15 फरवरी को शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। दोपहर 12 बजे महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए पंचेश्वर धाम समिति के अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ व मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि आलीराजपुर पंचेश्वर महादेव मन्दिर पर प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा। पंचेश्वर धाम समिति द्वारा मोरधन की खिचड़ी, कड़ी एवं खीरण एवं ठण्डाई की प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं को किया जायेगा। नगर की सभी धर्मप्रेमी जनता से निवेदन किया गया है कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में पंचेश्वर महादेव के दर्शन कर महाप्रसादी का लाभ लेवे एवं अपने जीवन को सफल बनावे।

### सुनील वाघे के नेतृत्व में दरियापुर की तृतीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी ऊजार्वान जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने के निर्देश पर अटल बिहारी वाजपेयी मंडल दरियापुर की तृतीय संगठनात्मक बैठक शक्ति केंद्र टीटगांव कला में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अंत्योदय के संकल्प को दोहराते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का दृढ़ निश्चय किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के अजीवन सहयोग निधि संग्रह अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रथम सहयोग राशि की रसीद आदरणीय योगेश पाटिल, श्रीमती अर्चना पाटिल जी से प्राप्त कर अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई।

### भारतीय कपास निगम द्वारा 27 फरवरी तक की जायेगी कपास की खरीदी

**बड़वानी ।** भारतीय कपास निगम लिमिटेड इन्दौर द्वारा जिले के समस्त कपास किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मण्डी समिति सेंधवा में कपास की खरीदी 27 फरवरी तक की जायेगी। अतः बड़वानी जिले के सभी किसान बंधु जो कपास किसान एप पर पंजीकृत है, वे शीघ्र ही ऐप के माध्यम से स्लाट बुक कर मण्डी प्रांगण सेंधवा में 27 फरवरी तक अपना कपास विक्रय कर सकते है।

### मिशन वात्सल्य के तहत सुभेद्यता मान चित्रण प्रक्रिया का जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**बड़वानी।** जिले में जोखिम परिस्थितियों (सामाजिक, आर्थिक, मनोसामाजिक और अन्य) में रहने वाले बच्चों/परिवारों की व्यवस्थित रूप से पहचान करने और उन्हें विभिन्न विभागों के तहत उचित सेवाओं और योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की 8 परियोजनान्तर्गत 64 सेक्टर में जोखिम परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की सुभेद्यता का मानचित्रण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी रतन सिंह गुन्डिया ने बताया की संचालनालय से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार बड़वानी जिले में भी वल्नरेविलिटी मेपिंग की जाना है ।

## लुट डकैती की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

### आरोपी राजेंद्र पूर्व में हसन कर्नाटक में भी चोरी कर चुका

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टाण्डा




पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार श्री मंयक अवस्थी* के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में फरार ईनामी बदमाशों की धर पक्कड संपति सबंधी अपराधो मे फरार आरोपीयो की तलाश हेतु निर्देश दिये गये थे दिनांक 12 फरवरी को थाना टांडा को मुखबीर द्वारा सुचना मिली कि जेतगढ घाटी कि कुछ बदमाश आने जाने वाले वाहनो की लुट पात कर डकैती की योजना बना रहे है कि सुचना पर थाना टांडा की दो अलग अलग टीम बनाकर चार से पांच बदमाश रोड किनारे झाडियों में छिपकर बैठे है व आपस में बात चीत कर कह रहे थे कि टाण्डा बाग रोड जेतगढघाटी से आने जाने वाले छोटे बड़े वाहनों पर पत्थर मार कर उन्हे रोक कर उनका सामान रुपयो पैसौ की लुट पाट करना है। बात चीत कर डैकैती की यौजना बना रहे है। बाद मूखबीर द्वारा बताये स्थान पहुँचकर घेराबंदी की गई जिसमे चार बदमाशो को पकडा (1) राजेन्द्र उर्फ राजेश पिता ईडु मिनावा उम्र 28 साल निवासी गुड्डा, (2) सीलिप पिता हिरला अलावा उम्र 29 साल निवासी खाडा फलिया नरवाली (3) बायसिंह पिता सुरसिंह मावी उम्र 31 साल निवासी उकाला व (4) रमेश उर्फ रमु पिता खुमसिंह मण्डलोई उम्र 45 साल निवासी आमलिया पानी ग्राम नाहवेल हाल मुकाम खाडा फलिया नरवाली व अन्य एक फरार हो गया उक्त बदमासो से पुछताछ करने पर घटना कारित करने का बताया व बदमाशो से हथियार जप्त किये गये है । उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में *थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व स्ढ रमेशचन्द नायक,⸝स्ढ योगेन्द्र मावी,⸝स्ढ रामसिह हटिला , सउनि रामदास सोलंकी ,प्रआर. 821 रामसिंह सस्तिया, प्रआर. 812 अर्जुन प्र.आर.786 किशन देवल, आर.723 सुनिल खराडे आरक्षक आर 1019 जितेन्द्र जामकर,1068 सुनिल पंवार, आरक्षक 1166 निलेश, आर.74 गोवर्धन कटारा एवं सैनिक 262 बहादुरसिंह की सराहनीय भुमिका रही है ।

## आज पालकी में संवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे सांईबाबा

**आलीराजपुर।** आज 14 फरवरी को स्थानीय दाहोद नाका स्थित



शिव साई ओंखा बाबा मन्दिर का 24वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसके चलते मन्दिर समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समिति सदस्यों ने बताया कि आज 14 फरवरी शनिवार को दोपहर 3 बजे महाआरती के साथ मन्दिर प्रांगण से साई पालकी यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें साईनाथ महाराज पालकी में संवार होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। पालकी यात्रा नगर के दाहोद नाका, रामदेव मन्दिर चौराहा, झण्डा चौक, बहारपुरा, पोस्ट ऑफिस से वाणी मोहल्ले होते हुए वापस मन्दिर पहुँचेगी। इसके बाद भगवान साईनाथ की महाआरती कर, प्रसादी का वितरण होगा। शाम ७ बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल भण्डारे का आयोजन मन्दिर प्रांगण में किया जायेगा। आयोजन के चलते पूरे मन्दिर प्रांगण पर विद्युत सज्जा की है। मन्दिर में फुल बंगला बनाया गया है। पूरे नगर में लोगों को निमंत्रण दिया गया है। साई मन्दिर के पूजारी कैलाशचन्द्र शर्मा ने बताया कि पालकी यात्रा में महिलाऍ एवं बालिकाऍ सिर पर कलश लेकर चलेंगी। इसके अलावा प्रसाद बांटता हुआ, साईबाबा की झांकी का रथ भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

## सांसद पाटिल ने मुख्यमंत्री को विकास से संबंधित एक विस्तृत विजन डाक्यूमेंट पत्र सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर बुरहानपुर जिले के समग्र और बहुआयामी विकास से संबंधित एक विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट (पत्र) सौंपा। इस अवसर पर सांसद ने जिले को आधारभूत संरचना, धार्मिक पर्यटन, कृषि शिक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने हेतु कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और आपके सशक्त मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश आज विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है।

हवाई पट्टी (एयर स्ट्रिप) का सर्वे हो गया हैं इसका निर्माण जल्द हो जिससे उद्योग, व्यापार और पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी तथा क्षेत्र राष्ट्रीय विकास धारा से जुड़ेगा। इच्छापुर स्थित इच्छादेवी मंदिर में रोपवे का निर्माण होने से श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ेगी और धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। मोहना संगम का महाकाल लोक की तर्ज पर विकास होता हैं तो बुरहानपुर धार्मिक पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर एक सशक्त पहचान बनाएगा।

श्रीराम झरोखा मंदिर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाता है तो बुरहानपुर की पौराणिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम होंगा। नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना बुरहानपुर जिले में हो जिससे किसान और युवा आधुनिक कृषि तकनीक एवं अनुसंधान से जुड़ सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए कई सड़को की स्वीकृति हेतु किया आग्रह।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाएं तेजी, लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता मे गुरुवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों और योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**बैठक में दिए गए एक महत्वपूर्ण निर्देश-**

फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के सम्बन्ध में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी खरीफ सीजन में कृषकों को ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन द्वारा उर्वरक वितरण किया जाना, जिसके अनुरूप कृषकों की फॉर्मर आईडी बनाये जाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाना है ताकि कृषकों को समय से खाद उपलब्ध हो सके। राजस्व एवं कृषि विभाग आपस में समन्वय कर विधिवत कार्य को पूर्ण करवाएं।

आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि समय-सीमा के भीतर लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो। स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित आरओआर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। रबी गिरदावरी के सम्बंध में कलेक्टर ने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि वे स्वयं खेतों का सर्वे कर वास्तविक डेटा पोर्टल पर अपडेट करें।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की निगरानी स्वयं करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम जनता से जुड़ा है, अतः जनहित के कार्यों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता सर्वोपरि होनी चाहिए।

## ग्राम बिजासन में अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

**बड़वानी।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बड़वानी श्री दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बड़वानी निरीक्षक श्री बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में अवैध रूप से जुआ एवं सट्टा खेलने-खिलाने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है,

इसी क्रम में दिनांक 12 फरवरी को थाना बड़वानी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नलती रोड बिजासन माता मंदिर पहाड़ी क्षेत्र में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर थाना बड़वानी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिजासन के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहां जुआरी पुलिस को देखकर पहाड़ी की झाड़ियों एवं गड्ढों का लाभ उठाकर भागने लगे, घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया तथा शेष व्यक्ति पहाड़ी एवं जंगल की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेकर मौके से फरार हो गए, पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ पर उसने अपना नाम वाल सिंह सोलंकीबताया, मौके से त्रिपाल पर 52 ताश के पत्ते, फड़ पर रखे 4 हजार रुपये नगद तथा आरोपी वाल सिंह के पास से 1200 रुपये नगद कुल 5200 रुपये एवं जुआ खेलने वालों की 4 मोटरसाइकिल जप्त की गई, आरोपीगण के विरुद्ध थाना बड़वानी में अपराध धारा 13 जुआ एक्ट एवं 49 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा धारा 112(2) बीएनएस के अंतर्गत भी कार्यवाही की जा रही है, बड़वानी एवं आसपास क्षेत्र में अवैध जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## टांडा में शावक की मौत के बाद फिर दिखा तेंदुआ

### अनाज मंडी के पास सड़क पर नजर आया; वन विभाग ने सर्चिंग टीम भेजी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा

क्षेत्र में बुधवार रात एक शावक की मौत के बाद अब उसी इलाके में दोबारा तेंदुआ देखा गया है। गुरुवार रात करीब 9.30 बजे अनाज मंडी के पास राहगीरों ने एक बड़े तेंदुए को सड़क पार करते देखा। तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में दहशत का माहौल है, जिसे देखते हुए वन विभाग ने सर्चिंग टीम तैनात कर दी है।

**राहगीरों ने बनाया वीडियो, सुनी गुर्राहट**

जानकारी के अनुसार, अनाज मंडी के पास से गुजर रहे राहगीरों को झाड़ियों में तेंदुए की गुर्राहट सुनाई दी। जब उन्होंने टॉर्च जलाकर देखा तो सड़क पर एक तेंदुआ विचरण कर रहा था। राहगीरों ने तुरंत उसका वीडियो बनाया और वन विभाग को सूचित किया। बता दें कि, एक दिन पहले इसी जगह पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 9 माह के मादा शावक की मौत हो गई थी।

**मादा तेंदुआ होने की आशंका"**

वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि जो तेंदुआ अब दिखाई दिया है, वह उसी शावक की मां (मादा तेंदुआ) हो सकती है। शावक की मौत के बाद वह अपने बच्चे की तलाश में दोबारा इसी स्थान पर पहुंची होगी।

रेंज अधिकारी एचएस कनूजे ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अनाज मंडी के आसपास सर्चिंग के लिए भेज दिया गया है। विभाग अब रोजाना इलाके में गश्त करेगा।

**हादसों का खतरा, सुरक्षा की मांग**

अधिकारियों के मुताबिक, यह रास्ता जंगल से सटा हुआ है और तेंदुए अक्सर सड़क पार कर एक से दूसरे जंगल की ओर जाते हैं। रात के समय वाहनों की तेज रफ्तार के कारण जंगली जानवरों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और राहगीरों ने मांग की है कि वन विभाग वन्यजीवों की सुरक्षा और सड़क हादसों को रोकने के लिए यहां संकेतक (साइन बोर्ड) लगाए और ठोस कदम उठाए जाए।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम -2026 आयोजित केवायसी पर विशेष फोकस

**बड़वानी ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वर्ष 2026 से आमजन के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए प्रत्येक वर्ष एक विशिष्ट थीम पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का आयोजन 9 से 13 फरवरी, 2026 तक किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता सप्ताह का इस वर्ष का थीम च्केवायसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है, जिसका उद्देश्य सुरक्षित एवं भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था के लिए केवायसी की अहमियत को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अभियान के अंतर्गत, ई-केवायसी को लेकर जन-जागरूकता को और मजबूत करने के लिए वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 के दौरान लोगों को केवायसी से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी दी जा रही हैं। इसी के अंतर्गत 12 फरवरी को शासकीय आईटीआई कॉलेज बड़वानी एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बड़वानी में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख प्रवक्ता के रूप में आरबीआई भोपाल से एलडीओ श्री विनय मोरे एवं जिला अग्रणी प्रबंधक बड़वानी श्री संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान आरबीआई एलडीओ श्री विनय मोरे द्वारा प्रतिभागियों को केवायसी अपडेट के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक से सतर्क रहने की सलाह दी गई, ताकि किसी भी प्रकार के वित्तीय नुकसान एवं तिंनक से बचा जा सके। एलडीएम श्री अग्रवाल द्वारा प्रतिभागियों को प्रलोभन में आकर मनी म्यूल बनने के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

## लंबे समय से फरार 3 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात अभियान के अंतर्गत लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर द्वारा दिए गए निदेर्शों के पालन में तथा श्री आयुष कुमार अलावा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) राजपुर के मार्गदर्शन में निरीक्षक सुरेन्द्र कनेश, थाना प्रभारी खेतिया के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर प्रभावी सूचना संकलन किया गया।प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 12 फरवरी को थाना खेतिया जिला बड़वानी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मलगांव में घेराबंदी कर आरसीटी भादवि के प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटीगण मोहन पिता गिरधन चौहान, जाति बारेला, निवासी निलीबावड़ी; रमेश उर्फ गुडा पिता डक्या, जाति बारेला, तथा सुभाष पिता रतन बारेला, निवासी निलीबावड़ी को गिरफ्तार किया।

## समाजसेवी राहुल कुमरावत के जन्म दिवस पर सुंदर कांड एवं श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

चोली रोड स्थित निवास पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब राहुल कुमरावत (भिंडा ) मित्र मंडली के द्वारा धार्मिक आयोजनों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के सदस्य समाजसेवी राहुल कुमरावत के जन्मदिवस के पावन अवसर पर भव्य सुंदरकांड पाठ एवं श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर के श्रद्धालुओ ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भजन गायक कलाकार शिवम कुशवाह ( खरगोन )एवं ओ.पी. पटेल ( धामनोद) ने म्यूजिक टीम योगेश जिराती (खरगोन) के मधुर संगीत के साथ श्री गणेश वंदना से किया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। तत्पश्चात विधिवत सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। सुंदरकांड के प्रत्येक प्रसंग पर श्रद्धालु भावविभोर होकर प्रभु श्रीराम एवं पवनपुत्र हनुमान की भक्ति में लीन दिखाई दिए।भजन संध्या में खाटू श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। च्हारे का सहारा बाबा श्याम हमाराज्ज जैसे लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक ऊर्जा का ऐसा सुंदर समन्वय देर रात तक बना रहा।इस पावन अवसर पर ग्राम धरगांव स्थित श्री श्याम सांवलिया धाम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहित गुरुजी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विधायक राजकुमार मेव,मनोज शर्मा ,रौनक सोनी,बसंत कुमरावत, उज्ज्वल शर्मा, गणेश मामा पाटीदार, दीपक तोमर, अनिरुद्ध हलवे ,रोहित कुमरावत,रक्षित वर्मा, युग तोमर, यश पाटीदार, दीपक पाटीदार, चंदन तोमर, आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उदारता एवं लगन के साथ शासकीय प्रायोजित योजनाओं में हितग्राहियों को ऋण प्रदान करें, ताकि वे स्वयं का व्यापार-व्यवसाय शुरू कर शासन की योजनाओं की सार्थकता सिद्ध कर सकें। उन्होंने कहा कि ऋण प्रकरणों के निराकरण में कोई समस्या हो तो विभागीय समन्वय अधिकारी से संपर्क करें।

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की वार्षिक साख योजना की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए संतोष व्यक्त किया और शेष लक्ष्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी ऋण, पीएम स्वनिधि, महिला स्वसहायता समूह ऋण, उद्यम क्रांति, पीएम विश्व कर्मा, पीएमएफएमई, पशुपालन ऋण से जुड़ी योजनाओं में बैंकों द्वारा वितरित ऋण की विस्तृत समीक्षा भी की।

संभाव्यतायुक्त ऋण योजना पुस्तिका 2026-27 का विमोचन बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, डीडीएम नाबार्ड, एलडीओ आरबीआई एवं एलडीएम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संभागायुक्त ऋण योजना योजना पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं एवं नीतियों पर भी चर्चा हुई।

बैठक मे संयुक्त कलेक्टर श्री सोहन कनाश, भारतीय रिजर्व बैंक से प्रबन्धक श्री विनय मोरे, डीडीएम नाबार्ड श्री नवीन श्रीवास्तव, महाप्रबंधक उद्योग विभाग श्री कैलाश माल, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संदीप कुमार अग्रवाल एवं बैंकों के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल के दूसरे परचे में खरसौदकलां केन्द्र पर नामांकित परीक्षार्थी में दो गैर हाजिर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरसौदकलां

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं का दूसरा परचा शुक्रवार को हुआ। खरसौदकलां केंद्र पर 169 नामांकित परीक्षार्थी में दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। जबकि मंगलवार को पहले अंग्रेजी परचे में भी दो परीक्षार्थी गैर हाजिर थे।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खरसौदकलां परीक्षा केंद्र पर दूसरे परचे में भौतिक एवं अर्थशास्त्र विषय के 169 विद्यार्थी नामांकित थे। जिसमें से दो परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे है। जबकि मंगलवार को पहले परचे में केंद्र पर 182 परीक्षार्थी नामांकित थे। पहले परचे में भी दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। परीक्षा के दौरान बीईओ राहुल विश्वकर्मा ने खरसोद कला पहुंचकर गोपनील तरीके से केंद्र का जायजा लिया। अधिकारी ने खरसोदकला पहुंचने से पहले रुनिजा एवं भाटपचलाना भी पहुंचे। अधिकारी ने बताया की वर्तमान में तहसील क्षेत्र के 10 परीक्षा केंद्रों पर 1452 परीक्षार्थी नामांकित है जिसमें से 1431 परीक्षार्थी गुरुवार को परीक्षा देने पहुंचे। अधिकारी के मुताबिक क्षेत्र खरसोदकला एवं भाटपचलाना केंद्र पर नामांकित विद्यार्थी में से दो-दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ।जबकि जहांगीरपुर में 195 से तीन और रुनिजा में 100 में से एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।

- दुल्हन वर्षा राठौड़ फेरे से पहले परीक्षा -देने पहुंची , तब तक दूल्हे राजा एवं बाराती ने किया इंतजार-

खरसौदकलां निवासी संतोष राठौड की बेटी वर्षा राठौड 12वीं कक्षा की विद्यार्थी है। जिसकी लग्न शादी 10 फरवरी तय हुई। उसी दिन पहला परचा अंग्रेजी का भी रहा। यहां तक की परीक्षा और फेरे का समय भी सेम रहा। परंतु वर्षा ने फेरे के बदले परीक्षा को प्राथमिकता देकर परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर पर्चा हल किया। जब-तक दुल्हन परीक्षा केंद्र से लोटी नहीं तब तक दूल्हे राजा को फेरे के लिए इंतजार करना पड़ा। मजेदार बात तो यह भी है की वर्षा का दूसरा परचा गुरुवार को रहा ।

## क्षेत्र में शिवालय पर धार्मिक कार्यक्रम का सिलसिला शुरू

**खरसौदकलां।** शिव महोत्सव पर क्षेत्र में शिवालय पर धार्मिक कार्यक्रम का सिलसिला शुरू हो चुका है। समीप चामलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महोत्सव को लेकर महारुद्राअभिषेक एवं पंचकुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ की बुधवार को गणेश पूजन के साथ की शुरूआत। चामला नदी किनारे महादेव मंदिर परिसर में चार दिनी धार्मिक आयोजन के सिलसिले में शिवालय पर उत्साह से भीड़ लगने लगी है। इस दौरान उज्जैन से पहुंचे आचार्य के जरिए महारुद्राभिषेक एवं पंच कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ भी होगा। रात में राजस्थान जिले में ब्यावर से श्री कृष्ण रामलीला मंडल ने शानदार प्रस्तुति दी।

# मजदूरी की आड़ में चुराई थी सोलर प्लांट की केबल

## फरार 3 आरोपी गिरफ्तार, ग्राहक बनकर पकड़ा था साथी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सोलर प्लांट में लगी कॉपर केबल चोरी मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के साथी को 13 दिन पहले पुलिस ने ग्राहक बनकर पकड़ा था। चारों ने प्लांट में मजदूरी के दौरान चोरी को अंजाम दिया था।

मकडोन थाना प्रभारी अरिजीत सिंह राजपूत ने बताया कि जनवरी माह में ग्राम कड़ोदिया पहाड़ी पर बने सोलर प्लांट की 1200 मीटर कॉपर केबल चोरी होने का मामला सामने आया था। कुछ दिनों की तलाश के बाद 1 फरवरी को पुलिस ने ग्राहक बनकर चोरी में शामिल एक आरोपी अमीन पिता फकीर मोहम्मद निवासी कड़ोदिया को गिरफ्तार कर लिया था।

उसने अपने तीन साथियों के साथ चोरी करना कबूल किया था। पुलिस ने रिमांड लेकर 49 हजार की केबल बरामद कर ली थी। उसके तीन साथी फरार चल रहे थे जिनकी तलाश जारी थी। शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई कि पैतीसा डेम क्षेत्र के पास फरार तीन आरोपी घूम रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई। घेराबंदी कर तीनों को पकडा गया। जिनके नाम बलवंत पिता केसरसिंह राजपूत 25 वर्ष, देवेन्द्र पिता विक्रमसिंह राजपूत और समीर पिता नबी खां 20 वर्ष, निवासी बागरी मोहल्ला कडोदिया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। चारों ने सोलर प्लांट से केवल चोरी करने के बाद पैतीसा डैम के समीप ही छुपाई थी।



### संधारण और मजदूरी का करते थे काम

थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी में शामिल चारों आरोपी पहाड़ी के ऊपर बने सोलर प्लांट में संधारण और मजदूरी का काम करते थे। उन्हें प्लांट की केबल के संबंध में पूरी जानकारी थी। जिसके चलते उन्होंने रात के अंधेरे में चोरी को अंजाम दिया था। रात के समय हुई चोरी और आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं होने पर पुलिस ने बदमाशों का सुराग लगाने के लिए मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया था, इसी आधार पर सूचना मिली थी कि कुछ युवक तांबे की केबल बेचने की फिराक में है। पुलिस ने 500 रुपये किलो में बिकने वाली कॉपर केबल का सौदा ग्राहक बनकर 700 रुपए में किया था और मामले का खुलासा कर दिया था।

खास न्यूज

## धारदार बक्का दिखाकर लोगों धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** दिनदहाड़े धारदार बक्का दिखाकर आने जाने वाले लोगों को बदमाश डरा धमका रहा था। कुछ लोगों ने बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार को सूचना देकर बताया कि बंगरेड चौराहा पर एक बदमाश बड़ी घटना कर सकता है उसके पास लोहे का बक्का है। थाना प्रभारी ने एएसआई नारायण सिंह वास्कले, सुनील देवके, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, आरक्षक नारायण सरा को बदमाश की धरपकड़ के भेजा। पुलिस वाहन आता देख बदमाश ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर पकड़ लिया। उसके पास से धारदार हथियार जप्त कर थाने लाया गया, जहां पूछताछ में बदमाश श्याम पिता रामप्रसाद चौधरी 30 साल निवासी ग्राम बंगरेड होना सामने आया। उसके खिलाफ पूर्व में भी मारपीट के मामले दर्ज थे। हथियार बरामद होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है।

## अयोध्या की यात्रा कर ट्रेन से लौटे वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** भाटपचलाना क्षेत्र के ग्राम जलोदा संजर के रहने वाले 68 वर्षीय चंदर 5 दिन पहले अयोध्या राम मंदिर दर्शन करने गए थे, उनके गांव के आसपास के कुछ लोग भी मिल गए थे। सभी ने साथ दर्शन किए और शुक्रवार को वापस ट्रेन से उज्जैन लौटे। प्लेटफार्म से स्टेशन के बाहर आते समय ब्रिज के समीप लिफ्ट के पास वृद्ध चंदर गश खाकर गिर पड़े, उनके साथ ग्राम मलोडा का रहने वाला भेरूलाल था, वह जीआरपी की मदद से चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया, आशंका जताई गई कि दिल का दौरा पड़ने से वृद्ध की मौत हुई है। जीआरपी ने परिजनों की जानकारी पता कर सूचना दी, देर शाम पुत्र अस्पताल पहुंच गया था। पुलिस ने बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## जहरीला पदार्थ खाने के बाद जीजा को किया फोन

**उज्जैन।** बड़ोद के ग्राम फूलखेड़ी से गुरुवार-शुक्रवार रात जीवन पिता गंगाराम 31 साल को उज्जैन लेकर आ रहे थे, आगर रोड मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही जीवन की मौत हो गई, डॉक्टर ने चेकअप किया और मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची तो सामने आया कि जीवन ने जहरीला पदार्थ खाया था, हालत बिगड़ने पर उसने अपने जीजा जगन्नाथ को मोबाइल पर कॉल किया था, जीजा उसे तलाशते हुए गांव से बड़ोद तक पहुंचे थे। जहां जीवन बेसुध हालत में पड़ा मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि जीवन की पत्नी की छह माह पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी उसके बाद से जीवन तनाव में रहने लगा था। पुलिस के अनुसार मार्ग डायरी जांच के लिए बड़ोद थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

## दिवंगत आरक्षक के पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**उज्जैन।** पुलिस विभाग में वर्षों तक आरक्षक के पद पर कर्तव्य के साथ ईमानदारी से ड्यूटी करने वाले आरक्षक मुकेश रावल का आकस्मिक निधन हो गया था। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा एक बार फिर मध्यप्रदेश शासन के नियमों के अनुरूप स्वर्गीय आरक्षक मुकेश रावत के पुत्र रोहित रावत को जिला पुलिस बल उज्जैन में आरक्षक (जीडी) पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय मुकेश जी रावत ने अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। वे एक सजग, कर्मठ एवं समर्पित पुलिस अधिकारी थे, जिनका जनसुरक्षा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणास्पद रहेगा। उनका सेवा भाव पुलिस परिवार के लिए गौरव का विषय है। उनके सुपुत्र रोहित रावत का पुलिस परिवार में सम्मिलित होना भावनात्मक गर्व एवं परंपरा की निरंतरता का प्रतीक है। यह क्षण इस बात को दर्शाता है कि पुलिस संगठन अपने प्रत्येक सदस्य एवं उनके परिवार के साथ सदैव संवेदनशीलता और आत्मीयता के साथ खड़ा रहता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 260-8 | 378-8 | |
| मेन बाजार | 134-8 | 677-0 | |
| कल्याण नाइट | 140-5 | 245-1 | |
| मिलन डे | 440-8 | 289-9 | |
| मिलन नाइट | 137-1 | 280-0 | |
| मधुर डे | 557-7 | 239-4 | |
| मधुर नाइट | 249-5 | 590-4 | |
| शुभांक | 6 | 7 | 9 |

# चेकिंग अभियान में पुलिस को मिले 40 संदिग्ध, थानों में पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है। शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 40 संदिग्धों को पकड़ा गया, जिनसे संबंधित थानों में पूछताछ की जा रही है।

15-16 फरवरी को महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना बनी हुई है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जा रहा है और बीडीडीएस के साथ क्राइम ब्रांच, साइबर टीम संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही है।

महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र, देवासगेट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नानाखेड़ा बस स्टैंड के साथ पारदी डेरों सहित संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 से अधिक संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया और उन्हें पूछताछ के लिए संबंधित स्थान पर भेजा गया। सार्वजनिक स्थानों पर हुई चेकिंग के साथ ही पुलिस की टीम द्वारा होटल, ढाबो और दुकानों पर भी सर्चिंग की गई। होटल धर्मशाला और लाज संचालकों को हिदायत दी गई की बिना दस्तावेज किसी को भी रूम उपलब्ध न कराया जाए। संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई देने पर तत्काल संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाए। संयुक्त रूप से पुलिस टीम द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान विस्फोटक सामग्री की भी जांच पड़ताल की जा रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए महाकाल मंदिर क्षेत्र में 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है, पांच ड्रोन के माध्यम से भीड़ नियंत्रण और बदमाशों पर नजर भी रखी जाएगी। जिले में त्योहारों को देखते हुए शांति भंग करने वाले और सौहार्द बिगड़ने वालों की भी धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है।



## काम से लौट रहे दोस्तो को कार ने मारी टक्कर

### दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**उज्जैन।** तराना मार्ग पर गुरुवार-शुक्रवार रात कम से लौट रहे दो दोस्तों की बाइक को तेज गति से आई अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। दोनों गंभीर घायल हो गए। उन्हे कुछ लोगों ने तराना अस्पताल पहुंचाया, हालत गंभीर होने पर उज्जैन रेफर किया गया लेकिन एक की मौत हो गई।



तराना तहसील के ग्राम लसूरिया बेचर में रहने वाले दो दोस्त विष्णु पिता भेरुलाल मालवीय और पप्पू पिता अमरसिंह कीर उज्जैन स्थित पिंगलेश्वर की ब्लॉक फैक्ट्री में काम करते थे। गुरुवार रात काम खत्म होने पर दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में जवासिया के समीप तेज गति से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

उज्जैन से दिनेश शर्मा अपने साथियों के साथ तराना लौट रहे थे। उन्होंने दोनों घायलों को देखा तो तत्काल तराना अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उज्जैन रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में पप्पू की मौत हो गई। उज्जैन अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह मृतक पप्पू का पोस्टमार्टम कराया। तराना पुलिस द्वारा अज्ञात कार की तलाश मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से करने का प्रयास कर रही है।

## देवासरोड पर पलटा लोडिंग वाहन, पांच घायल

**उज्जैन।** देवास की ओर से उज्जैन आ रहा लोडिंग वाहन रात में 11:30 बजे के लगभग ग्राम चंदेसरा के यहां अचानक अनियंत्रित हो गया और पलटी खा गया। घटनाक्रम होते ही चालक मौके से भाग गया। लोडिंग वाहन में सुमन पति स्व. जगदीश परमार 40 साल, आशा पति ईश्वरलाल 43 साल, सुगन बाई पति मदनलाल नरवरिया 60 साल, पुष्पा पति अमृतलाल 58 साल और गीता पति रामचन्द्र सोनवाल 60 साल निवासी प्रेमनगर गदा पुलिया सवार थी, सभी घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए लोगों की मदद से अस्पताल पहुचाया गया। घटना की जानकारी लगते ही नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लोडिंग वाहन जप्त कर लिया गया था। घायलों के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि सभी देवास गए थे जहां से वापस लौट रहे थे हादसा तेज रफ्तार की वजह से हुआ है। पुलिस ने मामले में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

# हायर सेकेंडरी के दूसरे पेपर में भी कोई नकलची नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की जारी परीक्षाओं में शुक्रवार को हायर सेकेंडरी का दुसरा पेपर आयोजित किया गया। इसमें भी जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय दलों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की जांच में एक भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है।

परीक्षा केंद्रों पर सतत रूप से दलों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के पहुंचने से परीक्षा में सख्ती की स्थिति बनी हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार शुक्रवार को हायर सेकेंडरी का दुसरा प्रश्न-पत्र जिले के कुल 77 में से 74 केंद्रों पर आयोजित किया गया। जिले के 3 परीक्षा केंद्र मात्र दसवीं की परीक्षा के लिए निर्धारित हैं। हायर सेकेंडरी का शुक्रवार को भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेंड्री का प्रश्न-पत्र था। डीईओ के अनुसार शुक्रवार की परीक्षा के दौरान उनके जिला स्तरीय दल ने 5 एवं सहायक संचालक गिरीश तिवारी के दल ने 8 केंद्रों पर निरीक्षण किया है। इसके अलावा विकासखंड स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के दल के साथ प्रत्येक विकासखंड के 6 दलों ने भी अपने अपने क्षेत्रों में सतत रूप से परीक्षाओं का निरीक्षण किया है।




## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखंड / भवन स्वामीनी दीपाली गंगवार पिता नरेन्द्र सिंह गंगवार निवासी ऋषिनगर उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड/भवन क्रमांक बी-7 वर्तमान म्यु. क्रमांक 44 जो कि हरिहर विहार कॉलोनी उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 87.00 वर्गमीटर हैं को सर्वभार मुक्त अवस्था में तल भूमि मय हवाई हक क्रय करने का सौदा किया है। उक्त संपत्ति हेतु टोकन अदा किया गया है एवं बयाना अदा कर अनुबंधपत्र का सम्पादन करवाया जाना है। उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / भार / बोझा / हक्क / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे । तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी 7 यह सूचित हो । इति दिनांक 13-2-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान क्रमांक 121 का उत्तरी भाग जिसका नया नगर पालिक निगम क्रमांक 121-बी स्थित एचबीएन सनराईज सिटी-2 नागझिरी, देवास रोड उज्जैन जो एक मजिला पक्का आर.सी.सी. का निर्मित है जिसका कल क्षेत्रफल 47.80 वर्गमीटर है, उसके पूर्व दिशा में मकान क्रमांक 96, पश्चिम दिशा में सडक कालोनी की, उत्तर दिशा में मकान क्रमांक 122, दक्षिण दिशा में मकान क्रमांक 121 का शेष भाग है. को 1- गजेन्द्र पण्ड्या पिता श्री राजेन्द्र पण्ड्या, 2- श्रीमती प्रतिमा पण्ड्या पति श्री गजेन्द्र पण्ड्या, निवासीगण 39, घटकरपर मार्ग, लोक शक्ति भवन के पास, फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य, अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जायेंगी। इति दिनांक 13-02-2026

स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन. 9826534221, 8839920862**

## पश्चिम रेलवे 3 जोड़ी अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाएगा


| ट्रेन सं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09305 | उज्जैन -संत हिरदाराम नगर | 13/02/2026 से 22/02/2026 | प्रतिदिन 09:00 बजे | 13:30 बजे उसी दिन |
| 09306 | संत हिरदाराम नगर - उज्जैन | 13/02/2026 से 22/02/2026 | प्रतिदिन 14:30 बजे | 19:30 बजे उसी दिन |
| हॉल्ट: तराना रोड, मक्सी, बेरछा, काली सिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल और सीहोर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| कंपोजिशन: जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |
| 09307 | उज्जैन-भोपाल | 13/02/2026 से 22/02/2026 | 21:00 बजे प्रतिदिन | अगले दिन 02:10 बजे |
| 09308 | भोपाल-उज्जैन | 14/02/2026 से 23/02/2026 | 03:10 बजे प्रतिदिन | 08:00 बजे उसी दिन |
| हाल्ट: तराना रोड, मक्सी, बेरछा, काली सिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर और संत हिरदाराम नगर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| कंपोजिशन: जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |
| 09313 | उज्जैन -संत हिरदाराम नगर | 13/02/2026 से 22/02/2026 | प्रतिदिन 16:00 बजे | 21:40 बजे उसी दिन |
| 09314 | संत हिरदाराम नगर - उज्जैन | 13/02/2026 से 22/02/2026 | 22:30 बजे प्रतिदिन | अगले दिन 02:00 बजे |
| हॉल्ट: तराना रोड, मक्सी, बेरछा, काली सिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल और सीहोर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| कंपोजिशन: जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |

रुकने के समय और कंपोजिशन के बारे में पूरी जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

उपरोक्त ट्रेने विशेष किराये पर अनारक्षित विशेष ट्रेनों के रूप में चलेगी

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

# आखिर किस लिए चंद्रशेखर रूखी-सूखी रोटियां खाकर भरते थे पेट



वह कमरे के एक कोने में बैठे रोटियां खा रहा था- चंद रूखी-सूखी रोटियां। उसके चेहरे पर सहजता थी और कद-काठी मजबूत नजर आती थी। ऐसा लगता था मानो लाहौर का वह छोटा-सा कमरा उसके तेज से दमक रहा हो। लेकिन खाने वाले की डील-डौल देखने से ही साफ पता लगता था कि ये सूखी रोटियां उसके लिए पर्याप्त नहीं थीं। नजदीक ही बैठे साथी से रहा न गया और वह बोल पड़ा, पंडित जी, यह कैसी जिद है? इतना जिद्दी होना ठीक नहीं है। युवक ने उत्तर दिया, ह्यरणजीत, जिसे तुम जिद समझ रहे हो, वह दरअसल मितव्ययिता है। दोस्त हंसते हुए बोला, ह्यअच्छा! तो जिद का नया नामकरण भी हो चुका है अब? खाना बीच में ही रोकते हुए युवक ने कहा, भाई, मेरी बात समझने की कोशिश करो। रणजीत बोला, आपका इस तरह रूखी-सूखी रोटियां चबाना मेरी समझ से तो बाहर है। आप ही समझा दीजिए कि यह मितव्ययिता कैसे है? युवक बोला, हमारे संगठन की रुपये-पैसे को लेकर जो स्थिति है, उसके हिसाब से हर क्रांतिकारी को खाने के लिए दो आने मिलते हैं- एक आना रोटी के लिए और एक गुड़ के लिए। लेकिन मेरे लिए एक आने की रोटी काफी नहीं है। ऐसे में गुड़ के लिए जो एक आना था, उसकी भी मैंने रोटी खरीद ली। समझे? असहमत होते हुए दोस्त बोला, नहीं। बात अभी भी मेरी समझ में नहीं आई। हमारे पास और भी तो पैसे हैं। आप उनसे भोजन कर सकते हैं। आखिर आप हमारे प्रमुख हैं। नहीं, प्रमुख होने के नाते मेरा दायित्व और भी अधिक है। संगठन का धन देश को आजादी दिलाने की मुहिम में खर्च होना चाहिए, क्रांति के कार्यों में जाना चाहिए। मितव्ययिता और निःस्वार्थ सेवा के बिना क्या स्वतंत्रता का सपना साकार होगा? मितव्ययिता की जीती-जागती मिसाल वह व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद थे।

सम्पादकीय

## खाड़ी देशों में श्रमिकों की दुर्दशा

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, बहरीन और ओमान में नौ मिलियन से अधिक भारतीयों के निवास के साथ यह क्षेत्र रोजगार की तलाश में भारतीय प्रवासियों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बना हुआ है। भारत विश्व स्तर पर प्रेषण का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है, जिसका अधिकांश भाग जीसीसी से आता है। प्रारंभ में भारतीय प्रवासी मुख्य रूप से निर्माण, घरेलू सेवाओं और रखरखाव सहित नीले-कॉलर क्षेत्रों में कार्यरत थे। हालांकि, हाल के वर्षों में एक उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, वित्त, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सफेद-कॉलर नौकरियों में भारतीयों की बढ़ती संख्या देखी जा रही है। आर्थिक लाभों के बावजूद, जीसीसी देशों में प्रवासन का अनुभव चुनौतियों से भरा है। सभी छह देशों में राजशाही शासन प्रणाली है, जिसमें श्रम अधिकार सीमित हैं, जिसके कारण मानवाधिकार उल्लंघन की खबरें आती रहती हैं, खासकर कम आय वाले प्रवासी श्रमिकों के बीच एक महत्वपूर्ण चिंता विवादास्पद कफाला (प्रायोजन) प्रणाली है, जिसके तहत एक स्थानीय नियोक्ता (कफील) प्रवासी के कानूनी और रोजगार संबंधी स्थिति पर व्यापक नियंत्रण रखता है जिससे अक्सर शोषण और दुर्व्यवहार होता है, क्योंकि श्रमिक अपने प्रायोजक की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते या देश नहीं छोड़ सकते। जीसीसी देशों ने अपने श्रम कानूनों में सुधार करना शुरू कर दिया, जिनमें से कुछ ने श्रमिक सुरक्षा बढ़ाने और महामारी के बाद के श्रम बाजार की गतिशीलता के अनुकूल होने के लिए कफाला प्रणाली के कुछ पहलुओं को संशोधित या समाप्त कर दिया।

भारत से विदेशों में नौकरी करने गए कई युवाओं की दर्दभरी दास्तानें सामने आती रही हैं। अनेक कहानियां सोशल मीडिया पर देखी जा सकती हैं। दिल्ली के मैकेनिकल इंजीनियर अमन भोला अप्रैल 2023 में कुवैत बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर गए थे। शुरूआत में नौकरी का अवसर अच्छा दिखाया गया था लेकिन वास्तविकता बिल्कुल अलग निकली। अमन को इंटरव्यू में सामान्य कार्य घंटे, सही ओवरटाइम भुगतान और सम्मानजनक कामकाजी माहौल का भरोसा दिया गया था। कंपनी में मजदूरों से रोज लगभग 16 घंटे तक काम कराया जाता था। कानून के अनुसार अधिकतम कार्य सीमा और 125 प्रतिशत ओवरटाइम भुगतान का प्रावधान है लेकिन अमन के अनुसार मजदूरों को केवल लगभग 65 प्रतिशत भुगतान मिलता था।

### लोकसभा अध्यक्ष कह रहे हैं प्रधानमंत्री को घेरने वाले थे

# राहुल गांधी में बदलाव की संभावना नहीं

शीर्ष स्तर की राजनीति में इस स्तर का टकराव ,जिसमें बीच कोई रास्ता नहीं, हर दृष्टि से चिंताजनक है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नहीं बोल पायें यह सामान्य स्थिति नहीं थी। इसमें भी जिन कारणों से वे नहीं बोल पाये वह डर पैदा करने वाला है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आसन से कह रहे थे कि उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि सदन में न आयें क्योंकि कुछ भी अप्रत्याशित हो सकता है। इसके पहले लोकसभा या राज्यसभा में यह स्थिति कभी देखी नहीं गई। शायद इसकी कल्पना भी नहीं रही होगी। विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के भाषण में बाधा डालना, बहिर्गमन करना, यहां तक कि बेल में आकर हंगामा करना , संसद की कार्यवाही बाधित करना आदि दृश्य हम सबने देखा है। कांग्रेस के 7-8 महिला सांसदों का प्रधानमंत्री की सीट तक पहुंच कर घेरा जैसी स्थिति बनाना बिल्कुल असामान्य स्थिति थी। हम केवल कल्पना कर सकते हैं कि प्रधानमंत्री के आने पर वहां क्या दृश्य उत्पन्न होता! कांग्रेस ने घोषणा किया था कि अगर विपक्ष के नेता राहुल गांधी नहीं बोल पायें तो प्रधानमंत्री को भी नहीं बोलते देंगे। तो क्या महिला सांसद उनके आसन तक जबरन रोकने गये थे? संसद के नेता को रोका जाएगा तो स्वाभाविक है पार्टी और गठबंधन के सांसद वहांप्रतिरोध करने आएंगे। उसमें संसद का दृश्य क्या होता इसकी कल्पना से भय पैदा होता है! प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में अवश्य भाषण दिया लेकिन लोकसभा में कांग्रेस अपने रवैये पर कायम है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

संसद में अनेक अवसर आए हैं। बोफोर्स भ्रष्टाचार के आरोप में 24 जून, 1989 को लोकसभा में विपक्ष के 110 में से 106 सांसदों ने त्यागपत्र दे दिया था। लंबे समय तक इसके विरुद्ध संसद के दोनों सदनों में विरोध हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इस्तीफे की मांग को लेकर देश भर में अभियान चल रहे थे किंतु हमारे माननीय सांसद इतने विवेकशील थे कि कभी सदन में सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया। महिला आरक्षण विधेयक के तीखे विरोध में विधेयक की कॉपी छीनकर अवश्य फाड़ी गई लेकिन इससे आगे लोकसभा अध्यक्ष या आसन को अपमानित करने या चिढ़ाने की स्थिति कभी नहीं थी। यूपीए सरकार के कार्यकाल में कॉमनवेल्थ, 2जी सभी मामलों पर हंगामा हुआ, कार्यवाही बाधित हुई , लेकिन सांसद प्रधानमंत्री की सीट को उनके आने के पहले से घेर लें या महिला सांसदों का इसके लिए उपयोग किया जाए यह अवस्था कभी नहीं आई। जब 2014 में संसद के दोनों सदनों में आंध्रप्रदेश के विभाजन और तेलंगाना राज्य के निर्माण का विधेयक पारित करना था तो भी समस्या आई थी। 14 फरवरी को लोकसभा में विधेयक पारित होने के दिन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे के बोलते समय ऐसी स्थिति पैदा हुई कि लोकसभा टीवी का प्रसारण रोकना पड़ा। हाथापाई और गाली गलौज की नौबत तक स्थिति पहुंची थी। 20 फरवरी 2014 को राज्यसभा में विधेयक पारित करने के लिए सारे दरवाजे बंद कर मार्शल को बुलाना पड़ा था। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बोलते समय विधायक छीनो विधायक फाड़ो जोर-जोर से चिल्ला रहे थे और तृणमूल सांसद सुखेन्दु राय ने प्रधानमंत्री के बोलते समय कागजात फाड़ दिए। उसके बाद फिर सभापति को कठोर निर्णय लेना पड़ा। संसद के अंदर कई सांसद हेलमेट पहन कर आने लगे थे। कई सांसद ने आरोप लगाया कि उनके साथी गाली दे रहे हैं और धमका रहे। एक सांसद ने मिर्च का स्प्रे भी छोड़ा लेकिन सदन के बाहर। किसी स्थिति में प्रधानमंत्री की सीट को पहले से घेर लिया जाए ऐसी घटना नहीं हुई।

देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद 2016-17 से स्थिति ज्यादा बिगड़ी है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में अध्यक्ष और सभापति के आसन की ओर कागज फेंकना, आगे टेबल पर खड़ा होकर मिमिक्री करना आदि संसदीय परंपरा के विपरीत व्यवहार सतत रूप में देखा गया है। वर्तमान लोकसभा में पहले दिन से विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तय होता है कि यही बोलना है, सदन में क्या विषय है इससे उनका मतलब नहीं रहता। राष्ट्रपति अभिभाषण पर कई विषयों में सरकार की आलोचना हो सकती है, घेरा जा सकता है । लेकिन उनका विषय पूर्व थल सेना अध्यक्ष मनोज नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक थी जिसके बारे में अध्यक्ष ने एक नियमन दे दिया। पिछले कुछ वर्षों में संसद सत्र के आरंभ होने के पूर्व विदेश से कोई रिपोर्ट आ जाती है और हंगामा हो जाता है। पीगैसस, हिंडेनबर्ग रिपोर्ट से लेकर गुजरात दंगे पर बीबीसी डॉक्युमेंट्री आदि की एक लंबी कड़ी है। अंततः इसके परिणाम शून्य आते हैं। ज्यादातर मामले उच्चतम न्यायालय में गए और विपक्ष को कोई लाभ नहीं हुआ। इस बार विदेश में बैठे एक व्यक्ति की एक पत्रिका में प्रकाशित आलेख को राहुल गांधी ने आधार बनाया। हालांकि उसे लेख में ऐसा नहीं है कि जिससे लगे कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2020 में गलवान घटना के बाद चीन के विरुद्ध कार्रवाई में सेना के हाथ बांध दिए थे। इसलिए कुछ लोगों की टिप्पणी है कि उन्हें बोलने दिया जाता तो कोई अंतर नहीं आता। यह विषय विस्तार से चर्चा की है जो यहां संभव नहीं। इतना ध्यान रखना चाहिए कि चीन के साथ 1962 के बाद केवल 1967 में सीमा पर गोली चली उसके बाद कभी नहीं। गलवान संघर्ष में भी गोली नहीं चली थी। पूरा गुत्थम-गुत्था लाठी, डंडे , पत्थर, रड , कंटीले ताड़ आदि से हुआ था।

मुख्य बात यह है कि संसद में हमारा आचरण कैसा हो? संसद के बाहर भी हम धरना-प्रदर्शन देते,मार्च करते हैं तो पुलिस प्रशासन की निश्चित जगह तक अनुभूति होती है। वहां तक जाने के बाद हम रुक जाते हैं या निर्धारित धरना स्थल पर धरना देते हैं। उसका उल्लंघन करते हैं तो पुलिस हमें हिरासत में लेती है या गिरफ्तार करती है। यानी सड़क पर विरोध के भी नियम हैं। संसद को सड़क के आंदोलन से भी बुरी अवस्था में पहुंचा दिया जाए जहां अध्यक्ष के नियमन का कोई मूल्य न रहे इससे ज्यादा भयावह स्थिति कुछ नहीं हो सकती। यह भी नहीं कह सकते कि सब कुछ अनायास हो रहा है।

## वो चला गया

रामसेवक जी ने अपनी पूरी उम्र एक लोअर डिवीजन क्लर्क की हैसियत से सरकारी फाइलों पर थूक लगाकर पन्ने पलटते हुए गुजार दी। अंततः एक दिन उन्होंने वह साहसी काम कर ही दिया जो उनके विभाग का कोई भी मंत्री नहीं कर पाया—उन्होंने बिना किसी रिश्वत के अपनी साँसें त्याग दीं। रामसेवक जी का जाना विभाग के लिए वैसी ही घटना थी जैसे किसी पुराने टाइपराइटर की रिबन का खत्म हो जाना। उनके मेज पर धूल की जो परतें जमी थीं, वे उनके अनुभव का 'जियोलॉजिकल सर्वे' थीं। उनकी मृत्यु पर विभाग में शोक की एक ऐसी फॉर्मल लहर दौड़ी, जिसे देखकर लगता था कि अगर उनकी लाश पर भी नोटिंग करने का प्रावधान होता, तो उनके सहकर्मी उस पर भी लिख देते—मामला गंभीर है, इसे अगले जन्म तक लंबित रखा जाए।

अस्पताल से घर तक की यात्रा में उनके बड़े सुपुत्र, जो खुद एक प्राइवेट बैंक में लोन रिकवरी का काम करते थे, वैसे ही विलाप कर रहे थे जैसे किसी बैड डेट के डूबने पर मैनेजर करता है। उन्हें दुख इस बात का नहीं था कि पिता चले गए, बल्कि इस बात का था कि बाबूजी अपनी पेंशन की पीपीओ फाइल कहाँ रख गए हैं, इसका पासवर्ड साथ ले गए। शव-यात्रा में विभाग के वे 'मठाधीश' भी आए थे जो रामसेवक जी के जीते-जी उनकी ईमानदारी को मानसिक विक्षिप्तता का नाम देते थे। बड़े बाबू ने अर्थी को कंधा देते हुए चेहरे पर ऐसा विलाप ओढ़ा, मानो उन्होंने रामसेवक जी के साथ अपना परलोक का कोटा भी बुक करा लिया हो। वे आपस में धीमे स्वर में चर्चा कर रहे थे—बेचारे बड़े सीधे थे, कभी चाय के ऊपर का पैसा नहीं लिया, इसीलिए आज किराये के मकान में विदा हो रहे हैं। दाह-संस्कार के बाद जब घर की सफाई हुई, तो रामसेवक जी की वह पुरानी लोहे की अलमारी खोली गई जिसकी चाबी वे अपनी जनेऊ में बाँधकर रखते थे। बेटों को उम्मीद थी कि पिता ने अपनी पैंतीस साल की कलम-घिसाई में कहीं न कहीं तो कोई गुप्त खजाना गाड़ा होगा। आखिर सरकारी नौकरी थी, कुछ न कुछ तो चिपका ही होगा। भीतर से एक कपड़े की पोटली निकली। सबकी धड़कनें वैसे ही तेज थीं जैसे बजट भाषण सुनने वालों की होती है। पोटली खुली। उसमें से सोना-चांदी नहीं, बल्कि बत्तीस पुरानी पेन की रिफिलें, सैकड़ों रबर बैंड और एक छोटा सा नोट निकला।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 फरवरी 2026 शनिवार
सूर्योदय - 07:04 सूर्यास्त 18:18
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - द्वादशी 16:02 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 18:16 उपरांत उत्तराषाढा
योग - सिद्धि 03:16 उपरांत व्यतिपात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - धनु में है। 24:41 पर मकर में प्रवेश करेगा ।
मुस्लिम मास - सावान मास 25 तारिख

**मेष-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**वृषभ-** धर्नाजन होगा, जोखिम न लें। प्रयत्न एवं दूरदर्शिता से सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। पारिवारिक सुख प्राप्त होगा।

**मिथुन-** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। मनोरंजक यात्रा होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कर्क-** प्रसन्नता रहेगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान मिलने की संभावना है। भूमि संबंधी लेन-देन में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। वरिष्ठ जन सहयोग करेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**कन्या-** व्यवसाय ठीक चलेगा। धनलाभ के अवसर आएँगे। जीवनसाथी से संबंधों में मधुरता आएगी। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा।

**तुला-** वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। बकाया वसूली होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। धनार्जन होगा।

**वृश्चिक-** आलस्य को त्यागकर प्रत्येक काम समय पर करें। परोपकारी स्वभाव होने के कारण दूसरों की मदद करके सुख अर्जित करेंगे।

**धनु-** देव दर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। बाहरी सहयता मिलेगी। रुके कार्य बनेंगे।

**मकर-** सुखद यात्रा के योग बनेंगे। सोच-समझकर व्यय करें। पारिवारिक समस्याओं का हल सूझ-बूझ से करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ-** घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बाहरी सहायता प्राप्त होगी।

**मीन-** परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अनायास समस्या सुलझेगी। व्यापार-व्यवसाय में आशानुकूल स्थिति बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## वैलेंटाइनः प्रदर्शन बनाम आत्मिक संवेदना

वर्तमान समय में वैलेंटाइन दिवस भारतीय समाज में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि विमर्श और विवाद का एक द्वंद्व बन चुका है। प्रतिवर्ष फरवरी के इस पखवाड़े में प्रेम की चर्चा जितनी तीव्र होती है, उसका विरोध भी उतना ही मुखर होता है। किंतु इस शोर के बीच हम अक्सर उस मूल प्रश्न को भूल जाते हैं कि प्रेम का वास्तविक स्वरूप क्या है? क्या यह केवल सार्वजनिक प्रदर्शन और उपहारों के आदान-प्रदान तक सीमित है, अथवा यह एक गहरी आत्मिक संवेदना है जिसे आज के बाजारवाद ने जकड़ लिया है? भाषाई दृष्टि से देखें तो 'वैलेंटाइन' शब्द लैटिन के 'वेलनटिनस' से उपजा है, जिसका अर्थ है-शक्तिशाली, साहसी और दृढ़ हृदय वाला। यह परिभाषा प्रेम के उस प्रचलित स्वरूप को चुनौती देती है जिसे हम आज केवल कोमल भावनाओं या क्षणिक आकर्षण के रूप में देखते हैं। ऐतिहासिक रूप से संत वैलेंटाइन ने दमनकारी सत्ता के विरुद्ध खड़े होकर मानवीय संबंधों की गरिमा की रक्षा की थी। अतः वैलेंटाइन का मूल भाव दुर्बल भावुकता नहीं, बल्कि वह आत्मिक शक्ति है जो अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस प्रदान करती है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

आज वैलेंटाइन का अर्थ बदलकर गुलाब, महँगे उपहार और सोशल मीडिया तथा सार्वजनिक स्थानों पर किए जाने वाले प्रदर्शन तक सिमट गया है। बाजार ने इस मानवीय संवेदना को एक 'उत्पाद' में बदल दिया है। जब प्रेम का पैमाना 'उपभोग' बन जाता है, तब उसकी पवित्रता का क्षरण निश्चित है। आज की युवा पीढ़ी जिसे प्रेम समझ रही है, वह अक्सर केवल बाह्य आकर्षण और सार्वजनिक प्रदर्शन की होड़ है। यही वह बिंदु है जहाँ सांस्कृतिक विरोध के स्वर जन्म लेते हैं। विरोध प्रेम का नहीं, बल्कि उसके उस विकृत और बाजारी स्वरूप का है जो मर्यादाओं की सीमा लांघता प्रतीत होता है।

भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में प्रेम कोई नई या आयातित अवधारणा नहीं है। हमारे यहाँ प्रेम को 'काम' से ऊपर उठाकर 'राम' तक ले जाने की परंपरा रही है। जहाँ पश्चिमी बाजारवाद प्रेम को 'अधिकार' की तरह देखता है, वहीं भारतीय मनीषा इसे 'कर्तव्य' और 'त्याग' के रूप में परिभाषित करती है। राम-सीता का संबंध केवल दांपत्य नहीं, बल्कि लोक-मर्यादा की स्थापना है। कृष्ण का प्रेम वात्सल्य, सखा-भाव और अटूट श्रद्धा का विस्तार है। बुद्ध की करुणा और कबीर की प्रेम-साधना यह बताती है कि प्रेम जब परिपक्व होता है, तो वह केवल दो व्यक्तियों तक सीमित न रहकर संपूर्ण सृष्टि के लिए 'संवेदना' बन जाता है।

समस्या वैलेंटाइन दिवस मनाने में नहीं, बल्कि उसे मनाने के 'तरीके' और 'दृष्टिकोण' में है। यदि हमारे संबंधों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान, संवाद में शालीनता और व्यवहार में मर्यादा है, तो वह प्रेम वंदनीय है। किंतु यदि यह केवल एक दिन का दिखावा, प्रदर्शन है और शेष वर्ष उपेक्षा है, तो यह प्रेम के मूल विचार के साथ छल है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम 'प्रदर्शन' की चकाचौंध से बाहर निकलकर 'संवेदना' के धरातल पर लौटें। प्रेम को 'वस्तु' मानने के बजाय उसे 'मूल्य' के रूप में स्वीकार करें।

?वैलेंटाइन दिवस को न तो अंध-विरोध की कसौटी पर कसना चाहिए और न ही इसके वैश्विक बाजारीकरण में बह जाना चाहिए। यह आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम अपने संबंधों में उस 'वेलनटिनस' अर्थात साहस और दृढ़ता को समाहित कर पा रहे हैं? जिस दिन हमारे आचरण में मर्यादा और हृदय में निस्वार्थ करुणा का वास होगा, उस दिन कैलेंडर की हर तारीख 'प्रेम पर्व' बन जाएगी। प्रेम जब प्रदर्शन की बेड़ियाँ तोड़कर आत्मिक संवेदना का मार्ग अपनाता है, तभी वह शाश्वत होता है।

# आधुनिक युग के प्रेम की सच्चाई - मन के बंधन टूट भी जाए टूटे न धन के बंधन

### वेलेंटाइन डे पर विशेष

प्रेम एक शब्द, परंतु अपने भीतर सम्पूर्ण सृष्टि का स्पंदन समेटे हुए है । प्रेम केवल उच्चारित नहीं होता, यह अनुभव किया जाता है । यह देखा नहीं जाता, यह भीतर उतरता है । जब प्रेम किसी हृदय को स्पर्श करता है, तो वह साधारण मनुष्य को असाधारण बना देता है और जब यह स्पर्श न मिले, तो मनुष्य अपनों के बीच रहकर भी अकेला हो जाता है । प्रेम वह सुगंध है जो दिखाई नहीं देती, पर जीवन को महका देती है । यह कोई भाषा नहीं बोलता, फिर भी हर भाषा को समझता है। इसका कोई धर्म नहीं, कोई जाति नहीं, कोई रंग-रूप नहीं । यह ईश्वर की तरह निराकार है अनुभूति में साकार, पर स्वरूप में अदृश्य । सृष्टि का प्रत्येक संबंध प्रेम की डोर से बँधा है । माता का वात्सल्य, मित्र का स्नेह, पति-पत्नी का विश्वास, संतानों का अनुराग सबका मूल प्रेम ही है । प्रेम वह ईंधन है, जिससे जीवन की गाड़ी चलती है। इसके बिना सुख की कल्पना भी सूनी प्रतीत होती है ।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

सच्चा प्रेम दो शरीरों का नहीं, दो आत्माओं का मिलन है; दो स्वार्थों का नहीं, दो समर्पित हृदयों का संगम है । उसमें चाह नहीं होती, अपेक्षा नहीं होती, केवल अर्पण होता है समर्पण होता है । प्रेम कुछ भी मांगता नहीं, वह तो बस देता है । प्रेम में वासना का स्थान नहीं, क्योंकि वासना क्षणभंगुर है और प्रेम अनंत । वासना देह से जुड़ती है, प्रेम आत्मा से । वासना थक जाती है, प्रेम अमर हो जाता है । जीवन में यदि किसी ने सच्चे मन से प्रेम किया है, तो वह स्मृति कभी मस्तिष्क से विलुप्त नहीं होती । समय की आँधियाँ उसे मिटा नहीं पातीं । जीवन की अंतिम साँस तक वह स्मृति हृदय के किसी कोमल कोने में दीपक की तरह जलती रहती है । पहला प्रेम तो मानो जीवन का अमृत होता है । कहा जाता है कि जब जीवन की अंतिम घड़ियों में सारी इन्द्रियाँ शिथिल हो जाती हैं, तब भी मन के किसी कोने में प्रथम प्रेम की स्मृतियाँ हलचल करती रहती हैं ।

प्रेम कोई वस्तु नहीं जिसे खरीदा जा सके, न ही कोई खेल है जिसे मन बहलाने को खेल लिया जाए । यह सच्ची साधना तपस्या है धैर्य की, प्रतीक्षा की, विश्वास की । आधुनिकता के इस बदलते दौर में समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है । आधुनिकता की चकाचौंध में प्रेम का स्वरूप भी परिवर्तित होता दिख रहा है । आज प्रेम में आत्मा की जगह आकर्षण ने ले ली है, भावना की जगह सुविधा ने, और समर्पण की जगह स्वार्थ ने ले रखी हे । आज प्रेम को अक्सर पैकेज और प्रतिष्ठा के तराजू पर तौला जाता है। जेब भारी हो तो संबंधों की कतार लग जाती है, और यदि हाथ खाली हों तो सच्चा साथ भी दुर्लभ हो जाता है । दाम्पत्य जीवन के टूटते रिश्तों में भी अक्सर प्रेम नहीं, बल्कि अर्थ का अभाव दिखाई देता है। धैर्य कम हुआ है, त्याग क्षीण हुआ है, और संयम तो जैसे शब्दकोश में ही रह गया है । आज की पीढ़ी दिल से कम और दिमाग से अधिक प्रेम करती है। मन से कम और तन से अधिक जुड़ती है । परिणामस्वरूप प्रेम की वह सौंधी महक, जो कभी जीवन को गुलशन बना देती थी, अब दुर्लभ होती जा रही है । सच्चा प्रेम आधुनिकता की भीड़ में कहीं खो-सा गया है। आज धन भगवान बन गया है, और प्रेम भी उसी के दरबार में नतमस्तक दिखाई देता है । यही कारण है कि आधुनिक युग के प्रेम की यह विडम्बना सामने आती है मन के बंधन भले टूट जाएँ, पर धन के बंधन टूटने नहीं दिए जाते । फिर भी, आशा शेष है । जब तक किसी एक हृदय में भी निस्वार्थ प्रेम जीवित है, तब तक प्रेम मरेगा नहीं। क्योंकि प्रेम शरीर से नहीं, आत्मा से जन्म लेता है और आत्मा अमर है। यदि हम संबंधों को केवल आर्थिक लेन-देन की दृष्टि से देखेंगे, तो मन के बंधन कमजोर पड़ते जाएँगे। और तब यह कटु सत्य सामने आएगा मन के बंधन टूट भी जाए, धन के बंधन टूट पाय ! परंतु यदि हम प्रेम में पुनः विश्वास, धैर्य और समर्पण का संचार करें, तो संभव है कि आने वाली पीढ़ियाँ प्रेम को फिर से आत्मा की भाषा के रूप में पहचान सके न कि केवल बाजार की वस्तु के रूप में ।

धर्म-आस्था

# होलिका दहनः अंधविश्वास नहीं, आस्था और आत्मबल का पर्व

होलिका दहन को लेकर समाज में दो तरह की धारणाएँ प्रचलित हैं। एक वर्ग इसे केवल परंपरा या लोकाचार मानकर निभा लेता है, तो दूसरा इसे अंधविश्वास की श्रेणी में रखकर नकार देता है। लेकिन इन दोनों के बीच एक बड़ा और संतुलित सत्य भी है, जिसे समझना आज के समय में और भी आवश्यक हो गया है।

होलिका दहन और उससे जुड़ी रात्रि को भारतीय परंपरा में अत्यंत शक्तिशाली साधना काल माना गया है। हमारे पूर्वजों ने इसे केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सामाजिक ऊर्जा के पुनर्संयोजन का अवसर बनाया। यह दिन साधकों और तांत्रिकों के लिए ही नहीं, बल्कि सामान्य व्यक्ति के लिए भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि इसी समय व्यक्ति अपने जीवन की उलझनों, भय, तनाव और असंतुलन से बाहर निकलने का संकल्प लेता है।



आज का मनुष्य समयाभाव से जूझ रहा है। लंबी साधनाएँ, जटिल विधियाँ और कठिन नियम अधिकांश लोगों के लिए संभव नहीं। शायद इसी कारण हमारे पूर्वजों ने कुछ ऐसे लघु प्रयोग और प्रतीकात्मक कर्म निर्धारित किए, जिनके माध्यम से कम समय में अधिक आत्मिक और मानसिक लाभ प्राप्त किया जा सके। होलिका की अग्नि, परिक्रमा, अर्पण और राख—ये सब केवल धार्मिक क्रियाएँ नहीं हैं, बल्कि मन को केंद्रित करने, नकारात्मकता को त्यागने और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने के माध्यम हैं।

होलिका की अग्नि में अहंकार, भय, ईर्ष्या और दुर्भावनाओं को प्रतीकात्मक रूप से समर्पित करने की भावना छिपी है। अग्नि के चारों ओर परिक्रमा करना दरअसल स्वयं के चारों ओर सुरक्षा-चक्र बनाने जैसा है। राख को शरीर या जीवन में स्थान देना, यह स्मरण कराता है कि हर समस्या नश्वर है और हर संकट का अंत संभव है।

यह भी सत्य है कि समय के साथ कुछ लोगों ने इन परंपराओं को डर, दिखावे या तंत्र-मंत्र के भयावह रूप में प्रस्तुत किया। इससे परंपरा की मूल भावना धुंधली पड़ गई। लेकिन किसी परंपरा के विकृत प्रयोग के कारण उसकी आत्मा को नकार देना भी उतना ही गलत है। आवश्यकता है सुधार की, विवेक की और सही समझ की।

होलिका दहन हमें यह सिखाता है कि जीवन में आने वाली आर्थिक, मानसिक, पारिवारिक या सामाजिक बाधाओं से लड़ने के लिए सबसे पहले आत्मविश्वास और आस्था की आवश्यकता होती है। जब व्यक्ति पूरे विश्वास और सकारात्मक भाव से कोई संकल्प करता है, तब उसका मन, कर्म और दिशा—तीनों एक साथ सक्रिय हो जाते हैं। यही किसी भी साधना या प्रयोग की असली शक्ति है।

आज जब समाज तनाव, भय और अनिश्चितता से घिरा है, तब होलिका दहन जैसे पर्व हमें रुककर आत्मचिंतन करने का अवसर देते हैं। यह पर्व याद दिलाता है कि नकारात्मकता को जलाकर, विश्वास को सहेजकर और संतुलन को अपनाकर ही जीवन आगे बढ़ता है।

होलिका केवल आग नहीं है, वह साहस है। केवल परंपरा नहीं, वह आत्मबल है। और केवल बीते युग की स्मृति नहीं, बल्कि आज के जीवन में संतुलन स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1850-2611 चना काबली- 3900-8630, चना बड़ा- 3091-5411, मसूर- 5761, रायड़ा- 5140-5926, मूंग- 4750, सोयाबीन- 1703-6150, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,57,000, रवा- 1,58,000 चांदी- टंच- 2,50,000 पाट- 2,49,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा 604 फीफा फुटबॉल का वितरण

**सुसनेर।** अंतर्गत संचालित समस्त सूचीबद्ध शासकीय, अशासकीय एवं केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा 604 फीफा फुटबॉल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम भारत सरकार की फुटबॉल फॉर स्कूल्स योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में फुटबॉल खेल के प्रति रुचि विकसित करना तथा विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। जिससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी श्रीमती शक्ति राउत, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी तथा सांदीपनी स्कूल सुसनेर के प्राचार्य नरेंद्र लोहार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी शक्ति राउत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में फीफा के सहयोग से बच्चों में फुटबॉल के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय के माध्यम से फुटबॉल उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

## कलेक्टर ने रेडक्रॉस के माध्यम से दी 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक शिवम जाटव पुत्र महेन्द्र सिंह जाटव द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कॉलेज की फीस जमा किये जाने के लिये आर्थिक सहायता की मांग की गयी थी। आवेदक की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 15 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।




## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्राली 1 डंपर जब्त



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा आज आरोन और गुना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आरोन में 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत खनिज और गुना क्षेत्र में गिट्टी का डम्पर रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिला खनिज अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों द्वारा बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी खनिज रेत का परिवहन करते पाई गई, जिसे जप्त कर थाना आरोन और एक डंपर द्वारा गिट्टी का ओवर लोड परिवहन करने से कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## रामायण पारायण के साथ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**इंगोरिया।** 45 दिवसीय अखंड रामायण पारायण का समापन महाशिव रात्रि पर होगा इस उपलक्ष में अचलेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर पर गुरुवार को पंच कुंडिय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर हुआ। पंडित गोपाल कृष्ण जी पाराशर ढूंदडका वाले के सानिध्य में प्रारंभ गायत्री महायज्ञ की पूणार्हुति 16 फरवरी को अखंड रामायण पाठ के समापन पर होगी। इस अवसर पर अचलेश्वर महादेव को 2100 लड्डुओं का नैवेद्य लगाकर महाआरती की जाएगी। पश्चात श्रद्धालुओं को फरियाली खिचड़ी और महा प्रसाद वितरित किया जाएगा।। अखंड रामायण पाठ का आयोजन मंदिर पर प्रतिवर्ष 49 वर्षों से हो रहा है। पंडित राजकिशोर चतुर्वेदी ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों शिवखेड़ा, करणपुरा, घड़सिंगा, चिकली, कुलावदा, रूपहेड़ा, सरसाना, इंगोरिया और बलेड़ी के धमार्लुजनों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।




### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है मैं आदम कान्ट्रेक्टर (AADAM CONTRECTOR) अपना नाम बदल कर आदम कॉन्ट्रेक्टर (AADAMCONTRACTOR) के नाम से जाना जाऊँगा पिता का (ZULFIKAR CONTRACTOR) और माता का नाम शीरीन (SHIREEN CONTRACTOR) है।

**आदम कान्ट्रेक्टर (AADAM CONTRECTOR)**
**241, कमरी मार्ग नजमी मोहल्ला, उज्जैन उज्जैन नगर उज्जैन (म.प्र.) 456006**


लापरवाही से बस चला रहा चालक गिरफ्तार: तेज रफ्तार में यात्रियों की जान जोखिम में डालने पर कोर्ट ने भेजा जेल

# ईवी कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत, एक घायल, आवासनगर में हुआ हादसा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

गत रात हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बीएनपी थाना क्षेत्र के आवासनगर में एक तेज रफ्तार ईवी कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, राजेश गोस्वामी (36), निवासी सोमेश्वर मंदिर नाहर दरवाजा, बीती रात करीब 12 बजे दोपहिया वाहन चालक विशाल सोलंकी से लिफ्ट लेकर अपने घर जा रहे थे।

आवास नगर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ईवी कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों करीब 60 फीट दूर जा गिरे। हादसे के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

चिकित्सकों ने राजेश गोस्वामी को जांच के बाद इंदौर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही राजेश ने दम तोड़ दिया। आज सुबह जिला अस्पताल में मृतक राजेश का पोस्टमार्टम किया गया।

राजेश बांगर स्थित टोल टैक्स पर नौकरी करते थे। टक्कर मारने वाली कार देवास के अनाज मंडी व्यापारी की बताई जा रही है। कार की रफ्तार काफी तेज थी और हादसे के बाद उसके एयरबैग भी खुल गए थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




इसी प्रकार पुलिस ने लापरवाही से बस चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले चालक के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सोशल मीडिया से मिली सूचना

मामला 12 फरवरी 2026 को सामने आया। पुलिस को सोशल मीडिया के जरिए शिकायत मिली थी कि मेढकीचकझचंदाना रोड पर देवास की ओर आ रही सागर बस का चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा है। शिकायत में बताया गया कि चालक अधिक सवारियां बैठाने की कोशिश में बस को खतरनाक तरीके से दौड़ा रहा था। इससे बस में बैठे यात्रियों और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी।

### जांच के बाद दर्ज हुआ केस

पुलिस ने सूचना की जांच की और चालक की पहचान मोईन शेख, पिता निजामुद्दीन शेख, उम्र 33 वर्ष, निवासी रसलपुर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में की। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 76/2026 दर्ज किया गया। आरोपी पर धारा 281 बीएनएस और 132/177(1), 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

### कोर्ट से जेल

वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर की गई। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### लोगों से अपील

देवास पुलिस ने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, सावधानी से वाहन चलाने और अपनी साथ ही दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है। पुलिस ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भविष्य में भी लगातार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2026 में इस अभियान को और ज्यादा प्रभावी बनाने की तैयारी है।



## हाईस्कूल खारपा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**जीरापुर (खारपा)।** शासकीय हाईस्कूल खारपा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम निवास धाकड़ (नायब तहसीलदार) रहे। विशेष अतिथि के रूप में अमित कुमार (इंडीग्रिड), संतोष कुमार सिंह (सहयोग केयर सोसाइटी), मोहन लाल शर्मा (पूर्व प्राचार्य) एवं महेश भावसार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें प्राचार्य राधेश्याम पुरविया ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात जूनियर छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने समारोह को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि राम निवास धाकड़ ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा की विशेष तैयारी करने तथा भविष्य की योजनाएं निर्धारित कर लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। अमित कुमार ने कहा कि नैतिक शिक्षा और गुरुओं का सम्मान ही जीवन में सफलता की कुंजी है। संतोष कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि जिस विद्यालय से वे शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ रहे हैं, उसे कभी न भूलें। मोहन लाल शर्मा ने घोषणा की कि विद्यालय में जो विद्यार्थी टॉपर होंगे, उन्हें 1100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

जनपद पंचायत ब्यावरा की समीक्षा बैठक मंत्री पंवार की अध्यक्षता में सम्पन्न

# निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### पेयजल व्यवस्था पर विशेष चर्चा

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री पंवार ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने जल स्त्रोतों की वर्तमान स्थिति, टंकियों की साफ-सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों की कार्यशीलता तथा आवश्यकतानुसार टैंकर व्यवस्था की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की सतत मॉनिटरिंग की जाए और जहां भी समस्या की आशंका हो, वहां पहले से वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखी जाए। पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

### स्कूलों की आगामी सत्र की तैयारी

मंत्री पंवार ने शिक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, कक्षाओं की स्थिति एवं बैठने की व्यवस्था की जानकारी ली। आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में समयपूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जनपद अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर, जनपद सीईओ मंडल, एसडीएम गोविंद दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा से उज्ज्वल होता है भविष्य, शिक्षा समाज और देश की नींव

## अर्धसैनिक बलों में चयन पर किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शिक्षा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। शिक्षा के माध्यम से ही युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनता है और देश को सशक्त दिशा मिलती है। यह बात प्रदेश महामंत्री एवं नगरपालिका अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार ने द परफेक्ट कोचिंग संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही।

अर्धसैनिक बलों में सात विद्यार्थियों के चयन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज का आईना है और मेहनत, अनुशासन व समर्पण से ही सफ लता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अर्धसैनिक बलों में चयनित विद्यार्थियों में कुमकुम परमार पिता लक्ष्मीनारायण निवासी ग्राम झाड़पिपल्या का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, खुशबू मेवाड़ा पिता नारायण सिंह निवासी ग्राम रानी बड़ौद का चयन सीमा सुरक्षा बल, नीलू परमार पिता हिंदू सिंह निवासी ग्राम टीकोद का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भावना परमार पिता राधाकृष्ण निवासी ग्राम बिशनखेड़ा का चयन सीमा सुरक्षा बल, चेतन गोस्वामी पिता दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम रसूलपुरा खुजनेर का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महेंद्र मेवाड़ा निवासी सलसलाई का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा कान्हा कलमोदिया पिता संतोष निवासी ग्राम तिलावद का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्याम परमार, विजेंद्र सिसोदिया, जितेंद्र विश्वकर्मा, अरमान खान, रवि विश्वकर्मा एवं राज चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 103वां गंगावाड़ी मवेशी मेला कल से

**महिदपुर।** नगर की ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगरपालिका महिदपुर द्वारा इस वर्ष 103वें गंगावाड़ी मवेशी मेले का आयोजन 15 फरवरी से 03 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ 15 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे मेला कार्यालय पर विधिवत रूप से किया जाएगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों एवं व्यापारियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। मेले के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। 24 फरवरी को भजन संध्या, 27 फरवरी को अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता तथा 01 मार्च को भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री राजा यादव ने उक्त जानकारी देते हुए आमजन से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों में सहभागिता करें तथा मेले को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।


### न्यायालय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय, कुटुम्ब न्यायालय इन्दौर (म.प्र.) के समक्ष

**एचएमए प्रकरण क्रमांक-2153/2025**
**दिनांक-6/02/2026**

**श्रीमती प्रियंका जाटव विरूद्ध यशवंत उर्फ संदीप जाटव उम्र 30 वर्ष, धंधा- गृहकार्य निवासी- 48, बजरंग नगर, इन्दौर (म.प्र.)**
**विरूद्ध**
**यशवंत उर्फ संदीप जाटव पिता स्व. कन्हैयालाल जाटव उम्र 34 वर्ष, धंधा- नौकरी निवासी- 220/4, गौतम मार्ग, नामदारपुरा, उज्जैन (म.प्र.)**
**प्रेषिति :-**
**यशवंत उर्फ संदीप जाटव पिता स्व. कन्हैयालाल जाटव उम्र 34 वर्ष, धंधा- नौकरी निवासी - 220/4, गौतम मार्ग, नामदारपुरा, उज्जैन (म.प्र.)**

प्रार्थी ने प्रतिप्रार्थी यशवंत उर्फ संदीप जाटव पिता स्व. कन्हैयालाल जाटव के विरुद्ध धारा 13 (1) (1-क) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह विच्छेद प्राप्ति हेतु प्रकरण क्रमांक 2153/2025 प्रस्तुत किया गया है। प्रतिप्रार्थी को इस न्यायालय में तारीख 10/04/2026 को दिन में 11:00 बजे उक्त याचिका का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सूचित किया जाता है कि, आप न्यायालय में स्वयं उपस्थित हो। आपको यह निर्देशित किया जाता है कि, उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हों या ना हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ब की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे।

आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो याचिका की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगां

उक्त दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश हो था पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो या न्यायालय रिक्त हों तो प्रकरण आगामी दिनांक की सुनवाई हेतु लिया जायेगा।

यह आज दिनांक 6/2/26 को मेरे हस्ताक्षर के और न्यायालय की (आर. के. दोन) मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(आर. के. जैन)**
**प्रधान न्यायाधीश के अति.**
**न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.)**



### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 26, भूमि सर्वे क्रमांक 1869,1870, 1871, 1872/1 एवं 1874/1 स्थित मायापुरी कॉलोनी (हीरामील चाल के पीछ) आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 74.42 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम मे- 5.0 फीट गली, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 25 अन्य का, दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक 27 चंदाबाई का स्थित है। उक्त सम्पत्ति कन्हैयालाल वाडिया पिता रामनारायण वाडिया ने इसके पूर्वस्वमी मांगीलाल पिता स्व. श्री जगन्नाथ से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक 1A/5660 दिनांक 14/12/2011 के माध्यम से क्रय कि। एवं कन्हैयालाल वाडिया का स्वर्गवास दिनांक 02/11/2020 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर श्रीमति रूपमति वाडिया पति स्व. श्री कन्हैयालाल वाडिया, पुत्रगण शुभम वाडिया, संदीप वाडिया, अभिषेक वाडिया एवं पुत्री खुशी वाडिया पिता स्व. श्री कन्हैयालाल वाडिया ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 2634/2025/7PT जावक न.186 दिनांक 27/01/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया तथा श्रीमति रूपमति वाडिया आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी 01-श्री संजय पोरवाल पिता श्री मांगीलालजी पोरवाल, 02-श्रीमती मधुबाला पोरवाल पति श्री संजय पोरवाल, दोनो निवासी-30 संत नगर, सांवेर रोड उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ नगर पालिक निगम पुराना क्रमांक-6/338 नया क्रमांक-21 का उत्तर पश्चिम दिशा वाला भाग जिसका वर्तमान क्रमांक-21 का उत्तरी भाग होकर ₹अमरसिंह मार्ग₹ फ्रीगंज उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनो ओर समान 13.73 मीटर तथा चौडाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनो ओर समान 03.61 मीटर होकर कुल क्षेत्रफल-49.565 वर्गमीटर अर्थात 533.315 वर्गफीट तथा भूखण्ड की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में मकान संतोष कुमार बाफना का, पश्चिम दिशा में-पोर्च बाद सडक सरकारी, उत्तर दिशा में मकान काबराजी का व दुष्यानीजी का तथा दक्षिण दिशा में-शेष भाग भूखण्ड बाद मकान तेजकुमार उर्फ राकेशकुमारजी का स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री लक्ष्मणसिंह सलूजा पिता स्व. श्री प्रेमसिंह सलूजा, निवासी-4 दिप्ती परिसर, इन्दौर रोड, उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भूखण्ड़ पर क्रय अनुबंधीत श्री लक्ष्मणसिंह सलूजा के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-12.02.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**



### जाहिर सूचना का खण्डन

श्री संजय बंसल एडव्होकेट, सी-5, भरतपुरी, प्रशासनीक प्रक्षेत्र, आर.टी. ओ. कार्यालय के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन द्वारा एक जाहिर सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र अवंतिका में दिनांक 10-02-2026 को तहसील ग्राम खुरचन्याप्रताप तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर के सम्बंध में करवाया गया है। उक्त प्रकाशन में उक्त कृषि भूमि को श्रीमती आशा पति स्व. महेन्द्रकुमार गट्टानी, नितीशा पिता महेन्द्रकुमार गटटानी निवासीगण 27 बी, सांईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड़ उज्जैन के द्वारा श्री संजय बंसल एडव्होकेट के पक्षकार को विक्रय करने के करार तथा उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में आपत्ति हेतु 7 दिवस का समय दिये जाने का वर्णन किया गया है। वास्तविकता में श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश महोदय, कनिष्ठ खण्ड महिदपुर के न्यायालय में एक वाद क्रमांक आर.सी.एस.ए. 115/2022, ग्राम खुरचन्याप्रताप तहसील महिदपुर स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 496, 497, 795/1 रकबा कमशः 0.56, 0.69, 0.18 हैक्टयर के सम्बंध में प्रस्तुत कर यह आधार लिया था कि उक्त कृषि भूमियां पैतृक कृषि भूमियां है, तथा उक्त कृषि भूमियों में से अन्य सहखातेदारो द्वारा जो कृषि भूमियां विकय की गई है, वह बगैर विभाजन कराये विक्रय की गई है। इस कारण बगैर विभाजन कराये उक्त कृषि भूमियों में से जो विक्रय पत्र सहखातेदार के द्वारा निष्पादित किया गया है, उसे निष्पादित कराने का सहखातेदारो को अधिकार प्राप्त नही है, उक्त वाद में उक्त अभिवचन किये जाने से श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी विबंधन के सिद्धांत के आधार पर विबंधित होने से श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा श्री संजय बंसल एडव्होकेट के पक्षकार के पक्ष में कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर के सम्बंध में किया गया करार बगैर विधिवत विभाजन कराये किया गया होने से अवैध है। इस कारण उक्त अवैध करार के आधार पर कृषि भूमि का विकय या अंतरण प्रारम्भ से ही शुन्य होगा तथा उक्त कृषि भूमि सर्वे नम्बर 497/1/1 रकबा 0.42 हैक्टयर भूमि भी उक्त वाद में वर्णित है तथा उक्त वाद में माननीय सिवील न्यायालय द्वारा उक्त वाद के अंतिम निराकरण तक कृषि भूमि को विक्रय करने से रोके जाने हेतु स्थगन आदेश जारी किया गया है। उक्त स्थगन आदेश वर्तमान में प्रचलनशील है। उक्त सिविल न्यायालय के वाद एवं उसमें पारित स्थगन आदेश के उपरांत भी श्रीमती आशा गटटानी एवं नितीशा गटटानी के द्वारा उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त सिवील वाद क्रमांक आर.सी. एस.ए. 115/2022 के अंतिम निराकरण तक उक्त कृषि भूमि के सम्बंध में किया गया विक्रय या अंतरण अवैध होगा। इस कारण वास्तविक स्थिती स्पष्ट करने हेतु यह जाहिर सूचना का खण्डन मेरे पक्षकार द्वारा प्रकाशित करवाया जा रहा है तथा श्री संजय बंसल एडव्होकेट एवं श्रीमती आशा गटटानी टानी एवं नितीशा गटटानी को व्यक्तिगत रूप से मेरे द्वारा सूचना पत्र भी प्रेषित किया जा रहा है। सौ सूचित हो। इति दिनांकः- 13-02-2026

**दीपक लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) मो.न. 90093-**

## राई की धुन नहीं बजाने पर सीने में गोली मारी

**सागर।** सागर में गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग ने एक मासूम की जान ले ली। मोतीनगर थाना क्षेत्र के गोला कुआं के पास बारात में अचानक चली गोली बैंड बजा रहे 15 वर्षीय बच्चे विवेक बंसल के सीने में जा धंसी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। विवेक परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस के मुताबिक, मोतीनगर स्थित सागर सरोज मैरिज गार्डन में सोनी परिवार का विवाह समारोह चल रहा था। बारात गोला कुआं से गार्डन की ओर बढ़ रही थी। बैंड पार्टी सबसे आगे चल रही थी। इसी दौरान भीड़ में शामिल एक युवक ने कट्टे से फायर कर दिया। गोली सीधे विवेक के सीने में लगी और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पडा। गोली चलते ही नाचते-गाते बारातियों में भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने फायरिंग करने वाले एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## सीधी में 40 करोड़ की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

**सीधी।** सीधी में जिला विपणन कार्यालय की 40 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। आरोप राकू कामदार ने इस भूमि पर रातों-रात 11 सिर वाली हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कर मंदिर निर्माण शुरू कर दिया है। उसका कहना है कि भगवान ने सपने में मुझे मंदिर बनवाने के लिए कहा था इसलिए बनवाया। इसमें किसी अनुमति लेने की कोई जरूरत ही नहीं। इस संबंध में जिला विपणन कार्यालय के अधिकारियों ने प्रशासन से शिकायत की है। प्रभारी जिला विपणन अधिकारी मंजुलता गौतम ने बताया कि विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के साथ ही कोतवाली थाना प्रभारी, एसडीएम, तहसीलदार और कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1 जनवरी की रात अंधेरे का फायदा उठाकर मूर्ति स्थापित की गई थी। मंजुलता गौतम के अनुसार, पटवारी को मौके पर भेजकर जमीन का नाप और स्थल पंचनामा कराया गया, जिसमें भूमि शासकीय पाई गई। तहसीलदार स्तर पर हुई प्रारंभिक जांच में भी यह पुष्टि हुई है कि संबंधित भूमि राकू कामदार की निजी नहीं है। जिला विपणन अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि जब उन्होंने अतिक्रमण का विरोध किया, तो उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की गई। इसके बाद उन्होंने थाना कोतवाली में आवेदन दिया।

## भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच में बारिश की आशंका

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60 प्रतिशत इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे। टीम इंडिया आज (13 फरवरी) रात कोलंबो पहुंच जाएगी। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया। 15 फरवरी को पूरे 24 घंटे बारिश का अनुमान है। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 60 से 50 तक बारिश हो सकती है। मैच के दौरान शाम 7 से रात 12 बजे तक भी 10 से 20 तक बारिश की अनुमान जताया गया है।

## एअर इंडिया पर 1 करोड़ का जुर्माना, नियमों का पालन नहीं

**नई दिल्ली।** भारत के नागरिक उड्डयन नियामक ने एअर इंडिया पर 1.10 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एक एयरबस विमान को बिना एयरवर्थनेस रिव्यू सर्टिफिकेट' (विमानल उड़ाए जाने योग्य है या फिटनेस सर्टिफिकेट) के 8 बार उडाए जाने के कारण की गई। एक गोपनीय आदेश में कहा है कि इस चूक से देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन पर जनता का भरोसा और कम हुआ है। अनुसार मामला 26 नवंबर 2025 का है, जब एअर इंडिया ने खुद को इस चूक की जानकारी दी थी। कंपनी ने बताया था कि उनके एक एयरबस 320 नियो विमान का एयरवर्थनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका था। फिर भी उसे 24 और 25 नवंबर को 8 रेवेन्यू सेक्टर्स (व्यावसायिक उडानों) में इस्तेमाल किया गया। इसके बाद 2 दिसंबर को ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच पूरी होने के बाद अब रेगुलेटर ने जुर्माना लगाया है।

## एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज चीफ विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सूरज की मौत हो गई। वह कई सालों से सलेम में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि सूरज की कुछ समय पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। इस घटना पर विपक्षी पार्टी अन्नद्रमुक ने तंज कसा। प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा- ऐसा लगता है कि विजय की रैली में शामिल होना है तो लोगों को ताबूत साथ ले जाना चाहिए। कोवई सत्यन ने घाना के मशहूर डांसिंग पेलबियरर्स का वीडियो शेयर किया, जो ताबूत उठाकर खास अंदाज में नाचने के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं।

## मुख्तार के शूटर शोएब की दिनदहाडे हत्या

**सरफराज वारसी।** बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह 50 साल का था। वारदात शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे हुई, जब वह कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। हाईवे से 100 मीटर आगे बढ़ते ही दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उसकी कार पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए।

# पुलिस लाइन में जनरल परेड संपन्न

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन आगर में जनरल परेड का आयोजन अनुशासित एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा उत्कृष्ट टर्न-आउट एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कदम से कदम मिलाकर अभ्यास किया गया, जिसमें तालमेल, समय-पालन एवं त्वरित प्रतिक्रिया की उत्कृष्ट झलक देखने को मिली। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ली गई। परेड का संचालन सूबेदार जगदीश यादव एवं उपनिरीक्षक सुनीता परिहार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा नवग्रह वाटिका का निरीक्षण कर स्वच्छता, रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके पश्चात नवनिर्मित एसएएफ बैरिक का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों के आवासीय एवं कार्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। एम.टी. परिसर का निरीक्षण कर वाहन रख-रखाव, संसाधन प्रबंधन एवं कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार का भी अवलोकन किया गया, जिसमें हथियारों की स्थिति, सुरक्षा मानकों एवं अभिलेखों की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के अंत में ऑर्डरली रूम (ओ-आर.) आयोजित कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया एवं उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस जनरल परेड के आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा, सभी थाना प्रभारीगण सहित 80 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ जनसेवा करने का संदेश देते हुए प्रोफेशनल कार्यशैली बनाए रखने पर जोर दिया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी हीरालाल राठोर पिता श्री मोहनलाल राठोर जाति तेली निवासी व कृषक ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैरन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 253 रकबा 0.54 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.20 हैक्टर बरूख दक्षिण दिशा की भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.20 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 13-02-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो.नं.8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी संदीप पाटीदार पिता श्री तेजकरण निवासी उज्जैन व कृषक ग्राम कलेसर तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 20/1/1 रकबा 0.40 हेक्टर, सर्वे नम्बर 20/1/2 रकबा 1.02 हेक्टर, सर्वे नम्बर 20/2/1 रकबा 1.22 हेक्टर, सर्वे नम्बर 20/2/2 रकबा 0.20 हेक्टर, भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 2.84 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कलेसर तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 13-02-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788**

## In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्री अर्पित जैन**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन**
**प्रकरण क्रमांक (MjC SUC/0000069/2025)**
**संजय नागर....... आवेदक**
**विरुद्ध**
**सर्वसाधारण....... अनावेदक**

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 12/03/2026

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं. 1 संजय नागर पिता स्व. देवीलाल नागर, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-प्रायवेट नौकरी, क्र.2 राकेश पिता स्व. देवीलाल नाग, आयु-57 वर्ष, व्यवसाय भृत्य, निवासीगण 92 महावीर नगर पिपलीनाका उज्जैन, क्रं.3 श्रीमती रेखा पति स्व. श्री ओमप्रकाश नामदेव, आयु-53 वर्ष, व्यवसाय-आंगनवाडी कार्यकर्ता बिस्तारिया पुरा इंदौर रोड अलिपुर तहसील आष्टा जिला सिहोर की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन उनके पिता श्री देवीलाल पिता स्व. श्री मांगीलाल नागर जिनवासी 92 महावीर नगर पिपलीनाका उज्जैन, अनावेदक क्र.2 विक्रम विश्विद्यालय उज्जैन द्वारा कुल सचिव, देवास रोड उज्जैन मप्र व अनावेदक क्र.3 माधय वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य पिपलीनाका के पास उजैन के कर्मचारी होकर अनावेदक क्र.3 के अधीनस्थ माधव कामर्स एण्ड आर्ट कालेज में बुक लिफ्टर के पद पर कार्यरत थे। आवेदकगण के पिता श्री देवीलाल दिनांक 31/08/1999 को सेवानिवृत्त हुए थे तथा इंडियन बैंक की शाखा फ्रीगंज उज्जैन के खाता क्र. 20047874817 के माध्यम से पेशन प्राप्त कर रहे थे तथा दिनांक 04/12/2024 को उनका देहावसान हो चुका है। मृतक द्वारा कोई वसीयत नहीं की है। आवेदकगण की माता श्रीमती सुमनबाई का देहावसान दिनांक 01/06/2011 को हो चुका है। मृतक श्री देवीलाल नागर द्वारा इंडियन बैंक के अपने पेशन के बैंक खाते में आवेदक क्रं. 1 संजय नागर को नॉमिनी बनाया था जिसकी राशि खाता बंद होने पर आवेदक क्र.2 व 3 को कोई आपत्ति नहीं होने से आवेदक क्र.1 को प्राप्त हो चुकी है। आवेदकगण को अनावेदक क्र.3 के माध्यम से यह ज्ञात हआ है कि मृतक श्री देवीलाल पिता स्व. श्री मांगीलाल नागर की कुछ बकाया एरियर की राशि रुपये 129085 रुपये उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से अनावेदक कं. 2 व 3 के पास जमा है। उक्त राशि आवेदक क्र.1. संजय नागर को भुगतान किये जाने में आवेदक क्र.2 व 3 को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है जिसके संबंध में शपथ पत्र अनापत्ति आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया है। आवेदकगण पता ने मृतक श्री देवीलाल पिता स्व.श्री मांगीलाल नागर निवासी- 92 महावीर नगर पिपलीनाका उज्जैन की अनावेदक क्र.2 व 3 के पास जमा उक्त एरियर की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12 मार्च 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक सरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12 मार्च 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारिख 09 फरवरी 2026 की मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा** | **न्यायाधीश**
**( अर्पित जैन )**
**नवम् व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खण्ड जिला-उज्जैन ( मप्र )**

## जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार नेनीबाई उर्फ गुड्डी बाई पति बनेसिंह जी, निवासी तकीपूरा तहसील देपालपुर जिला इन्दौर एवं कृषक ग्राम उज्जैनिया तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि कृषि भूमि, जिसका भूमि सर्वे नम्बर 1482/1 रकबा 0.67 हेक्टेयर में से हक हिस्सा अनुसार रकबा 0.59 हैक्टर भूमि, स्थित ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिठ्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेत्तापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-13-02-2026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता-दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 94240-14405, 9425042552**

## जाहिर सूचना का उत्तर

यह कि. दिनांक 09/02/2026 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में मयंक झालानी पिता श्यामप्रसाद जी झालानी निवासी 34, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग दौलतगंज उज्जैन के मकान नं. 121/2, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग दौलतगंज उज्जैन के विक्रय के संबंध में उनके अभिभाषक गौरव गोदावत पता दुकान नं. डी.एफ. 07, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स देवास रोड़ उज्जैन के द्वारा एक जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई गई थी जिसका उत्तर मेरे पक्षकार मोहित आहुजा एवं लोकेश कुमार आहुजा, निवासी 1/1, फ्रीगंज उज्जैन के स्वत्व स्वामित्व का मकान 121/1, अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग पर स्थित है। जिसको रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय किया था जिसका नम्बर एम.पी.432022021ए 1862928 है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में सड़क अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, पश्चिम की ओर मकान श्री भेरूलाल इंदरमल मारू, उत्तर में शेष मकान मंयक झालानी का दक्षिण में सड़क सरकारी मिली हुई है। उक्त दुकान के पास मंयक झालानी की उत्तर दिशा की दुकिान है और उक्त दोनों दुकान की एक ही दिवार है उक्त दुकान के अंदर दिवार 10 इंच है जिसमें से 5-5 इंच पर दोनों का आधिपत्य है और उक्त दुकान जो मेरे पक्षकार ने द्वारकादास जुगलकिशोर जवेरी ट्रस्ट उज्जैन से दिनांक 11/10/2021 को क्रय की थी तब से ही मेरे पक्षकार का उक्त दिवार पर स्वत्वहित व स्वामित्व है और मेरा पक्षकार ही उक्त दिवार का उपयोग कर रहा है और उपरोक्त आधी दिवार के संबंध में कोई क्रय विक्रय किया जाता है तो वह शुन्य होगा क्योंकि उत्तरदाता ने उपरारोक्त दुकान को क्रय करते समय आधी दिवार पर अपना स्वामित्व प्राप्त कर लिया था ओर उक्त दिवार पर आधिपत्य के संबंध में मेरे पक्षकार की रजिस्ट्री के नक्शे में भी वर्णन है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। दिनांक 13/02/2026

**दीपक पंवार हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय: 21, घटकर्पर मार्ग**
**फ्रीगंज उज्जैन मो. 9424014170**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि सर्वे क्रमांक 106/4/2 रकबा 0.075 हेक्टेयर भूमि (8072.00 वर्गफीट) स्थित ग्राम कमेड़ तहसील घट्टिया जिला उज्जैन पर स्थित है, जिसकी चर्तु:सीमा इस प्रकार है-पूर्व में विनोद यादव की भूमि, पश्चिम में जसवंत सिंह की भूमि, उत्तर में रोड, दक्षिण में अन्य की भूमि स्थित है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी नन्द किशोर शर्मा पिता राधेश्याम शर्मा से किया गया है एवं मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी को उक्त सम्पत्ति के क्रय पेटे बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन भी करवा लिया केवल विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना शेष है, अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा सम्पत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**श्रीमति मन्जू मेहता, अभिभाषक**
**कार्यालय ऑफिस क्रमांक 102. प्रथम मंजिल PCR Square SP ऑफिस के सामने, डी.पी. ज्वेलर्स के पास वाली बिल्डिग माधव नगर फ्रीगंज, उज्जैन ( म.प्र. )।**
**सम्पर्क- 82250 51125**

## महाशिवरात्री पर्व पर बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर पार्किंग व्यवस्था की

**आगर मालवा।** यातायात सुबेदार जगदीश यादव ने जानकारी देते हुवे बताया कि दिनांक 15/02/2026 को महाशिवरात्री पर्व के अवसर पर बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर सुसनेर रोड़ आगर मालवा में दर्शन करने बडी दूर दूर से भक्तजन बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन के लिए आते है । आने वाले दर्शनार्थीयों / श्रृद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था एवं प्रतिबंधित मार्ग निम्नानुसार रहेगें- दर्शनार्थी रात्रि 02.00 बजे से मुख्य गेट (कोटा रोड़) से सिर्फदो पहिया वाहनो से एवं पैदल प्रवेश कर सकेगे सभी प्रकार के चार पहिया (जिसमें ऑटो भी शामिल है) एवं बड़े वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। विकलांग, बुजुर्गों व बीमार ऑटो को उपयोग कर सकेगे । मुख्य गेट से आने वाले दो पहिया वाहन अपने दो पहिया वाहनों को नवीन पार्किंग स्थल (बैजनाथ निपानिया पुलिया से) पर अपने दो पहिया वाहन पार्क करेगे । दो पहिया वाहन चालक मैनगेट से पार्किंग स्थल तक अपनी गतिसीमा नियंत्रित रखे ताकि पैदल श्रृद्धालुओ को असुविधा न हो ।

ट्रेक्टर, पिकअप, बस, मैजिक एवं अन्य लोडिंग वाहनों से आने वाले दर्शनार्थी / श्रृद्धालु, वाहनों को जिला जेल व पुरानी आरामशीन से लगे मैदान /बाडे में पार्क करेंगे। उपरोक्त पार्किग स्थानो पर जेल रोड, हाई-वे से जेल के पास टर्न से, व हाई-वे से कंचन वेयर हाउस के सामने व अजय हाई-वे ऑटा फियूल पेट्रोल पम्प के पास से प्रवेश कर सकेगे । कसाई देहरिया से आने वाले श्रद्वालु अपने वाहन (समस्त प्रकार के) उसी मार्ग पर यज्ञशाला के पास बनी पार्किंग का उपयागे करेगे। वाहन चालक जिन्हे आगर से कसाई देहरिया / कसाई देहरिया से आगर को जाना है वे वैकल्पिक मार्ग (हेलीपेड से कसाई देहरिया पुलिया) का उपयोग कर सकेगे।

मुख्य पार्किंग स्थल में हेलीपेड ग्गाउण्ड, वैयरहाउस, खुले बाडो मे अपना दो पहिया व चार पहिया वाहन की पार्किंग कर सकेगे। हेलीपेड पर लगे बैरिकेटिग के बाद सिर्फ पैदल प्रवेश मिलेगा (इमरजेन्सी छोडकर ) ।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. एस-03 द्वितीय मंजिल श्रीमाया स्कवेयर 62 क्षपणक मार्ग माधव नगर सरकारी अस्पताल के सामने फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन पार्सल क्रमांक 80 का भाग नगर पचांयत उन्हेल के वार्ड क्रमांक 12 अनुसार बड़े साहब की गली उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफ्ल 500 वर्गफीट है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- बड़े साहब की गली, पश्चिम मे-राजेन्द्र जैन एवं सुनिता जैन का भवन, उत्तर में- कमलाबाई माली का भवन, दक्षिण मे- ओमजी पोरवाल का भवन स्थित है। उक्त संपत्ति आयुष मेहता पिता सत्यनारायण मेहता ने इसके पूर्वस्वामी राजेन्द्र जैन पिता स्व. बाबुलाल जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 43172021ए1481501 दिनांक 25/06/2021 के माध्यम से क्रय कि एवं आयुष मेहता ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध अनिता कुंवर पति राजेन्द्रसिंह से किया है। एवं अनिता कुंवर ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है तथा मेरी पक्षकार संस्था उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार किफ्स हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 26, भूमि सर्वे क्रमांक 1869,1870, 1871, 1872/1 एवं 1874/1 स्थित मायापुरी कॉलोनी (हीरामील चाल के पीछ) आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 74.42 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में-कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम में- 5.0 फीट गली, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 25 अन्य का, दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 27 चंदाबाई का स्थित है। उक्त सम्पत्ति कन्हैयालाल वाडिया पिता रामनारायण वाडिया ने इसके पूर्वस्वमी मांगीलाल पिता स्व. श्री जगन्नाथ से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक 1ए/5660 दिनांक 14/12/2011 के माध्यम से क्रय कि। एवं कन्हैयालाल वाडिया का स्वर्गवास दिनांक 02/11/2020 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर श्रीमती रूपमति वाडिया पति स्व. श्री कन्हैयालाल वाडिया, पुत्रगण शुभम वाडिया, संदीप वाडिया, अभिषेक वाडिया एवं पुत्री खुशी वाडिया पिता स्व. श्री कन्हैयालाल वाडिया ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 2634/2025/7 जावक न.186 दिनांक 27/01/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया तथा श्रीमति रूपमति वाडिया आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

दिनांक 13/02/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

न्यूज-कॉलम

## श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनेगा

**मन्दसौर।** श्री अमलेश्वर महादेव मंदिर में दिनांक 15 फरवरी, रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु ट्रस्ट द्वारा समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। महाशिवरात्रि के दिन मंदिर को विद्युत साज-सज्जा एवं पुष्पों से सजाया जायेगा। भगवान अमलेश्वर महादेव के दर्शन हेतु पुरुष एवं महिलाओं की अलग-अलग कतार लगाने की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल गुरू एवं सचिव सुरेश शर्मा द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व के दिन दोप. 1 बजे महारूद्राभिषेक एवं सायं 7 बजे महाआरती एवं प्रसादी वितरण के पश्चात रात्रि को मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

## श्री चौमुखा महादेव मंदिर पर होगा दो दिवसीय भव्य आयोजन

**रतलाम।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव-पार्वती विवाह महोत्सव एवं महाआरती का दो दिवसीय भव्य आयोजन श्री चौमुखा महादेव मंदिर, बागडो का वास में किया जा रहा है । आर.के. यादव मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में दिनांक 14 फरवरी (शनिवार) को दोपहर 2 बजे श्री चौमुखा महादेव मंदिर में हल्दी कार्यक्रम आयोजित होगा। उसी दिन रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में मेहंदी कार्यक्रम सम्पन्न होगा। तत्पश्चात मंदिर के बाहर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए काजल गुरु जागीरदार ने बताया कि सर्वप्रथम रत्नपुरी की महारानी श्री कालिका माता को हल्दी अर्पित की जाएगी, तत्पश्चात भगवान महादेव को हल्दी लगाने की विधि प्रारंभ की जाएगी।

## सुशील कुमार जैन ने किया देहदान का संकल्प

**रतलाम।** जैन कॉलोनी निवासी ९० वर्षीय सुशील कुमार जैन ने अपने निधन के बाद देहदान करने का संकल्प लेकर समाज के समक्ष प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने बड़े भाई स्व. शांतिलाल जैन से प्रेरित होकर यह निर्णय लिया और अपने पुत्रों महेंद्र, राजेश, वीरेंद्र (पप्पू) तथा पुत्री संगीता जैन की सहमति से चिकित्सा शिक्षा हेतु पार्थिव शरीर समर्पित करने की इच्छा व्यक्त की। भतीजे प्रो. मनोहर जैन एवं रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल के सहयोग से देहदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। देहदान घोषणा पत्र इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी रतलाम के माध्यम से डॉ. लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. अनिता मुथा को सौंपा गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं MALEKA IQBAL HUSAIN DARUGAR निवासी मकान नं. 60 वार्ड नं. 28 गोंदी चौक की मस्जिद के पास तैयबपुरा बोहरा बाखल मन्दसौर (एम.पी.) 458002 की होकर आज तारीख से अपना नाम परिवर्तन कर MALEKA DARUGAR रख रही है।

अतः सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि आज तारीख से मुझे मेरे नये नाम नाम MALEKA DARUGAR के नाम से जाना व पहचाना जावे।

भवदीय
MALEKA DARUGAR
W/O IKBAL HUSAIN
निवासी मकान नं. 60, वार्ड नं. 28 गोंदी चौक की मस्जिद के पास तैयबपुरा बोहरा बाखल मन्दसौर (म.प्र.) 458002

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी अवयस्क पुत्री NAQIYAH निवासी मोहल्ला तैयबपुरा बोहरा बाखल मन्दसौर (म.प्र.) 458002 की होकर आज तारीख से अपना नाम परिवर्तन कर NAQIYAH BARUDWALA रख रही है।

अतः सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि आज तारीख से मेरी अवयस्क पुत्री को नए नाम NAQIYAH BARUDWALA के नाम से जाना व पहचाना जावे।

भवदीय
HUSAIN BARUDWALA
S/O IQBAL HUSAIN
निवासी मोहल्ला तैयबपुरा बोहरा बाखल मन्दसौर (म.प्र.) 458002

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# शराब दुकान में दो लोगों ने मिलकर तोड़फोड़ कर फोड़ी बोतले

## कमीशन मांगा और जान से मारने की दी धमकी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रावटी में स्थित शराब दुकान में दो लोगों ने मिलकर तोडफोड़ की। एक युवक कुल्हाड़ी लेकर दुकान में घुसा। शराब की बोतलों को फोड़ दिया। दुकान पर बैठै सैल्समेन से कमीशन पर शराब देने व हर सप्ताह शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। तोड़-फोड़ की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी मैं कैद हो गई।

घटना गुरुवार रात 9,30 बजे की है। घटना का सीसीटीवी शुक्रवार सुबह सामने आया। देर रात में ही रावटी थाना पुलिस ने तोडफोड़ और धमकाने वाले तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

दुकान के सेल्समैन विजय जायसवाल निवासी ग्राम अरंगी जिला चन्दौली (उत्तरप्रदेश) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि वह रावटी में देशी विदेशी कम्पोजीट शराब दुकान पर सेल्समेन, हेल्पर का काम करता है। गुरुवार रात दुकान के अंदर बैठ कर हिसाब किताब कर रहा था। रात ९.३० बजे बद्री डोडियार निवासी मलवासी और अर्जुन गरवाल निवासी हरथल दुकान पर आए। इस दौरान वह गाली गलौज करने लगे। अर्जुन गरवाल दुकान के अंदर आया। गाली देते हुए कहने लगा कि हमें दारु कमीशन से क्यों नही देते हो। ऐसा कहते हुए अपने हाथ में लेकर आए कुल्हाड़ी से दुकान की रेक पर रखी शराब की बोतले फोड़ दी। जिससे करीबन 90 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

**डर के कारण दुकान से बाहर आया**

सेल्समैन ने बताया डर के कारण मैं दुकान के अंदर से बाहर आ गया। बाहर अर्जुन का साथी बद्री डोडियार मुझे धमकाने लगा की अगर तुम लोगों ने हमको दारु कमीशन से व हर हप्ते दारु पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो तुमको जान से खत्म कर देंगे। इतने में मेरे साथ दुकान पर काम करने वाला हिरामणी पिता श्रीसंतोष कुमार निवासी मउ जिला चित्रकुट (उत्तरप्रदेश) और पास की दुकान पर काम कर रहा धुलिया दोनों आ गए।

इस दौरान बद्री डोडियार और अर्जुन गरवाल का साथी मुन्नालाल मईडा व उसका एक अन्य साथी के साथ बाइक से आए। चारों वहां से बाइक से जाते जाते बोल रहे थे कि आज के बाद हम लोगों को दारू कमीशन से नहीं दिया या पीने के लिए रुपए नहीं दिए तो तुम्हारी दुकान में और तोडफोड करेंगे। घटना की जानकारी दुकान मैनेजर पप्पू तिवारी को फोन कर दी। उनके आने के बाद रावटी थाने पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रावटी थाना पुलिस ने बद्री डोडियार निवासी मलवासी, अर्जुन गरवाल पिता लालू निवासी हरथलऔर मुन्नालाल मईड़ा पिता कचरू निवासी बीड (रावटी) के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# नगर में विधायक व नपाध्यक्ष ने 40 लाख के कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा 13 फरवरी शुक्रवार को विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य एवं नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता में वार्ड क्रमांक 23 के स्कीम नंबर 7 स्थित कालका माता मंदिर परिसर में डोम का लोकार्पण तथा सीसी रोड व नाली निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित कर वार्ड वासियों को 40 लाख के विकास कार्यों की सौगात प्रदान की गई! कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री हेमंत हरित, सांसद प्रतिनिधि श्री आलोक मालू, लोक निर्माण सभापति श्री मनोहर मोटवानी, भाजपा जिला

महामंत्री श्री धनसिंह केथवास, जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल व पार्षद श्रीमती गुंजन विष्णु राठौर मंचासीन थे!

विदित हो कि वार्ड क्र.23 में डोम निर्माण हेतु विधायक श्री परिहार द्वारा मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत शासन से 20 लाख रुपए स्वीकृत कराए गए थे तथा अन्य राशि नगर पालिका द्वारा स्वीकृत कर विद्युत व्यवस्था सहित अन्य कार्य कराए गए! इसी के तहत नगर पालिका द्वारा 14.59 लाख की लागत से याकूब चाचा के मकान से बबलू यादव के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य स्वीकृत कीया गया!

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री परिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव के नेतृत्व में भाजपा हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, नीमच विधानसभा क्षेत्र की हर पंचायत में तथा नीमच शहर में छह स्थानों पर डोम निर्माण करवाए गए हैं ताकि गरीब वर्ग के साथ ही हर वर्ग के लोगों के शादी ब्याह व अन्य कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध हो और टेंट आदि ना लगाना पड़े! श्री परिहार ने कहा कि शहर में बहन स्वाति चोपड़ा के नेतृत्व में सड़कों का चौड़ीकरण, पानी, बिजली,सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाए नागरिकों को उपलब्ध करवाने के साथ ही निरंतर विकास कार्य करवाकर शहर के विकास को गति प्रदान की जा रही है! इस अवसर पर विधायक श्री परिहार ने मंदिर में भजन कीर्तन हेतु महिला मंडली को माइक व ढोल मजीरे हेतु 25 हजार स्वीकृत करने की घोषणा की!

## महाशिवरात्रि पर भव्य सम्मान साफा वाहन रैली निकलेगी

**रतलाम।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जवाहर व्यायामशाला परिवार (अम्बर ग्रुप) द्वारा दौलत जाट पहलवान के नेतृत्व में आगामी 14 फरवरी, शनिवार को विशाल सम्मान साफा (वाहन) रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में हजारों की संख्या में युवा पारंपरिक साफा पहनकर शिरकत करेंगे। आयोजन की शुरूआत शनिवार प्रातः 10 बजे जवाहर व्यायामशाला परिसर से होगी। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए क्षेत्र के तकरीबन 20 से अधिक अनुभवी साफा बांधने वाले उस्ताद मौजूद रहेंगे, जो कार्यक्रम स्थल पर ही युवाओं के सिर पर पारंपरिक साफा सजाएंगे।

इन मार्गों से गुजरेगी रैली व्यायामशाला परिसर से प्रारंभ होकर यह वाहन रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, जिनमें शामिल हैं। सैलाना बस स्टैंड एवं शहर सराय, धानमंडी और नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, माणकचौक एवं घासबाजार, चांदनी चौक और त्रिपोलिया गेट से होकर रैली का समापन प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर पर होगा, जहाँ भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक और महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसादी का वितरण होगा। जवाहर व्यायामशाला के संचालक दौलत पहलवान, सूरज पहलवान, अम्बर पहलवान, अभिषेक पहलवान, वैभव पहलवान, मयंक पहलवान, गौरव पहलवान एवं अमन पहलवान ने संयुक्त रूप से शहर की धर्मप्रेमी जनता और युवाओं से आह्वान किया है कि वे अपने इष्टमित्रों सहित बड़ी संख्या में इस आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएं और रैली को सफल बनाएं।

# एक साल के इलाज और काउंसलिंग के बाद यूपी की युवती की हुई घर वापसी




## बिछड़ी बहन को मिला भाई, परिजनों की आंखें भर आई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय अनामिका जनकल्याण सेवा समिति के प्रयासों से उत्तर प्रदेश की एक युवती एक साल बाद अपने परिवार से मिल सकी। शुक्रवार को जब भाई मोहम्मद शाहिद अपनी बहन लाएबा को लेने पहुंचा, तो दोनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

बताया गया है कि यूपी के शामली जिले की रहने वाली लाएबा की मानसिक स्थिति इतनी खराब थी कि घरवाले उसे सांकल से बांधकर रखने को मजबूर थे। 2 फरवरी 2025 को वह लापता हो गई थी और ट्रेन के जरिए मंदसौर पहुंच गई। जीआरपी ने उसे वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से आश्रय गृह भेजा था।

संस्था की संचालिका अनामिका जैन ने बताया कि जब लाएबा यहां आई थी, तब वह बेहद हिंसक थी और गाली-गलौज करती थी। संस्था ने एक साल तक उसका इलाज और काउंसलिंग की, जिससे वह पूरी तरह सामान्य हो गई। युवती द्वारा पता बताने पर संस्था ने यूपी पुलिस से संपर्क किया। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण संस्था ने अपने खर्च पर भाई को मंदसौर बुलाया। भाई शाहिद ने भावुक होते हुए कहा कि बहन के मिलने से घर में एक साल बाद खुशियां लौटी हैं।

# जिला अस्पताल में बड़ी लापरवाही- नसबंदी के बजाय महिला की काट दी पेशाब की थैली

## डॉक्टर बोलीं आंतें चिपकी होने से हुई जटिलता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिला चिकित्सालय में एक डॉक्टर की कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। नसबंदी का ऑपरेशन करवाने आई एक महिला के मूत्राशय (पेशाब की थैली) में कट लग गया। वर्तमान में महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है और वह आईसीयू में भर्ती है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम अचेरी निवासी शबाना पति शाहिद मेव गुरुवार सुबह परिवार नियोजन के तहत नसबंदी ऑपरेशन के लिए अस्पताल पहुंची थीं। परिजनों के अनुसार, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रिया बघेल ने ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन नसबंदी की नस काटने के बजाय गलती से पेशाब की थैली पर कट लगा दिया। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया कि गलती छिपाने के लिए अस्पताल स्टाफ ने परिजनों के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। यह भी आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रबंधन ने उनसे एक कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए हैं। उन्होंने दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले पर डॉ. प्रिया बघेल का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान पता चला कि महिला की आंतें और पेशाब की थैली आपस में चिपकी हुई थीं। इस मेडिकल जटिलता के कारण नसबंदी संभव नहीं थी और परिजनों को स्थिति की जानकारी दे दी गई थी। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

## युवा उद्यमी ने लहसुन प्रसंस्करण ईकाई स्थापित कर,हूए आत्मनिर्भर

**नीमच।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और आत्म निर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही हैं। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के माध्यम से नीमच के युवा उद्यमी श्री पूरबसिह ने नीमच की कृषि उपज मण्डी चंगेरा के पास में लहसुन प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना की हैं। पूरबसिह ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 24-25 में योजना का लाभ लेकर लहसुन प्रसंस्करण उद्योग प्रारंभ किया हैं। इस उद्योग में लहसुन की कली निकालकर लहसुन की कली की ग्रेडिंग एवं आकर्षण पेकिंग कर अहमदाबाद विक्रय कर रहे हैं। आज उनकी इस यूनिट में 7 से 8 स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा हैं। युवा उद्यमी पूरबसिह नीमच जिले सहित अहमदाबाद व अन्य शहरों में लहसुन कली की पैकिंग कर विक्रय कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं।

# देश को समद्दशाली बनाने में विकराल समस्याओं का भी करना होगा समाधान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

देश के 2026-27 के प्रस्तावित बजट में देश को समृद्ध शाली बनाने में रोड़ा अटकाने वालीं विकराल समस्याओं का भी समाधान करना होगा ?

सोशल वर्कर डॉ. मदनलाल गांगले ने प्रस्तावित बजट प्रस्तावों 2026-27 के बारे में बताया है कि आजादी के बाद से सन 1951 की पहली पंचवर्षीय योजना को लागू करने से देश के नियोजित विकास को लेकर एवं निरन्तर रुप से देश को प्रगतिशील बनाने के लिये प्रति वर्ष बजट पारित किया जाता रहा हैं लेकिन देश को समृद्ध शाली तथा विकसित बनाने में रोड़ा अटकाने वालीं और जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में रुकावट डालने वालीं विकराल समस्याएं अभी भी जस की तस ही है। जनसंख्या वृद्धि की समस्या, बढ़ती बेलगाम महंगाई , बेरोजगारी, बढ़ता भ्रष्टाचार, अन्तरिक और ब्राह्म ऋण भार की समस्या, छोटे लघु और सीमांत किसानों के लिए महंगे बैंक कर्ज, ब्याज रहित ऋण की समस्या, आजादी के बाद से निरन्तर डालर की तुलना में भारतीय रुपये का घटता मूल्य, ग्रामीण नगरीय क्षेत्रों में रोजगार की समस्या, आदि अनेकों समस्याएं हैं ।जिनका पूर्णतः समाधान आजादी के बाद से अर्थात इतने अधिक वर्षों के बाद भी आज तक पूर्णतः नहीं हो पाया है ! पर ऐसी बात भी नहीं हैं कि बजट पारित होने से देश हित की समस्याओं का समाधान ही नहीं हुआ है ! जरूर हुआ है, पर उतना नहीं जितना हम समझ लेते हैं !

बजट से कुछ हद तक देशें में आये प्रगतिशील तब्दीली परिवर्तन से इंकार भी नहीं किया जा सकता है ! लेकिन गरीबों के हित में बना बजट, अमीरों और प्रभावशाली लोगों के हित में कैसे चला जाता है यह विचारणीय प्रश्न है ! आजादी के बाद से आर्थिक विकास को लेकर बजट पारित किया जाता रहा हैं देश के चिंतक, सत्ताधारी और अर्थशास्त्री एक ही सुर में यही कहते आये हैं कि पारित बजट आर्थिक विकास के लिए कारगर साबित होगा फिर देश के विकास में बाधक बनने वाली ये ने यह भयंकर समस्याएं अभी तक जस की तस क्यों है ?

डॉ. गांगले ने यह भी कहा है कि अभी हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2026-27 के लिए देश को समृद्ध शाली, प्रगतिशील बनाने के लिए प्रस्तावित बजट बनाया गया है ! प्रस्तावित बजट में छोटे, लघु, और सीमांत किसानों को कृषि क्षेत्र एवं कार्य के लिए बैंक से ब्याज रहित कर्ज उपलब्धता का प्रावधान भी नहीं किया गया है ! कृषि क्षेत्र के किसानों को कृषि की हर वस्तु भी किफायत भाव से आसानी से उपलब्ध हो बजट में ऐसा प्रावधान भी हो !

डालर की तुलना में रुपये के गिरते मूल्य को ऊंचा उठाने के लिए भी ठोस कार्रवाई करनी होगी ! अन्यथा आगे भी डालर, रुपये को पछाड़ते ही रहेगा ! अब देखना यह है कि इस वर्ष के 2026-27 के बजट प्रावधान से वर्षों से लगातार चली आ रही यह समस्याएं, चुनौतियां, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, जनसंख्या वृद्धि, भ्रष्टाचार, बढ़ता कर्ज आदि जस की तस रहती हैं या इनका समाधान हो पाता है ! जब तक पारित बजट के मार्ग की उक्त बाधाओ का पूर्णतः समाधान नहीं किया जाता है तब तक भारत को पूरी तरह विकसित, समृद्ध शाली राष्ट्र बनाने का सपना अधूरा ही रहेगा ।



## बाबा भोलेनाथ के विवाह के अंतर्गत की हल्दी की रस्म

**मंदसौर।** स्थानीय स्नेह नगर स्थित प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला उत्साहपूर्वक शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में बाबा भोलेनाथ के विवाह की रस्मों के अंतर्गत हल्दी की रस्म श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस मांगलिक अवसर पर बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने भाग लेकर भगवान को हल्दी अर्पित की और मंगल गीतों के साथ माहौल को शिवमय बना दिया। नगर की महिला मित्र मंडल की सदस्य इस पूरे आयोजन में विशेष रुचि और उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभा रही हैं। मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने बताया कि आज 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से मंदिर परिसर में मेहंदी रस्म का आयोजन किया जाएगा। इस रस्म के लिए सभी महिला श्रद्धालुओं से विशेष रूप से च्हरी ड्रेसज पहनकर आने का आग्रह किया गया है। वहीं, इसी दिन रात्रि 8 बजे भव्य महिला संगीत का आयोजन होगा, जिसमें महिलाएं अपनी मनपसंद वेशभूषा में सम्मिलित होकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा का गुणगान करेंगी। मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम शर्मा ने नगर की सभी ने सभी से पधारकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया है।

## जला बाल संरक्षण इकाई मंदसौर द्वारा कार्यशाला आयोजित



**मन्दसौर।** किमिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत किशोर न्याय के प्रावधानों के तहत बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के सकारात्मक उपाय के सिद्धांत के अनुसार परिवार और समुदाय में सभी संसाधनों को जुटाकर बच्चों की भलाई को बढ़ावा देने एवं कमजोर बच्चों की पहचान को सुगम बनाया जा कर एक समावेशी और सक्षम वातावरण तैयार किये जाने हेतु प्रदेश में वल्नरेबिलिटी मैपिंग किये जाने के निर्देश के पालन में प्रथम चरण में नगरपालिका सभा कक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई, मंदसौर द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी 9 परियोजना के सभी पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटरो ने भाग लिया। कार्यशाला में उडयन केयर एवं ममता टीम द्वारा वर्नेबिलिटी मैपिंग टूल का प्रशिक्षण दिया एवं जिले में होने वाले वर्नेबिलिटी मैपिंग सर्वे संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, विशेष पुलिस इकाई, जिला योजना विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सदस्य किशोर न्या य बोर्ड, सदस्य बाल कल्याकण समिति उपस्थित रहे। जिनके साथ आगामी कार्ययोजना की चर्चा की गई एवं वर्नेबिलिटी मैपिंग से तैयार सूची को विभिन्न विभागों की योजनाओं से जोड़ने हेतु कार्यवाही करने हेतु कार्य के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई एवं सहायक संचालक मनीष कुमार आटोडिया ने वर्नेबल मैपिंग हेतु जिले की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला।

## तेज डीजे बजाकर किया प्रतिबंधित आदेश का उल्लंघन, संचालक पर मामला दर्ज

**मंदसौर ।** प्रतिबंधित आदेश के बावजूद डी.जे. साउण्ड के संचालक द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने पर उसके खिलाफ कार्यवाही कर डी.जे. साउण्ड सहित पिकअप वाहन को जब्त किया। प्राप्त जानकारी अनुसार यह मामला जिले के दलौदा में जैन मंदिर के पास 12 फरवरी की रात करीब 10.30 बजे का है। वारे साँवरिया ब्रांड राहत चेतक डीजे. संचालक गोपाल मीणा द्वारा महू-नीमच हाईवे जैन मंदिर के पास दलौदा में डी.जे. को तेज आवाज में बजा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन नं. एमपी 09 जी ई 3281.8 स्पीकर, 6 लाउड स्पीकर, 4 एम्पलीफायर जब्त किये। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के चलते जिला दण्डाधिकारी द्वारा डी.जे. साउंड तेज बजाने आदि को प्रतिबंधित किया गया है उसके बावजूद उक्त डीजे तेज आवाज में बजाकर आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था जिस पर पुलिस ने यह कार्यवाही करते हुए डीजे. संचालक गोपाल मीणा निवासी रामगढ़ थाना प्रतापगढ़ (राज.) के खिलाफ दलौदा थाने पर 223 बीएनएस एवं 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धाराओं व मोटर व्हीकल एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## किसानों को सरकार तत्काल मुआवजा दे, कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन- सिसौदिया



**पिपलिया मंडी।** क्षेत्र में विगत दिवस हुई ओलावृष्टि एवं तेज बेमौसम बारिश से अफीम,गेंहू,चिया,लहसुन सहित अन्य फसलों में भारी नुकसान हुवा व फसले पूरी तरह चौपट भी होगई किसानों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी हमारे खेतो में जाकर नुकासानी को देखा व कहा था कि संकट के इस समय मे सरकार पीड़ित किसानों के साथ खड़ी है ।लेकिन बारह दिनों के बाद भी किसानों के खाते में किसी प्रकार का कोई मुआवजा राशि किसी भी किसान के खातों में नही आई। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे परशुराम सिसौदिया,सह सचिव मुकेश निडर,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेसनेता अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य गणपत पंवार,विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर आदि ने पुनः ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की किसानों ने बताया कि 12 दिनों बाद भी कोई मुआवजा नही मिला नही कोई राजस्व विभाग का कर्मचारी या अधिकारी खेतो में फसल नुकसानी को देखने नही आया है ।इसलिए हम आज ओलावृष्टि से एवं बेमोसम बारिश से खेत मे मृत हुई फसलों का धूप, ध्यान अगरबत्ती लगाकर दो मिनीट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की व बारहवीं का कार्यक्रम किया।



## शामावि किलोदा में कक्षा आठवीं का भावविभोर विदाई एवं प्रेरणा समारोह संपन्न

**सारंगपुर।** समीपस्थ शासकीय माध्यमिक विद्यालय किलोदा में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा की ओर प्रस्थान के पावन अवसर पर एक भावपूर्ण, गरिमामय एवं प्रेरणास्पद विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्ना हुआ। यह आयोजन न केवल विदाई का क्षण था, बल्कि नवीन स्वप्नों, दृढ संकल्पों एवं उज्ज्वल भविष्य की आशाओं का मंगलोत्सव भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण स्नेह, आत्मीयता, उमंग और संस्कारों की सुगंध से सराबोर रहा। छात्र-छात्राओं ने अपनी स्मृतियों, अनुभवों एवं भावनाओं को शब्दों में पिरोते हुए विद्यालय जीवन के स्वर्णिम क्षणों को जीवंत कर दिया। वहीं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम, संयम एवं नैतिक मूल्यों की अमूल्य धरोहर सौंपते हुए उन्हें जीवन-पथ पर सतत अग्रसर रहने की प्रेरणा प्रदान की। समारोह में केक कटिंग के माध्यम से सामूहिक उल्लास एवं सौहार्द्र की सुंदर अभिव्यक्ति हुई, जिससे वातावरण उत्सवमय एवं आनंदमय बन उठा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास नागर ने कहा कि यह विदाई नहीं, अपितु आपकी उत्तम शिक्षा-यात्रा का नवीन अध्याय है, जहाँ से सफलता की नई कहानी प्रारंभ होगी।-अंततः समस्त विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के पथ पर निर्भीक, आत्मविश्वासी एवं लक्ष्यनिष्ठ होकर आगे बढने का आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुनहरे भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की गई।

### सारंगपुर में होटलों-रेस्टोरेंटों पर प्रशासन का जांच अभियान

## नायब तहसीलदार, आबकारी विभाग की कार्रवाई, दो प्रकरण बनाए, गैस सिलेंडर जब्त



**सारंगपुर।** सारंगपुर में स्थानीय प्रशासन ने होटलों और रेस्टोरेंटों पर व्यापक जांच अभियान चलाया। राजस्व विभाग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने शहरवासियों को अवैध शराब, अवैध गैस सिलेंडर पर कार्रवाई के उद्देश्य से यह कार्रवाई की। टीम ने शाम को विभिन्ना प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। दरअसल विशेष अभियान के तहत कलेक्टर राजगढ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा पान गृह एवं ढाबों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के कनक रेस्टोरेंट एवं धनगर ढाबा पर दबिश दे कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(छ) के तहत 2 प्रकरण कायम किए गए। उक्त कार्रवाई में राजस्व टीम नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया, इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नायब तहसीलदार चौहान ने बताया कि अमानक खाद्य पदार्थों की शिकायतें लगातार मिलती रहती हैं, जिन पर प्रशासन कार्रवाई करता है। घरेलु गैस सिलेंडर उपयोग से संबंधित संचालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत कथा एवं रुद्रयज्ञ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में ब्यावरा के समीप हासरोद में भोलेनाथ स्थान ब्लडी समस्त ग्रामवासियो के द्वारा आयोजित भागवत कथा एव रुद्रयज्ञ के चौथे दिवस कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नन्द के घर आनन्द भयो के साथ पूरा पांडाल झूम उठा। कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा कि सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान की प्राप्ति हो जाती है। ओर कहा कि अपने घर मे अपने माता पिता ओर बड़े बुजुर्गों की सेवा सम्मान हमेशा करना चाहिये एव उनके साथ बैठने का समय निकालो जिससे हमें उनके अनुभव और अच्छी शिक्षा मिल सके। यह कथा 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगी ग्रामवासियो के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को आने का अनुरोध किया।

## वयोवृद्ध प्रेमनारायण सक्सेना बड़ोदिया तालाब का देवलोक गमन



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में बड़ोदिया तालाब निवासी वयोवृद्ध प्रेमनारायण सक्सेना का देवलोक गमन हो गया है, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला राजगढ़ ने भगवान श्रीचित्रगुप्तजी से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में असीम शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की हैं। शवयात्रा भरतगढ़ कालोनी से मुक्तिधाम नरसिंहगढ़ पहुंची जहाँ पर उनके पुत्रों ने मुखाग्नि दी वही समाजबंधुओ एवं गणमान्य नागरिको ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतर्राज्यीय एमडी ड्रग्स निर्माण व तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

# 30 करोड़ के 21.510 किग्रा एमडी ड्रग्स और 309 किग्रा से अधिक रॉ मटेरियल जप्त

### गिरोह के सरगना सहित पाँच आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

जिला राजगढ़ में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शुद्धि के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, एसडीओपी खिलचीपुर डी.व्ही.एस.नागर के मार्गदर्शन में थाना माचलपुर पुलिस द्वारा लगातार सुनियोजित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर संचालित एमडी ड्रग्स निर्माण एवं तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया। थाना माचलपुर पुलिस द्वारा जिला झालावाड़ (राजस्थान) की जिला विशेष टीम से प्राप्त सूचना पर ग्राम गोघटपुर में दबिश दी जहाँ आरोपी रघुनंदन पाटीदार द्वारा एमडी ड्रग्स निर्माण किया आरोपी अंधेरे का लाभ लेकर फॉर्च्यूनर वाहन छोड़कर फरार हो गया। जिस पर थाना माचलपुर मे आरोपी रघुनंदन पाटीदार के खिलाफ अपराध क्रमांक 31/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया। मौके से लगभग 43 किलोग्राम रॉ मटेरियल, विभिन्न केमिकल एवं निर्माण उपकरण जप्त किए जिसकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ रुपये है। राजगढ पुलिस के डर से आरोपियों द्वारा जंगल में फेंके गए 266.900 किलोग्राम केमिकल जप्त



किया। थाना माचलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक चार पहिया वाहन से संदिग्ध ड्रम फेंके गए हैं। सूचना पर गुड्डू कुशवाह इंचार्ज थाना प्रभारी मय पुलिस बल मौके पर पहुचा जहाँ जंगल क्षेत्र में खेत की बनी खंती की तलाशी ली, जहाँ 05 प्लास्टिक ड्रम (कंटेनर) पड़े मिले। जिनमे एमडी ड्रग निर्माण मे उपयोग किये जाने वाला कैमिकल जिसका वजन (ड्रम सहित) 266.9 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 करोड़ रुपये जिस पर थाना माचलपुर मे अपराध क्रमांक 35/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

वाहन की पहचान एवं तीन आरोपी अभिरक्षा में लिया। पुलिस टीम द्वारा ग्राम आदमपुरा क्षेत्र में विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शा तैयार किया गया एवं स्थानीय व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पूछताछ में एक मारुति कार द्वारा संदिग्ध केमिकल ड्रम जंगल क्षेत्र में फेंकने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई। जांच के दौरान ग्राम रामगढ़ स्थित एक दुकान के सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। फुटेज में कार को आते-जाते देखा गया। उक्त सीसीटीवी रिकॉर्डिंग जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की।

वाहन संबंधी जानकारी प्राप्त करने पर उक्त कार ललित कुमार गुर्जर निवासी बरखेड़ा खुर्द, जिला झालावाड़ के नाम पर पंजीबद्ध है वाहन की तलाश के दौरान मुखबिर सूचना पर ब्राह्मणगांव क्षेत्र में संदिग्ध वाहन को घेराबंदी कर रोका। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया।

**इन्हें किया गिरफ्तार**

दिनेश गुर्जर पिता कालूलाल गुर्जर 30 बरखेड़ा खुर्द थाना बकानी, ललित गुर्जर पिता भगवान सिंह गुर्जर 26 बरखेड़ा खुर्द थाना बकानी,रामेश्वर गुर्जर पिता कैलाश गुर्जर 35 कोटरा राड़ी थाना बकानी को गिरफ्तार कर –घटना में प्रयुक्त कार को जप्त कर थाना लाया गया है।गिरफ्तार आरोपियों द्वारा बताया गया कि दीपक पिता भगवान गुर्जर ने उन्हें उक्त ड्रम जंगल क्षेत्र में फेंकने के लिए कहा था। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे ड्रम दीपक के अरनिया स्थित स्थान से लेकर आए थे 21.510 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जप्त गिरोह के सरगना गिरफ्तार किया 10.160 किलोग्राम दीपक गुर्जर से, 11.350 किलोग्राम रघुनंदन पाटीदार से कुल 21.510 किलोग्राम एमडी ड्रग्स की कुल कीमत 21 करोड़ रुपये जप्त की, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है एवं मादक पदार्थ निर्माण एवं सप्लाई नेटवर्क में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बड़नगर में एक दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर सम्पन्न

## मानव शरीर ईश्वर की सर्वोत्तम रचना है इसे स्वस्थ रखना हमारा प्रथम दायित्व-साध्वीजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज की कृपापात्र शिष्या साध्वी देवादिती जी के सानिध्य में गीता भवन में एक दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का सफल आयोजन किया गया।

साध्वी देवादिती जी ने कहा कि मानव शरीर ईश्वर की सर्वोत्तम रचना है और इसे स्वस्थ रखना हमारा प्रथम दायित्व है। योग के माध्यम से ही शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। यदि हम प्रतिदिन अपने लिए एक घंटा योग को समर्पित करें तो दिनभर अधिक ऊर्जा, एकाग्रता और कार्यक्षमता के साथ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश को स्वस्थ बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का स्वस्थ रहना आवश्यक है।



उन्होंने दैनिक दिनचर्या पर विशेष मार्गदर्शन देते हुए बताया कि प्रातः उठते ही हल्का गुनगुना पानी पीना लाभकारी है। दही और ककड़ी तथा दूध और सेवफल (सेब) का एक साथ सेवन नहीं करना चाहिए। प्राणायाम पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि इससे पेट एवं मस्तिष्क का संतुलन बना रहता है। प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा प्राणायाम अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर गीता भवन समिति अध्यक्ष श्री हरिकिशन मेलवानी, हिंदू पंचान समिति अध्यक्ष प्रेमचंद त्रिवेदी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श अनिता सतीश वर्मा,भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऊषा सोनी, भावना जोशी, हंसा अरविंद व्यास,राज्य संवाद प्रभारी पिस्ता यादव(महिला पतंजलि योग समिति,मध्यप्रदेश पश्चिम),मीना भावसार (महिला समिति रतलाम),जिला प्रभारी श्रुति पैठने,इंदौर से सुमन गुप्ता, राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी गुना,भारती शर्मा (कुंभराज),सरिता शर्मा,रिंकू सिंगोरिया,तृषा अग्रवाल,सुभाष गुप्ते सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की रूपरेखा अरविंद व्यास द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन ऊषा सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन माधुरी शर्मा द्वारा किया गया।

## शिव बारात, महारुद्राभिषेक और भजन संध्या होगी शिवरात्रि पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

15 फरवरी महाशिवरात्रि महापर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समितियों द्वारा विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर ली गई है। पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने के लिए मंदिरों में सजावट एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर के प्राचीन मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होंगे। प्रातःकाल महारुद्राभिषेक के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। दिन में महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठेगा। शाम को विश्राम गृह से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शिव बारात में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। मंदिर पहुंचने पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह उत्सव विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इसी प्रकार पंचदेवलिया महादेव मंदिर में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 11 बजे से मंदिर क्षेत्र की परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 बजे महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकार शिव भजनों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य शिव मंदिरों में भी दिनभर विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और पूरा नगर शिवमय होने को तैयार है।

## किसानों को संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने दी गई सलाह

**राजगढ़।** किसान कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में चलाये जा रहें कृषि रथ का ग्राम बडबेली विकासखण्ड नरसिंहगढ़ में आगमन हुआ। उप संचालक कृषि सचिन जैन, सहायक कृषि यंत्री शिवम रघुवंशी, वैज्ञानिक डॉ.ए.के. मिश्रा द्वारा किसानों को मुख्य रूप से जैविक एवं प्राकृतिक खेती क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय फसल विविधीकरण को बढावा, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, नरवाई प्रबंधन हेतु उन्नत कृषि यंत्रों सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्ट्रा रीपर, रीपर कम्बाईन्डर, हार्वेस्टर स्ट्रा मैनेजमेंट एस.एम.एस स्व चलित स्ट्रा रीपर के माध्यम से नरवाई प्रबंधक करने एवं नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी किसानों को दी गई।

# महाशिवरात्रि के स्वागत में शिवमय हुआ अंचल, शिवालयों में तैयारियों का दौर शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर नगर एवं समूचे अंचल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर इन दिनों भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक चेतना की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। देवाधिदेव महादेव की आराधना की इस परम पुण्य रात्रि के स्वागत में नगर के प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शिवालयों सहित क्षेत्र के समस्त मंदिरों में तैयारियों का दौर पूरे शिखर पर है। चारों ओर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा है, मानो स्वयं कैलाशपति अपनी दिव्य उपस्थिति से सारंगपुर की धरा को पावन कर रहे हों।

क्षेत्र के तीर्थ एवं नगर के ऐतिहासिक कपिलेश्वर धाम, तिलभांडेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव, वटकेश्वर महादेव, गुप्तेश्वर महादेव, चिंतामणेश्वर महादेव, सर्वकामनेश्वर महादेव सहित अंचल के असंख्य शिवालयों में विशेष श्रृंगार, भव्य सजावट एवं दिव्य प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। शिवलिंगों का अभिषेक गंगाजल, पंचामृत, दुग्ध, दधि, मधु, घृत एवं सुगंधित द्रव्यों से कर उन्हें बेलपत्र, आक, धतूरा, पुष्प एवं रुद्राक्ष की पावन छाया में अलंकृत किया जा रहा है। विद्युत झालरों की झिलमिलाहट और दीपमालाओं की रश्मियाँ शिवालयों को दिव्य लोक की अनुभूति प्रदान कर रही हैं। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नगर एवं क्षेत्र के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, शिवमहापुराण कथा, अखंड हरिकीर्तन, भजन संध्या, रात्रि जागरण एवं चार प्रहर पूजन जैसे विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की भव्य रूपरेखा तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की अपार भीड को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर समितियों द्वारा दर्शन व्यवस्था, कतार प्रणाली, जलपान, चिकित्सा सहायता एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक संस्थाएँ एवं युवा मंडल सेवा भाव से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। नगर



के बाजार भी शिवभक्ति के रंग में रंगे दिखाई दे रहे हैं। बेलपत्र, रुद्राक्ष, भस्म, गंगाजल, पुष्पमालाएँ, धूप-दीप और पूजन सामग्री से सजी दुकानों पर श्रद्धालुओं की निरंतर चहल-पहल बनी हुई है। खेडापति हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं पवन पारीक ने बताया कि हर ओर शिव स्तुतियों का मधुर निनाद, डमरुओं की गूंज और भक्ति गीतों की स्वर लहरियाँ वातावरण को आध्यात्मिक रस से सराबोर कर रही हैं। महाशिवरात्रि की यह पावन बेला केवल एक पर्व नहीं, अपितु आत्मशुद्धि, साधना और संयम का महोत्सव है। उपवास, रात्रि जागरण और निरंतर जप-स्मरण के माध्यम से शिवभक्त अपने अंतः करण को पवित्र कर शिवतत्त्व से एकात्म होने का संकल्प लेते हैं। मान्यता है कि इस दिव्य रात्रि में की गई उपासना से जन्म-जन्मांतर के संस्कारों का परिष्कार होता है और जीवन में सुख, शांति, समृद्धि तथा मोक्ष का पथ प्रशस्त होता है। सारंगपुर नगर एवं अंचल में व्याप्त यह शिवमय वातावरण हर जनमानस को श्रद्धा, भक्ति और सेवा की भावना से ओतप्रोत कर रहा है। यह पर्व सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक उन्नायन का अनुपम उदाहरण बनकर नगर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोडने जा रहा है।

इसी प्रकार श्री चिंता मानेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा निरंतर चल रहे विकास कार्य प्रगति पर है। समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी ने बताया कि वर्तमान में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर रंग रोगन एवं सुंदरीकरण एवं परिसर भव्यता का कार्य अत्यंत आवश्यक है श्री सोनी ने बताया श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थित शेड निर्माण, तैयार हो चुका हैं जिसका उपयोग भी किया जा रहा है। मंदिर के आकर्षण रंग रोगन हेतु ठेका दिया जाकर पुताई कार्य शुरू हो चुका है, विश्व प्रसिद्ध उज्जैन सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए अन्य सुविधाओं को लेकर भी समिति का प्लान है जो जन सहयोग से ही संभव होगा। यह सारंगपुर ऐतिहासिक नगरी है अच्छे कार्य करने वाले श्रद्धालुओं की भी कमी नहीं है। जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने यह भी बताया नगर के समाजसेवी अनूप चौधरी द्वारा महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए सुविधा घर शौचालय एवं स्नानागार, पेशाब घर कुल 8 बनकर अंतिम चरण पर है जिसमें आवश्यकता पडने पर अन्य लोगों से भी आर्थिक जनसंयोग समिति को प्राप्त हुआ है। त्रिकार ने बताया इसी परिसर में स्थित श्री चिंता हरण हनुमान मंदिर के रंग रोगन का कार्य भी समाजसेवी रवि राठौर द्वारा उनके पिता की स्मृति में आर्थिक सहयोग से चल रहा है। श्रद्धालुओं से समिति का अनुरोध है कृपया मुक्त हस्त से इन कार्यों में तन मन धन से सहयोग करें। श्री सोनी ने दानदाताओं से अपेक्षा की है कि वे किए गए कार्य का भी अवलोकन करें कि आपके द्वारा दी गई राशि का सही सदुपयोग हो रहा है। यहां दानदाताओं के समुचित सुझाव स्वागत एवं स्वीकार्य हैं। उन्होंने दानदाताओं से अपील है।



## आर्यसमाज में स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

### यज्ञ, सतसंग, भजन, वेद कथा का आयोजन

**बड़नगर।** आर्य समाज में स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ देव पूजा, यज्ञ, सतसंग, भजन, वेद कथा का आयोजन रखा गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। यज्ञ में आर्यसमाज के पूर्व प्रधान बालकृष्ण पोरवाल यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। आर्यसमाज के अध्यक्ष सतीश चन्द्र ओझा भी उपस्थित रहे। यज्ञ के ब्रह्म पंडित श्री नाथुलाल शर्मा ने दयानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। यज्ञ में लोकेंद्र चांदीवाला, माणकलाल राठोड़, जमनालाल जाट, रमेश राठोड़, सरिता यादव, राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे। जानकारी दीपक टेपन ने दी।

## चतुर्थी के दिन निकलेगी विशाल फाग यात्रा



**बड़नगर।** हिंदू उत्सव समिति के बैनर तले प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल राधा कृष्ण फाग यात्रा आयोजित की जाना है जो रंग पंचमी के एक दिन पूर्व दिनांक 7 मार्च शनिवार को शिवाजी रोड से निकलेगी। निकलने वाली फाग यात्रा को लेकर विगत दिवस गीता भवन में एक चयनित कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें फाग यात्रा को लेकर कार्य योजना बनाई और नगर के सभी महिला पुरुषों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया है।

## महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित




**सुसनेर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ. जी.सी. गुप्ता के निर्देशन में राष्ट्रीय कार्य बल के अंतर्गत तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 24 मार्च 2025 को दिए गए निर्णय के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के निराकरण एवं आत्महत्या की घटनाओं की रोकथाम के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस. रवींद्र भट्ट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्य बल का गठन किया गया है। इसी क्रम में महाविद्यालय में यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में एनटीएफ नोडल अधिकारी आकांक्षा श्रीवास्तव ने तनाव के कारण, उसके दुष्प्रभाव तथा प्रभावी प्रबंधन के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, संवाद एवं परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन काशीराम प्रजापति द्वारा किया गया तथा अंत में लविश जैन ने आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही।



## सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- वायुमंडलीय दबाव मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?
उत्तरः बैरोमीटर
- विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है?
उत्तरः एशिया
- विद्युत बल्ब का आविष्कारक कौन है?
उत्तरः थॉमस अल्वा एडिसन
- नोबेल पुरस्कार किसकी स्मृति में दिया जाता है?
उत्तरः अल्फ्रेड नोबेल
- अंतरिक्ष में जाने वाली पहली महिला कौन है?
उत्तरः वेलेंटीना टेरेश्कोवा
- एचसीएल क्या है?
उत्तरः हाइड्रोक्लोरिक एसिड
- चीन की मुद्रा क्या है?
उत्तरः रेनमिनबी
- किस जगह को दुनिया की छत के नाम से जाना जाता है?
उत्तर - तिब्बत
- हमारे वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौनसी गैस पाई जाती है?
उत्तर - नाइट्रोजन (78.09%)
- जंगल का राजा कौन है?
उत्तर - शेर
- चिड़िया कहां रहती है?
उत्तर - घोसले में
- बकरी के कितने पैर होते हैं?
उत्तर - 4
- जल की रानी कौन है?
उत्तर - मछली
- हमें स्वाद किससे पता चलता है?
उत्तर - जीभ से

# न्यू स्किल्स को सीखने में मदद करेंगे ये टिप्स एंड ट्रिक्स

जिन्दगी में हर व्यक्ति हमेशा आगे ही बढ़ना चाहता है और तरक्की के पथ पर हरदम अग्रसर होने का एकमात्र माध्यम है कि आप हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखते रहें। न्यू स्किल्स आपको एक बेहतर इंसान बनाने में मदद करते हैं। साथ ही पर्सनली व प्रोफेशनली लेवल पर भी फायदा पहुंचाते हैं। हालांकि, ऐसे कई लोग होते हैं जो तरक्की तो पाना चाहते हैं, लेकिन न्यू स्किल्स को सीखने में उन्हें समस्या होती है, जिसके कारण वह या तो उसे शुरू ही नहीं करते या फिर बीच में छोड़ देते हैं।

इससे उन्हें काफी निराशा भी होती है, क्योंकि उनकी जिन्दगी हमेशा की तरह एक ही ढर्रे पर चलती रहती है। हो सकता है कि आप भी न्यू स्किल्स को सीखकर अपनी जिन्दगी में सफलता की नई उंचाईयों को छूना चाहते हों, लेकिन आपको इसमें समस्या हो रही हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको न्यू स्किल्स सीखने में आपकी मदद करेंगे-

### चुनें सही स्किल

जब बात न्यू स्किल्स को सीखने की होती है तो आपके पास यकीनन पूरा आसमान है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन दुनिया में आपके पास न्यू स्किल्स को सीखने की कोई कमी नहीं है। हालांकि, यह देखने में आता है कि हम दूसरों की अचीवमेंट से इंप्रेस होकर उन्हीं स्किल्स को सीखना शुरू कर देते हैं। लेकिन हो सकता है कि वह फील्ड आपके लिए हो ही नहीं। इसलिए जब आप न्यू स्किल्स को सीख रहे हैं तो सबसे पहले अपनी हॉबीज पर फोकस करें या फिर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से मिलते-जुलते किसी स्किल को सीखने का प्रयास करें। इसमें आपको सीखने में मजा भी आएगा और यह अपेक्षाकृत आसान भी होगा, क्योंकि आप पहले से ही इससे कहीं ना कहीं वाकिफ होंगे।

### समय नहीं बनेगा बाधा

अधिकतर जब लोग न्यू स्किल्स सीखना शुरू करते हैं तो वह उसे बीच में ही छोड़ देते हैं और उनका एक ही जवाब होता है कि वह इतना समय ही नहीं निकाल पाते हैं। वास्तव में समस्या समय की कमी नहीं है, बल्कि उसे सही तरह से मैनेज करने की है। अगर आप सच में कुछ नया सीखना चाहते हैं तो सबसे पहले टाइम मैनेजमेंट करें। आप एक समय को सुनिश्चित करें, जिसे आप पूरी तरह से इसके लिए ही डेडीकेट करेंगे। याद रखें कि आपको अधिक समय देने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अपने काम को लेकर रेग्युलर होने की जरूरत है।



### छोटे गोल्स बिग अचीवमेंट

अगर आप सच में न्यू स्किल्स को बेहतर तरीके से सीखनाचाहते हैं तो इसके लिए स्टेप बॉय स्टेप चलने का प्रयास करें, क्योंकि यह आपको मोटि-वेट करने में भी मदद करता है। जब आप न्यू स्किल्स सीख रहे हैं तो उसमें एकदम से एक्सपर्ट होने की कोशिश ना करें। बल्कि आप अपने लिए कुछ छोटे गोल्स सेट करें। जब गोल्स शुरुआत में छोटे होंगे तो उन्हें अचीव करना भी आसान होगा। इस तरह आप खुद को प्रोग्रेस करते देखेंगे और आपके मन में हमेशा एक उत्साह व सकारात्मकता बनी रहेगी।

### खुद का करें आकलन

जब भी आप न्यू स्किल्स सीखते हैं और आपको उसे सीखने व समझने में कठिनाई होती है तो अधिकतर लोग झुंझलाकर उसे छोड़ देते हैं। लेकिन अगर आप उसे वास्तव में सीखना चाहते हैं तो खुद का आकलन करने की आदत भी डालें। मसलन, अगर आपको समस्या हो रही है तो यह समझने का प्रयास करें कि ऐसा क्या है, जिससे आपको कठिनाई हो रही है। जब आप ऑब्सटेकल्स के बारे में जान जाएंगे तो उन्हें दूर करने का तरीका भी मिल ही जाएगा। इसलिए समाधान से पहले समस्या को जानना आवश्यक है।


### एक समय में एक ही स्किल

कई बार ऐसा भी होता है कि लोग एक ही समय में कई नई चीजें सीखना शुरू कर देते हैं। यह सुनने में भले ही काफी अट्रैक्टिव लगे, लेकिन वास्तव में समस्या की जड़ बन जाता है। दरअसल, हर नई चीज समय मांगती है। साथ ही साथ सिर्फ सीख लेने से कुछ नहीं होता, बल्कि आपको उसकी प्रैक्टिस भी करनी होती है। ऐसे में अगर आप कई स्किल्स को एक साथ सीखते हैं तो आप वास्तव में किसी भी स्किल को बेहतर तरीके से नहीं समझ व सीख पाते हैं। इसलिए, अगर आप खुद को किसी न्यू स्किल में निपुण बनाना चाहते हैं तो एक समय में केवल एक ही स्किल पर फोकस करें।

### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



# Sport

टी20 विश्वकप 2026 में बड़ा उलटफेर हुआ, जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने 169 रन बनाए, जवाब में ऑस्ट्रेलिया 146 पर सिमट गई। टी20 विश्वकप टूनार्मेंट में जिम्बाब्वे का कंगारुओं पर अजेय रिकॉर्ड कायम है।

## बड़ा उलटफेर: जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया, 170 चेज नहीं कर सके कंगारू



**कोलंबो।** टी20 विश्वकप 2026 का पहला बड़ा उलटफेर हो चुका है। जिम्बाब्वे ने इस संस्करण के 19वें मुकाबले में 2021 की टी20 विश्वकप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी पारी 19.3 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। यह जिम्बाब्वे टीम की ऑस्ट्रेलिया पर टी20 में दूसरी जीत है। इससे पहले जिम्बाब्वे ने 2007 टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था। दोनों के बीच अब तक चार बार आमना-सामना हुआ है। इसमें से दो बार ऑस्ट्रेलियाई टीम और दो बार जिम्बाब्वे की टीम जीती है। सिकंदर रजा की टीम का टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड है। यानी अब तक कंगारू जिम्बाब्वे की टीम को इस टूनामेंट में हरा नहीं पाए हैं।

साथ ही ग्रुप-बी में भी सुपर-8 में पहुंचने की जंग दिलचस्प हो चली है। इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया पर सुपर-8 की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। उसे अब अपने सभी मैच जीतने होंगे। एक हार उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। फिलहाल ग्रुप-बी में श्रीलंका दो मैचों में दो जीत और चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। वहीं, जिम्बाब्वे के भी दो मैचों के बाद चार अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया के दो मैचों के बाद दो अंक हैं। टीम तीसरे स्थान पर है। आयरलैंड और ओमान का खाता नहीं खुला है और टीम क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर है। अब ऑस्ट्रेलिया को अगला मैच श्रीलंका से खेलना है और अगर हारे तो बाहर हो जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया को अब मनाना है कि जिम्बाब्वे या श्रीलंका एक-एक मैच हारे और कंगारू अपने बाकी सभी मैच बड़े अंतर से जीतें।

### जिम्बाब्वे की पारी: 169/2 (20)

जिम्बाब्वे को पहला झटका आठवें ओवर में 61 के स्कोर पर लगा। मार्कस स्टोइनिस ने तादिवानाशे मरुमानी को जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। उन्होंने 21 गेंद में सात चौके की मदद से 35 रन बनाए। जिम्बाब्वे को दूसरा झटका रेयान बर्ल के रूप में लगा। वह 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। बर्ल ने 30 गेंद में चार चौके की मदद से 35 रन बनाए। बर्ल को कैमरन ग्रीन ने पवेलियन भेजा। ब्रायन बेनेट 56 गेंद में सात चौके की मदद से 64 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, कप्तान सिकंदर रजा ने भी 13 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में नाबाद 38 रन की साझेदारी की।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी: 146/10 (19.3)

जोश इंग्लिस आठ रन बनाकर आउट हुए, जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता नहीं खोल सके। ब्लेसिंग मुजरबानी ने इंग्लिस और डेविड को आउट किया।

वहीं, ब्रैड इवेंस ने ग्रीन को पवेलियन भेजा। कप्तान ट्रेविस हेड को ब्रैड इवेंस ने बोल्ड किया। वह 15 गेंद में तीन चौके की मदद से 17 रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया ने 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

इसके बाद ग्लेन मैक्सवेल ने मैट रेनशॉ के साथ पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी निभाई। मैक्सवेल 32 गेंद में एक चौका और एक छक्के की मदद से 31 रन बना सके।

मैक्सवेल को बर्ल ने बोल्ड किया। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस मसाकादजा का शिकार बने। वह चार गें में छह रन बना सके।

बेन ड्वारशुइस को ब्रैड इवांस ने कैच आउट कराया। बाउंड्री लाइन पर टोनी ने क्या गजब का कैच लपका। उन्होंने हवा में डाइव लगाकर कैच लपका। ड्वारशुइस छह रन बना सके।

इसके बाद मुजरबानी ने मैट रेनशॉ को बर्ल के हाथों कैच कराया। वह 44 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए।

मुजरबानी ने इसके बाद एडम जैम्पा को क्लीन बोल्ड किया। वह दो रन बना सके। कुहनेमैन के रन आउट होते ही जिम्बाब्वे ने इतिहास रच दिया।

जिम्बाब्वे की ओर से मुजरबानी ने चार और इवांस ने तीन विकेट झटके। मसाकदजा और बर्ल को एक-एक विकेट मिला।

## यूएई ने खोला जीत का खाता, आर्यंश-सोहेब के दम पर कनाडा को हराया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज आर्यंश शर्मा और सोहेब खान के अर्धशतकों की मदद से यूएई ने ग्रुप डी के मुकाबले में कनाडा को हराकर टी20 विश्व कप में जीत का खाता खोला। कनाडा ने हर्ष ठाकेर के अर्धशतक के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में यूएई ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 151 रन बनाकर मैच जीत लिया। यूएई की जीत में आर्यंश और सोहेब का योगदान अहम रहा।

### अफगानिस्तान से आगे निकला यूएई

यूएई की जीत से ग्रुप डी की अंक तालिका में बड़ा फेरबदल हुआ है। यूएई की टीम अफगानिस्तान से आगे निकल गई है जिससे सुपर आठ चरण की दौड़ दिलचस्प हो गई है। यूएई की टीम तीसरे स्थान पर है, जबकि अफगानिस्तान की टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है और उसके लिए अगले दौर में पहुंचना कठिन होता जा रहा है। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड की टीम दोनों मैच जीतकर शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे स्थान पर है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की पारी एक समय लड़खड़ा गई थी और उसके लिए स्कोर चेज कर पाना मुश्किल लग रहा था। यूएई ने 66 रन के स्कोर पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद आर्यंश और सोहेब के बीच पांचवें विकेट के लिए 42 गेंदों पर 84 रनों की साझेदारी हुई जिससे यूएई वापसी करने में सफल रहा। यूएई को आखिरी ओवर में जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। पहली गेंद पर आर्यंश ने छक्का लगाया, जबकि दूसरी गेंद पर एक रन लिया। तीसरी गेंद पर सोहेब अपना विकेट गंवा बैठे। सोहेब 29 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए।

यूएई की टीम हालांकि, जीत दर्ज करने में सफल रही और आर्यंश नाबाद पवेलियन लौटे। आर्यंश ने 53 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 74 रन बनाए। आर्यंश और सोहेब के अलावा अलीशान शराफु ने पांच, हर्षित कौशिक ने पांच, मोहम्मद वसीम ने चार और मयंक कुमार ने चार रनों का योगदान दिया। कनाडा के लिए साद बिन जफर ने तीन विकेट झटके, जबकि कलीम सना और जसकरण सिंह को एक-एक विकेट मिला।

## आईपीएल सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स को मिला नया कप्तान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स को नया कप्तान मिल गया है। राजस्थान फ्रेंचाइजी ने रियान पराग को टीम की जिम्मेदारी सौंपी है। रियान संजू सैमसन की जगह टीम की कमान संभालेंगे। सैमसन अब इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलेंगे। राजस्थान ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये नए कप्तान की घोषणा की है।

**कोर ग्रुप से चुना कप्तानः** राजस्थान ने आईपीएल 2026 के लिए हुई मिनी नीलामी से पहले सैमसन को सीएसके में ट्रेड किया था और उनकी जगह सैम करन और रवींद्र जडेजा को टीम में शामिल किया था। राजस्थान के पास कप्तान के विकल्प के तौर पर जडेजा शामिल थे, लेकिन फ्रेंचाइजी ने कोर ग्रुप से ही कप्तान चुना। रियान पिछले कुछ वर्षों से लगातार राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और पिछले सीजन जब सैमसन चोट के कारण मैच नहीं खेल पा रहे थे तो रियान ने ही टीम की कमान संभाली थी।

**पहले भी कप्तानी कर चुके हैं रियानः** रियान ने इससे पहले भी टीम की कमान संभाली है। पिछले सीजन सैमसन आठ मैचों में नहीं खेल सके थे और उनकी अनुपस्थिति में रियान ने ही टीम की कमान संभाली थी। हालांकि, रियान का कप्तान के तौर पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था क्योंकि उनकी अगुआई में टीम ने आठ में से दो ही मुकाबले जीते थे।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### क्लासमेट के कमरे से एमबीए छात्रा का शव नग्न अवस्था में मिला

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की अंकल गली स्थित एक मकान से 25 वर्षीय लापता छात्रा का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना मिलते एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। युवती का शव नग्न अवस्था में मिला है, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। जिस कमरे से शव मिला है, वह उसके क्लासमेट मंदसौर निवासी पीयूष धनोतिया का किराए का कमरा बताया जा रहा है। दोनों सावेर रोड स्थित एक संस्थान से एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। जानकारी के अनुसार युवती 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड ठीक करवाने की बात कहकर पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से उसने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है और रात 11 बजे तक लौट आएगी। बहन ने कहा कि वह यह बात खुद पिता को बता दे। इसके बाद युवती घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल भी बंद हो गया।

### पॉक्सो एक्ट में भी आरोपी रह चुका है वेदांत, नाबालिग ने कराई थी एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के अन्नपूर्णा थाना में भी वेदांत तिवारी पर पॉक्सो एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में कार्रवाई हो चुकी है। उस पर एक लड़की ने गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद भी उसे मंडल में उपाध्यक्ष का पद दिया गया। राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते उसने पीड़ित युवकों पर क्रॉस एफआईआर भी लिखा दी। राऊ थाना इलाके में रविवार अलसुबह वेदांत पुत्र राजेश तिवारी निवासी सुदामा नगर ई सेक्टर और उसके दो साथियों ने मिलकर प्रखर और नयन पर हमला कर दिया था। बाद में वेदांत ने दोनों पर भी आरोप लगाए थे। प्रखर और उसके परिवार ने आरोप लगाया कि वेदांत आदतन अपराधी है। उस पर जाति सूचक शब्द,पॉस्को एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओ में एफआईआर हो चुकी है। इस दौरान भी वेंदात राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण बच गया था। वेदांत के साथ इस अपराध में उसके दो दोस्त अनुराग और दिवांशु भी थे। आरोपियो ने कोचिंग जाते समय 13 साल की लड़की को रात में रोका था। वह उस समय स्टेशनरी की दुकान से वापस आ रही थी। तब अनुराग ने हाथ पकड़ा आरोपियों ने टीशर्ट पकड़कर कपड़ों को खींचा। वहीं जब बचाने भाई आया तो उसके साथ मारपीट की थी। बाद में पीड़िता ने थाने जाकर परिवार के साथ एफआईआर दर्ज कराई थी। दोनों के परिवार ने कहा कि उनके बच्चों को चोट आई है। जबकि वेदांत ने जो आरोप लगाए हैं उसमें उसे कहीं भी चोट नहीं है। वह अपनी गाड़ी पर पथराव करने की बात करते हुए झूठी एफआईआर लिखाने गया था। इस मामले में प्रखर और नयन के परिवार के लोगों ने डीसीपी ने भी शिकायत की है।

# डीएवीवी खोलेगी मेडिकल कॉलेज

## सरकार से मिला ग्रीन सिग्नल, विश्वविद्यालय ने एनएमसी को भेजा आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के खुद के मेडिकल कॉलेज का 25 साल पुराना सपना अब हकीकत में बदलने जा रहा है। राज्य सरकार ने इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को 'ग्रीन सिग्नल' देते हुए इसेंसिएलिटी सर्टिफिकेट (अनिवार्यता प्रमाण पत्र) जारी कर दिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने नेशनल मेडिकल काउंसिल के पास आवेदन जमा कर दिया है।

इंदौर के छोटा बांगड़दा में 2001 से यह प्रोजेक्ट जमीन की कमी के कारण अटका था। इंदौर में यूनिवर्सिटी के पास पहले 50 एकड़ जमीन थी, जो अब घटकर मात्र 12 एकड़ रह गई है। यह मेडिकल कॉलेज के मानकों के लिए काफी कम है। कुलपति प्रो. राकेश सिंघई की पहल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की रुचि के बाद इसे झाबुआ शिफ्ट किया गया, ताकि पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर इलाज और शिक्षा पहुंच सके। यूनिवर्सिटी प्रशासन की कोशिश है कि अगले शैक्षणिक सत्र से ही एमबीबीएस की सीटें आवंटित हो जाएं। झाबुआ स्थित आरजीपीवी के यूआईटी भवन में कॉलेज शुरू होगा। इसके लिए आरजीपीवी को 60 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति दी जाएगी। आगे चलकर 100 एकड़ जमीन पर विशाल कैंपस विकसित किया जाएगा।

एमबीबीएस के बाद यहां बीडीएस, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी के कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। कुलपति प्रो. राकेश सिंघई के अनुसार, इस कॉलेज के खुलने से जिला अस्पतालों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और आधुनिक संसाधन मिलेंगे। कॉलेज और अस्पताल के कारण क्षेत्र में बाजार और रोजगार की नई संभावनाएं पैदा होंगी। आदिवासी अंचल के मेधावी छात्र अपने ही क्षेत्र में रहकर डॉक्टर बन सकेंगे।



### इंदौर की जमीन का क्या होगा?

इंदौर के छोटा बांगड़दा की 12 एकड़ जमीन को लेकर पेंच अभी फंसा हुआ है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह जमीन केवल चिकित्सा शिक्षा के लिए आरक्षित है। ऐसे में वहां बी.आर्क या बी.डिजाइन जैसे नए कोर्स शुरू करने के लिए यूनिवर्सिटी को फिर से सरकार से विशेष अनुमति लेनी होगी।

# दो साल की बच्ची की सड़क हादसे में मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के निपानिया में रहने वाली दो साल की एक बच्ची की सड़क हादसे में मौत हो गई। एमवाय अस्पताल में बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों का कहना था कि उसका कार से एक्सीडेंट हुआ है, जबकि पुलिस को शुरूआत में बच्ची के साथ गलत होने की आशंका थी। हालांकि, एक सीसीटीवी फुटेज में एक्सीडेंट की पुष्टि हो गई, जिसके बाद पिता और उनके दोस्त को छोड़ दिया गया। लसूडिया थाना क्षेत्र की कृष्ण विहार कॉलोनी से बच्ची के परिजन उसे मृत अवस्था में एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां से पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि बच्ची खेलते हुए बाहर आ गई थी, तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी।

# नारियल विक्रेता ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर इलाके में रहने वाले एक फल विक्रेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी गुरुवार रात करीब 3 बजे परिजनों को लगी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान दिनेश (30) पुत्र मोतीलाल निवासी तापती परिसर के रूप में हुई है। वह घर में अकेला रहता था और नारियल पानी बेचने का काम करता था। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसका पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था और पत्नी पिछले दो वर्षों से मायके में रह रही थी। गुरुवार को भी दोनों के बीच बातचीत हुई थी।

बताया जा रहा है कि दिनेश के अन्य परिजन पास ही रहते हैं, जबकि उसके दो बच्चे (एक बेटा और एक बेटी) मूसाखेड़ी में नाना-नानी के साथ रहते हैं।

परिवार का आरोप है कि दिनेश की पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति से संबंध था, जिसके कारण वह घर छोड़कर चली गई थी। परिजनों का यह भी कहना है कि वह दिनेश को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम के दौरान ससुराल पक्ष का कोई सदस्य जिला अस्पताल नहीं पहुंचा।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 10वीं पास
सैलरी :- 13000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है
2 पद : सैलरी 9000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपुरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 17/02/2026 मंगलवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी
बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
- Marketing Manager
- Merketing Executive
- Sales Executive
- Team Leader
- Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मेटेरियल के पास, सोनी पेट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर | हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com